# ज्ञानशौर्यम्

ISSN : 2582-0095

Peer Reviewed and Refereed International Scientific Research Journal

Website : http://gisrrj.com

# GYANSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

Volume 3, Issue 4, July-August-2020

Email : editor@gisrrj.com Website : http://gisrrj.com

# ज्ञानशौर्यम्

**Gyanshauryam**
**International Scientific Refereed Research Journal**

**Volume 3, Issue 4, July-August-2020**

**[ Frequency: Bimonthly ]**

## ISSN : 2582-0095

Peer Reviewed and Refereed International Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

# Editorial Board

## Advisory Board


- **Prof. Radhavallabh Tripathi**
  Ex-Vice Chancellor, Central Sanskrit University, New Delhi, India
- **Prof. B. K. Dalai**
  Director and Head. (Ex) Centre of Advanced Study in Sanskrit. S P Pune University, Pune, Maharashtra, India
- **Prof. Divakar Mohanty**
  Professor in Sanskrit, Centre of Advanced Study in Sanskrit ( C. A. S. S.), Savitribai Phule Pune University, Ganeshkhind, Pune, Maharashtra, India
- **Prof. Ramakant Pandey**
  Director, Central Sanskrit University,Bhopal Campus.Madhya Pradesh, India
- **Prof. Kaushalendra Pandey**
  Head of Department, Department of Sahitya, Faculty of Sanskrit Vidya Dharma Vigyan, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Prof. Dinesh P Rasal**
  Professor, Department of Sanskrit and Prakrit, Savitribai Phule Pune University, Pune, Maharashtra, India
- **Prof. Parag B Joshi**
  Professor & OsD to VC, Department of Sanskrit Language & Literature, HoD, Modern Language Department, Coordinator, IQAC, Director, School of Shastric Learning, Coordinator, research Course, KKSU, Ramtek, Nagpur, India
- **Prof. Sukanta Kumar Senapati**
  Director, C.S.U., Eklavya Campus, Agartala, Central Sanskrit University,Janakpuri, New Delhi, India
- **Prof. Sadashiv Kumar Dwivedi**
  Professor, Department of Sanskrit, Faculty of Arts, Coordinator, Bharat adhyayan kendra, Banaras Hindu University, Varanasi Uttar Pradesh, India
- **Prof. Manoj Mishra**
  Professor, Head of the Department, Department of Vedas, Central Sanskrit University, Ganganath Jha Campus, Azad Park, Prayagraj, Uttar Pradesh, India
- **Prof. Ramnarayan Dwivedi**
  Head, Department of Vyakarana Faculty of Sanskrit Vidya Dharma Vigyan, BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Prof. Ram Kishore Tripathi**
  Head, Department of Vedanta, Sampurnanand Sanskrit University, Varanasi, Uttar Pradesh, India

---

## Editor-In-Chief

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

## Senior Editor

- **Dr. Pankaj Kumar Vyas**
  Associate Professor, Department- Vyakarana, National Sanskrit University (A central University), Tirupati, India

---

## Associate Editor

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Prof. Daya Shankar Tiwary**
  Department of Sanskrit, Delhi University, Delhi, India
- **Prof. Satyapal Singh**
  Department of Sanskrit, Delhi University, Delhi, India
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

## Editors

- **Dr. Suneel Kumar Sharma**
  Assistant Professor Department of Education, Shri Lalbahadur Shastri National Sanskrit University (Central University) New Delhi, India
- **Dr. Rajesh Sarkar**
  Assistant Professor, Department of Sanskrit, Faculty of Arts, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India
- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Associate Professor & Head of Department, Department of Computer Engineering, Sigma University, Vadodara, Gujarat

## Assistant Editors

- **Dr. Shivanand Shukla**
  Assistant Professor in Sahitya, Government Sanskrit College, Patna, Bihar, India |Constituent Unit : Kameshwar Singh Darbhanga Sanskrit University, Bihar, India
- **Dr. Shalendra Kumar Sahu**
  Assistant Professor, Department of Sahitya Faculty of S.V.D.V, Banaras Hindu University (BHU) Varansi,Uttar Pradesh, India

## International Editorial Board

- **Vincent Odongo Madadi**
  Department of Chemistry, College of Biological and Physical Sciences, University of Nairobi, P. O. Box, 30197-00100, Nairobi, Kenya
- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia

- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator
  Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom

- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia

- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE

---

## Editorial Board

- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India

- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India

- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India

- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Vimalendu Kumar Tripathi**
  Lecturer +2 High School, Bengabad, Giridih, Jharkhand, India

# CONTENT


| SR. NO | ARTICLE/PAPER | PAGE NO |
|---|---|---|
| 1 | **शक्तिविमर्शः**<br>राजेश मण्डल | 01-11 |
| 2 | **महाकवि कालिदास के काव्यों में भक्तितत्व**<br>डॉ. अनिता सेनगुप्ता | 12-15 |
| 3 | **प्राचीन भारतीय साहित्य में वर्णित मानवीय मूल्यों का समाजिक संदर्भ**<br>ओम प्रकाश सिंह यादव | 16-20 |
| 4 | **भट्टिकाव्ये द्वितीये सर्गे लुङ्.लकारस्य प्रयोगः**<br>श्रावणी मान्ना | 21-30 |
| 5 | **हिन्दी साहित्य में उपन्यास विधा का उद्भव एवं विकास**<br>इन्दुबाला यदुवंशी | 31-39 |
| 6 | **किरातार्जुनीय और शिशुपाल की संक्षिप्त कथा: एक अध्ययन**<br>डॉ. ज्योति | 40-43 |
| 7 | **हठयोगप्रदीपिका में वस्तिकर्म की विधि एवं उसका महत्व**<br>मनमोहन कुमार | 44-54 |
| 8 | **म्हिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों का अध्ययनः**<br>डॉ. रीता कुमारी | 55-59 |
| 9 | **भारत में महिलाओं की स्थिति: अतीत और वर्तमान**<br>डॉ. कामिनी कुमारी | 60-63 |
| 10 | **काव्यप्रकाशे शब्दालङ्काराः**<br>नर्मदा बेहेरा | 64-67 |
| 11 | **आधुनिक परिप्रेक्ष्य में योग की स्वास्थ्य विषयक अवधारणा**<br>डॉ. उमाकान्त यादव | 68-75 |
| 12 | **रवीन्द्रनाथ टैगोर के साहित्य में स्त्री, समाज और राष्ट्र**<br>डॉ. रुचि पाण्डेय | 76-78 |
| 13 | **21 वीं सदी के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक हेतु अपेक्षित दक्षताएँ**<br>ममता | 79-83 |

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# शक्तिविमर्शः



**राजेश मण्डल**

**शोधच्छात्रः ,व्याकरणविभागः,**

**राष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः, तिरुपतिः**

**सारांशः-** नैयायिकानां मते मुख्या जघन्या चेति द्विविधा वृत्तिः। आलङ्कारिकैः अभिधा लक्षणा व्यञ्जना भेदेन तिस्रः वृत्तयः स्वीक्रियन्ते। यद्यपि प्राचीनवैयाकरणाः सर्वेषां शब्दानां सर्वार्थवाचकत्वस्याङ्गीकारात् लक्षणाख्यवृत्त्यन्तरस्वीकारो व्यर्थः इति प्रतिपादयन्ति तथापि नव्यानां मञ्जुषादिग्रन्थेषु तिसृणां वृत्तीनां गहनातिगहनो विचारो दृश्यते। नागेशेन वृत्तिस्त्रिधा शक्तिर्लक्षणा व्यञ्जना चेति स्वकीयवैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषायां प्रतिपादितम्। तत्र विद्यमाना शक्तिः इत्यस्याः विचारः मया सुकुमारमतिना विचारितः।

**मुख्यशब्दः –** सम्बन्धः, वृत्तिः, अभिधा, लक्षणा, व्यञ्जना, शक्तिः।

पदपदार्थयोः सम्बन्धः वृत्तिरिति उक्ता। सा च केषाञ्चिन्मते शक्तिलक्षणान्यतररूपा, शक्तिलक्षणाव्यञ्जनान्यतमरूपा च। तत्र का नाम शक्तिरिति जिज्ञासायां अत्रोच्यते शक्तिर्नाम सामर्थ्यम्। शक्यते प्रतिपादयितुमर्थः शब्दानामनया इति शक्तिः। शक् धातोः (शक्लृ धातोः) करणार्थे क्तिन्प्रत्यये शक्तिः इति शब्दः निष्पद्यते। अत्र पदस्य ज्ञानजननसामर्थ्यमेव शक्तिः। लोकेऽस्मिन् पदश्रवणानन्तरं श्रोतुः यज्ज्ञानमुत्पद्यते तस्मिन् ज्ञाने कश्चन पदार्थो विषयी भवति। न हि सर्वेभ्यः पदेभ्यः सर्वेषां पदार्थानामुपस्थितिर्भवति। घटमानय इति वाक्येऽस्मिन् घटशब्दात् कम्बुग्रीवादिमदर्थस्य प्रतीतिर्जायते। अत्र घटपदेन सह कम्बुग्रीवादिमदर्थस्य यः साक्षात्सम्बन्धः स एव शक्तिपदेन व्यवह्रियते। यद्यपि पदपदार्थयोरयं सम्बन्धः सर्वैः शब्दप्रमाणवादिभिः निर्विवादं स्वीक्रियते तथापि सम्बन्धस्यास्य स्वरूपविषये मतभेदः परिलक्ष्यते।

## शक्तिस्वरूपविचारे प्राचीनवैयाकरणानां मतम्

प्राचीनवैयाकरणैः वाक्ये पदार्थयोः पदार्थानां वा परस्परं यः सम्बन्धः स एव शक्तिरित्युच्यते। तच्छक्तिरूपसम्बन्धः सूत्रदृष्ट्या तादात्म्यरूपसम्बन्ध एव। यतो हि **वृद्धिरादैच् , अदेङ्गुणः** इत्यादिषु सूत्रेषु (शक्तिग्राहकेषु) समानविभक्त्यन्तता संज्ञासंज्ञिनोः प्रदर्शिता सूत्रकारेण। यथा **नीलो घटः** इत्यत्र तादात्म्यसम्बन्धेन नीलविशिष्टघटः इति प्रतीतिः तथैव

**वृद्धिरादैच्, अदेङ्गुणः** इत्यत्रापि तादात्म्यसम्बन्धेन वृद्धविशिष्टाकारैकारौकाराः गुणविशिष्टाश्च अदेङ् इत्येषां प्रतीतिर्भवति। एतदेवाधारीकृत्य **वृद्धिरादैच्** इत्यस्मिन् सूत्रेभाष्ये उक्तमस्ति यद् द्वयोरेव सामानाधिकरण्यं विशेषणविशेष्ययोर्वा संज्ञासंज्ञिनोर्वा। अत्र उद्योतकारस्तु तादात्म्यमेव शब्दार्थयो शक्तिरिति वदति [i]। किञ्च हरिवृषभेणाऽपि शब्दार्थयोस्तादात्म्यमेव सम्बनधः शक्तिरिति स्वीक्रियते[ii]।

भर्तृहरिमते-

**इन्द्रियाणां स्वविषयेष्वनादियोग्यता यथा।**
**अनादिरर्थैः शब्दानां सम्बन्धो योग्यता तथा।।[iii]**

यथा चक्षुरादीन्द्रियेषु घटादिचाक्षुषकारणत्वम् अनादि,तथा घटादिपदे घटादिशब्दबोधकारणत्वम् अनादिः वर्त्तते। सैव शक्तिः। बोधकत्वे अनादित्वञ्च स्वप्रयोज्यशब्दबोधसमानाकारपूर्वपूर्वबोधध्वंसकालीनत्वम्। बोधकत्वं शक्तिरित्यभिधानं ज्ञायमानं पदं शाब्दकारणम्। यदा तु पदज्ञानमेव बोधकारणमिति निष्कृष्टतममाद्रियते तदा बोधजनकज्ञानविषयत्वं शक्तिः। न च यत्र घटपदगजोभयविषयकसमूहालम्बनज्ञान-विषयत्वं गजेऽपि वर्त्तते इति गजस्यापि घटवाचकत्वापत्तिरिति वाच्यम्।बोधजनकताबच्छेदकविषयिकताकत्वस्य विवक्षितत्वात्। प्रकृते च समूहालम्बनस्य घटपदविषयकत्वेनैव घटशाब्दबोधकारणत्वमिति बोधजनकतावच्छेदिका पदनिरूपितैव विषयतेति नातिप्रसङ्गः। तथा च निष्कृष्टमते बोधजनकतावच्छेदकविषयिताकत्वं शक्तिरिति सिद्धम्।

**मञ्जुषाकारमते शक्तिनिर्णयः**

नागेशभट्टपादैः शब्दार्थोभयनिष्ठो वाच्यवाचकभावरूपसम्बन्ध एव शक्तिरिति स्वीकृतम्। तत्र वाच्यश्च वाचकश्च वाच्यवाचकौ तयोर्भावः वाच्यवाचकभावः इति व्युत्पत्या एकस्याखण्डस्य सम्बन्धस्य लाभो भवति। सम्बन्धश्च पदे पदार्थेऽपि वर्त्तते। पुनः तस्य सत्ता पृथगपि अस्ति।स च विशिष्टबुद्धिर्नियमं स्थापयति। अनेन शब्दविशिष्टमेवार्थं बोधयति।[iv] अत्र सुष्पष्टं ज्ञायते यत् नागेशोक्तदिशा पदपदार्थयोः यो विशिष्टः सम्बन्धः, स एव शक्तिः। तस्या एव पर्यायवाची वाच्यवाचकभावो वर्त्तते। तथाविधं शक्तिज्ञापकं योऽयं शब्दः सोऽर्थः, योऽर्थः सः शब्दः इत्याकारेतरेतराध्यासमूलकं तादात्म्यम् [v]। तदेव संकेतः। तस्य सङ्केतस्य पदनिष्ठशक्त्युपकारकत्वाच्छक्तिरिति व्यवहारः।

ननु तादात्म्यमेव शक्तिरस्तु इति चेन्न। तस्य सम्बन्धत्वाभावात् सम्बन्धविशिष्टस्यैव शक्तित्वेन तादात्म्ये सम्बन्धत्वासम्भावात् न शक्तित्वम्। तादात्म्यं हि वास्तविकभेदविशिष्टारोपिताभेद एव। तत्र तादात्म्यघटितभेदस्याभेदस्य वा सम्बन्धत्वं क्वापि न दृश्यते[vi]। भेदस्य सम्बन्धत्वं कुत्रापि न दृश्यते। अभेदस्यापि सम्बन्धत्वं न सम्भवति। तस्य

प्रतियोग्यनुयोगिभिन्नत्वाभावेन सम्बन्धद्वयभिन्नत्वाभावात्। नीलो घटः इत्यादौ सम्बन्धपदार्थघटकसम्बन्धभिन्नत्वाभावादभेदस्यापि सम्बन्धत्वं नास्ति इति वैयाकरणसिद्धान्तात्। ज्ञातस्यैव सङ्केतस्य शक्तिबोधकत्वं दर्शितम्। तथा पाणिन्यादिस्मृतिबोधकसङ्केतस्यैव वाचकतानियामकत्वं न तु आधुनिकसङ्केतस्य। एवञ्चाधुनिकसङ्केतेत्युक्ते संज्ञास्थले ( यथा घटेति कस्यचित्संज्ञा) एवञ्च नामस्थले इत्युक्ते गोविन्देति कस्यचित् द्वादशेऽह्नि क्रियमाणं नाम तस्मिन् स्थले च घटगोविन्दादिगुणाद्यारोपेण घटत्वगोविन्दत्वरूपप्रवृत्तिनिमित्तयोरारोपेण तत्प्रकारकतयैवाधुनिकघटगोविन्दयोर्बोधः।

**तादात्म्यस्य शक्तित्वे दोषस्तन्निरासः**

ननु शब्दार्थयोस्तादात्म्ये स्वीकृते अग्निशब्दोच्चारणे मुखं दग्धं स्यादिति चेन्न। तद्भिन्नत्वे सति तदभेदेन प्रतीयमानत्वमिति तादात्म्यलक्षणस्वीकारात्। अत एव मधुशब्दोच्चारण नैव माधुर्यानुभूतिः। आरोपिताभेदेन एकस्य सम्बन्धिनः कार्यमपरेण सम्बन्धिना कर्त्तुं शक्यते। वैयाकरणमते तु बौद्ध एवार्थः शक्यः। बौद्ध एव शब्दः शक्यः इति स्वीकारात्। बौद्धे पदार्थे दाहादिसामर्थ्यं नानुभूतत्वात् अग्निशब्दोच्चारणे मुखे न दाहो भवति।

**मीमांसकानां मते शक्तिस्वरूपम्**

मीमांसकानां मते शक्तिः पदार्थान्तरम्। सा च पदपदार्थयोः वाच्यवाचकनियामिका। वैशिष्ट्याख्यसम्बन्धेनार्थनिष्ठा सा शक्तिः प्रतियोगित्वसम्बन्धेन पदनिष्ठा। मीमांसादर्शने प्रत्याय्यप्रत्यायकभावापरपर्यायमनुभाव्यानुभावकत्वं शब्दार्थयोः सम्बन्धः शक्तिरिति गृहीताऽस्ति। तत्र शब्दस्याऽर्थोऽनुभाव्य, अर्थस्य च शब्दोऽनुभावकः। श्रूयमाणानि च पदसमूहवाक्यानि अर्थविशेषं च बोधयन्ति। तत्र शब्दस्यार्थः प्रत्याय्यः, अर्थस्य शब्दः प्रत्यायकश्चेति। अनुभाव्यानुभावकत्वव्यवहारस्तु पदार्थस्मृतावतिव्यप्ति-वारणाय प्रयोगोऽस्ति।

**आलङ्कारिकमतेऽभिधास्वरूपम्**

आलङ्कारिकाः शक्तिमभधेति कथयन्ति। अभिधा नाम व्यापारः[vii]। कस्य व्यापारः इति जिज्ञासायां शब्दार्थयो यो मुख्यो व्यापारः स एवाभिधा[viii]। कविराजविश्वनाथमते शब्दः यया शक्त्या साक्षात् स्वसङ्केतितार्थं बोधयति साभिधेति[ix]। यथा गोशब्दोच्चारिते सास्नादिमदर्थस्य साक्षात् यत्प्रतीतिः सैव तस्य शब्दस्य सङ्केतः। तथैव घटशब्दोच्चारिते कम्बुग्रीवादिमदर्थस्य यत्प्रतीतिः सैव घटशब्दस्य साक्षात्सङ्केतः। एवञ्च विश्वनाथोक्तदिशा शक्त्यपरपर्यायः सङ्केतितार्थबोधजनकव्यापोरोऽभिधा।तत्र सङ्केतितार्थ नाम मुख्यार्थः[x]। अस्यायं भावो यद् शब्दव्यापाराद् योऽर्थोऽव्यवधानेन ज्ञायते सः मुख्यः। मुखमिव मुख्यम्। तथा हस्तपादादिभ्योऽवयवेभ्यः पूर्वं मुखमवलोक्यते तथा सर्वेभ्यः प्रतीमानार्थेभ्यः(लक्ष्यव्यङ्ग्यतात्पर्यरूपेभ्यः) पूर्वं शब्दस्य योऽर्थः गृह्यते, तत्तस्य मुख्यत्वम्। येन

शब्देन शब्दस्य मुख्योऽर्थोऽभिधीयते असौ वाचकः शब्दः। यथा घटपटादिः। अर्थश्च वाच्यः। वाचकाच्छब्दात्सङ्केतितं वाच्यमर्थं बोधयन्ती शक्तिरभिधैव।[xi]

अनेन स्पष्टं प्रतीयते यत् शब्दार्थयोः यः पारस्परिकसम्बन्धः स एवालङ्कारिकैः अभिधावृत्तिरित्युच्यते। साहित्यमीमांसाकारमते –

**अर्थमव्यवधावेव स्पृशन्ती मुखवर्त्तिनीष**
**मुख्या वृत्तिर्वदन्त्येनामभिधेति विपश्चितः।**[xii]

रसगङ्गाधरकारस्तु – शक्त्याख्योऽर्थस्य शब्दगतः शब्दस्यार्थगतो वा सम्बन्धविशेषोऽभिधा[xiii] इत्याह।

**शक्तिस्वरूपविचारे नैयायिकानां मतम्**

नैयायिकानां मते शक्तिः ईश्वरसङ्केतरूपा[xiv]। सङ्केतस्तु **अस्माच्छाब्दादयमर्थो बोद्ध**व्यः इति अर्थविशेष्यिका। **इदं पदमीममर्थं बोधयतु** इति पदविशेष्यिका वेश्वरेच्छारूपा।[xv] तन्मते ईश्वरो नित्यः। अतो नित्यसङ्केतरूपा शक्तिः। घटपदार्थो घटपदजन्यबोधविषयतावान् भवतु इति **(अस्माच्छब्दादयमर्थो बोधव्यः)** अर्थमुख्यविशेष्यिका शक्तिः। घटपदं घटत्वाविच्छिन्नविषयताबोधजनकतावद् भवतु **(इदं पदमिममर्थं बोधयतु)** इति च पदमुख्यविशेष्यिका शक्तिः। तया शक्त्याऽरथबोधकः शब्दः वाचको भवति। यथा घटशब्दो घटत्वविशिष्ठघटशब्दस्य वाचकः। तेन योऽर्थो बोध्यते स तस्य वाच्यो भवति। स एव मुख्यार्थः।

परन्तु अत्र इत्थं शङ्का जायते यत् ईश्वरेच्छायाः शक्तित्वे पुत्रादौ पित्राद्युच्चारिते देवदत्तादिनाम्नि शक्तिर्न स्यात्। ईश्वरेच्छायाः तत्राभावात् अयं पिता अस्य पुत्रस्य कृते इदं नाम कुर्यात् इति ईश्वरस्य विशेषेच्छा नास्ति। परन्तु तन्न। आधुनिके नाम्नि अपि शक्तिः स्वीक्रियते।[xvi] **एकादशे अहनि पिता नाम कुर्यादिति ईश्वरेच्छायाः** पित्राद्युच्चारिते आधुनिके पुत्रादिबोधके देवदत्तादि नाम्न्यपि वर्त्तमानात् ईश्वरेच्छारूपा शक्तिः सामान्यरूपेण तत्र तत्र अस्त्येव।

केषाञ्चिन्नैयायिकानां मते आधुनिकमात्रसङ्केतिते नदीबृद्ध्यादिपदे न शक्तिः। आधुनिकमात्रोच्चारिते नद्यादिपदे ईश्वरेच्छाया अभावात्। तथा चोक्तं शक्तिवादे आधुनिकसङ्केतः परिभाषा इति कथं तर्हि नद्यादिपदाच्छाब्दबोधो भविष्यतीति जिज्ञासायामुच्यते यत् तत्र शक्तिभ्रमाल्लक्षणया बोधः[xvii]।

नव्यनैयायिकानां मते तु इच्छासामान्यैव शक्तिर्न तु ईश्वरेच्छायारूपा। **तेनाऽस्मात् पदादयमर्थो बोधव्य** इति अस्मादादीनामिच्छापि शक्तिः। तथा च आधुनिकसङ्केतितेऽपि शक्तिरूपपन्ना भवति। एवञ्च नव्यमते सङ्केतो नित्यानित्याभेदेन द्विविधः। तेन शक्तिरपि

द्विविधा। नित्यसङ्केतः ईश्वरेच्छारूपः। अनित्यसङ्केतश्च जीवेच्छारूपः। स एवाधुनिकसङ्केत इत्युच्यते। प्रसङ्गेऽस्मिन् कोविदानन्दकारेणाऽपि उक्तं यत्-

**स ईश्वरकृतः साधौ शब्दे शास्त्रं तु शास्तितम्।**

**असाधौ व्यवहारादेः संवेद्य सः सुधीकृतः।**[xviii]

अत्रापि सङ्केतः द्विविधः। ईश्वरकृतः सुधीकृतश्च। संस्कृतशब्दे ईश्वरकृतः, प्राकृते तु सुधीकृतः। प्रसिद्धनैयायिकविश्वनाथपञ्चाननमते- **शक्तिश्च पदेन सह पदार्थस्य स**म्बन्धः[xix]। स चास्माच्छब्दादयमर्थो बोद्धव्य इतीश्वरेच्छारूपः। अनेन नैयायिकमते ईश्वरेच्छा इच्छा वा शक्तिरिति दिक्।

**वैयाकरणमतेन न्यायमतनिरासः**

नैयायिकैः **अस्माच्छब्दादयमर्थो बोधव्य** इत्याकारा **इदं पदमिममर्थं बोधयतु** इत्याकारा वेश्वरेच्छा शक्तिरिति लक्षणं यदुक्तं तन्न समीचीनम्। शक्तिग्राहकशिरोमणेर्व्यवहारात् तस्याः ज्ञानस्याभावात्। तथा हि शक्तिज्ञानं वृद्धव्यवहाराज्जायते। यथा- प्रयोजकवृद्धेन घटमानय इत्युक्ते तथा कुर्वन्तं प्रयोज्यवृद्धं पश्यता बालेनानुमीयते **अयं प्रयोज्यबृद्धो घटानयनमत्कार्यम् इति** ज्ञानवान् घटानयनविषयकचेष्टात्वात्। ततः प्रयोज्यवृद्धज्ञानं **घटमानय इति** वाक्यजम्। तद्वाक्यश्रवणाव्यवहिततोत्तरमेव तत्प्रवृत्तेः इति अनुमानेन ज्ञानजनकत्वं वाक्ये निश्चीयते। तत आवापोद्वापाभ्यामन्वयव्यतिरेकेण च पदादिष्वपि पदार्थविषयकबोधजनकत्वं निर्धार्यते। तच्चेदं पदे वाक्ये वा यद्बोधकत्वं तत्पदस्य वाक्यस्य वा अर्थेन सह सम्बद्धानामेव चक्षुरादिप्रमाणानां बोधजनकत्वानुभवात्। न हि घटेन सह सम्बन्धमन्तरा चक्षुरादीन्द्रियं तज्ज्ञानं जनयितुं शक्नोति। तथा च पदवाक्ययोः बोधजनकत्वस्यान्यथानुपपत्त्या कल्पनीयः शक्तिरूपः कारणसम्बन्धः ज्ञानरूपकार्योत्पत्तेः प्रागेवोपेक्ष्यते। तदानीञ्च नैयायिकाभिमतस्य ईश्वरेच्छारूपस्येच्छारूपस्य वा सम्बन्धस्यासिद्धत्वेन ज्ञाततया एव शक्तेर्बोधिकात्वेन शक्तिग्रहासम्भवः स्यात्[xx]।

अत्रैवमवधारणीयं यत्- शाब्दबोधात्पूर्वं तत्कारणीभूतं शक्तिज्ञानमपेक्षितम्। बोधजननात् प्राग् बोधजनकत्वाभावादिदं पदमिति निश्चयसत्त्वेन तद्वत्ताज्ञानं प्रति तदभाववत्तानिश्चयस्य प्रतिबन्धकत्वेन इदं पदं एतदर्थविषयकबोधकतावत् इत्यादि स्वरूपस्य बोधजनकघटितेच्छात्मकस्य शक्तिपदार्थस्य ज्ञानमसम्भाव्यमिति तत्त्वम्।

किञ्च इदमस्माद् भवतु एवमीश्वरेच्छाया ईश्वरज्ञानस्य वा शक्तित्वस्वीकारेण एकतरपक्षपातियुक्तेरभावात् तार्किकमते गौरवतामावहति।[xxi] यदि च इदमस्माद् भवतु एवमिच्छाविषयमेवार्थजनकं स्वीकरिष्यामः तदाप्यव्यवस्था स्यात्। प्रमाणप्रमेययोः सम्बन्धोऽपि जन्यजनकभावसम्बन्धात् भिन्नः। तेन पृथकसम्बन्धेनैव प्रमाणानि ज्ञानजनकानि दृश्यन्ते। अतः ईश्वरेच्छा बोधश्च उभौ सम्बन्धौ भवितुं नार्हतः। यदि च एतौ सम्बन्धौ स्वीकरिष्येते तदा **धूमाद्**

**वह्निज्ञानं जायताम्** इत्यादिषु इच्छाविषय एव हेतुसाध्ययोः सम्बन्धः स्यात्। अनेन नैयायिकानामनुमानार्थं यद् व्याप्तिज्ञानं तन्निरर्थकं स्याद्।[xxii]

किञ्च शक्तेः पदपदार्थयोस्सम्बन्धरूपत्वेनेच्छायाः सम्बन्धिनोः आश्रयतानियामकत्वाभावेन सम्बन्धत्वासम्भवः। **सम्बन्धो हि सम्बन्धिद्वयभिन्नत्वे सति द्विष्ठत्वे च सति आश्रयतया विशिष्टबुद्धिनियामकः** इत्यभियुक्तव्यवहारात्[xxiii]। अत्रेदं तात्पर्यं- यः सम्बन्धो भवति सः सम्बन्धिद्वयाद् भिन्नो द्विष्ठः सन् आश्रयतया विशिष्टबुद्धिनियामको भवति। तद्यथा घटवद्भूतलमित्यादौ घटभूतलयोः यः संयोगसम्बन्धः सः घटसम्बन्धितो भूतलसम्बन्धितश्च भिन्नः द्वयोर्घटभूतलयोर्निष्ठः घटनिरूपितो यः संयोगस्तदा आश्रयाश्रयो भूतलमिति विशिष्टाया बुद्धेर्बोधस्तन्नियामकश्च। तथाऽत्र घटशब्दो घटशब्दार्थो वा इच्छावान् इति व्यवहारो नैव दृश्यते। तथैव नात्र सम्बन्धः सम्बन्धिभ्यां भिन्नो द्व्याश्रयः कस्यापि विशिष्टबुद्धेर्नियामकश्च दृश्यते। इच्छादीनामात्मगुणत्वादचेतनात्मनि पदे पदार्थे च नितरामसम्भवः। अनेन नैयायिकाभिमतं इच्छायाः जनकत्वस्य वा शक्तित्वं निरस्तिम्।

**शक्तिभेदाः**

नागेशेन शक्तेः त्रयो भेदाः स्वीकृताः। यथा रूढिः यौगिकः, योगरूढिश्च। आलङ्कारिकैरपि शक्तेः भेदत्रयं प्रतिपादितम्। रूढिमयी, योगमयी, उभयी च[xxiv]।

**रूढिः-** यत्र शास्त्रकारणां कल्पितावयवानां प्रकृतिप्रत्ययानाम् अर्थप्रतीतिर्न भवति, किञ्च प्रकृतिप्रत्ययानां समुदायमात्रे अर्थबोधः सा रूढिः। अप्पयदीक्षितापादैः रूढेः लक्षणमित्थं प्रतिपादितं यद् **–यत्र अखण्डशक्तिमात्रेणैकार्थप्रतिपादकत्वं रूढिः**[xxv]। अत्रायं भावः – यत्र अवयवार्थस्याप्रतीतिः यत्र वा अवयवार्थस्य अर्थात् प्रकृतिप्रत्ययार्थस्य अभावात् अखण्डशक्त्या ( रूढिद्वारा) एतेषामर्थबोधः। परन्तु गोपदं गच्छतीति व्युत्पत्या गम्धातोः उणादिप्रत्ययेन निष्पद्यमानमपि गोपदादवयवार्थस्य नैव प्रतीतिः। अतः गोपदादपि रूढ्याऽर्थप्रतीतिर्भवति। अनया गोशब्देन गलकम्बविशिष्टपशुरूपार्थस्य बोधः।

**यौगिकी–** वैयाकरणानां मते **यत्र शास्त्रकृत्कल्पितप्रकृतिप्रत्ययानामेवार्थबोधः त्तर यौगिकी शक्तिः।**[xxvi] यथा पाचकादौ। पाचकशब्दस्य पचतीति व्युत्पत्या अवयवार्थद्वारैवार्थप्रतीतिः। पाचकशब्दः पच्धातोः कर्त्तरि ण्वुल्प्रत्ययेन निष्पद्यते। अत्र पच्धातोः विक्लित्यनुकूलो व्यापारार्थः कर्त्रर्थः। प्रकृतिप्रत्यययोरन्तर्भाविण अवयवशक्त्या पाककर्त्तारं बोधयति।

**योगरूढिः-** या योगेन अवयवशक्त्या, रूढ्या समुदायशक्त्या चार्थं प्रतिपादयति सा योगरूढिः[xxvii]। अर्थात् यत्र अवयवशक्तिः समुदायशक्तिश्च परस्परसहकारिण्यौ भवतः तत्र योगरूढिः। उदाहरणं यथा पङ्कजपदमे यौगितत्वमस्ति। रूढित्वमप्यस्ति। तथाहि पङ्कजपदम् अवयवशक्त्या पङ्कजनिकर्तृरूपार्थं बोधयति। समुदायशक्त्या च पद्मरूपत्वं बोधयति। अतः पङ्कजपदे

योगरूढिशक्तिरस्ति। नागेशमते- **शास्त्रकल्पितावयवार्थान्वितविशेषभूतार्थनिरूपिता शक्तिर्योगरूढिः**[xxviii]।

केचिद् यौगिकरूढमित्याधारीकृत्य शक्तेः भेदचतुष्टयं स्वीकुर्वन्ति। तद्यथा- **यत्र अवयवशक्तिः समुदायशक्तिश्च परस्परं सहकारिण्यौ न भवतः परन्तु स्वातन्त्र्येण एवार्थं प्रतिपादयतः तद्यौगिकरूढम्।** यथा मण्डपोद्भिदादौ। मण्डपशब्दस्य समुदायशक्त्या (रूढिशक्त्या) गृहविशेषः। यौगिकशक्त्या ( अवयवशक्त्या) मण्डपानकर्त्ता इत्यर्थः। अतोऽत्र मण्डपशब्दे यौगिकरूढ्या अर्थबोधः। तथैव उद्भिदपदमपि योगशक्त्या उद्भेदनकर्त्ता वृक्षगुल्मादिः बुध्यते। रूढ्या च उद्भिदनामकयागविशेषस्य प्रतीतिर्भवति। **उद्भिदा यजेत पशुकाम** इति विधानात्। अतः उद्भिदपदे यौगिकरूढम्।

**अनेकार्थेषु शब्देषु शक्तेः नियमनम्**

ननु अर्थभेदाच्छब्दभेदो जायते। तेन नानार्थकत्वासम्भव इति चेन्न। आनुपूर्व्यैक्येन शब्दानां नानार्थकत्वव्यवहारात्। नानार्थकस्य शब्दस्य कस्मिन्नर्थे प्रतीतिर्भविष्यतीति जिज्ञासायामुच्यते यत् सा शक्तिः अनेकशक्तिकस्य शब्दस्य संयोगादिभिः नियम्यते। विषयेऽस्मिन् भर्तृहरिणा वाक्यपदीये प्रतिपादितम्-

**संयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता।**
**अर्थः प्रकरणं लिङ्गं शब्दस्यान्यस्य सन्निधिः।।**
**सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः।**
**शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः।।**

**संयोगः-** तत्र संयोगो नाम नानार्थशब्दशक्त्यान्तरवृत्तितयाऽप्रसिद्धत्वे सति तच्छक्यवृत्तित्वेन प्रसिद्धः सम्बन्धः। ऋग्वेदे संयोगस्योदाहरणं प्रदत्तमस्ति। यथा – **इन्द्रो अस्माम् अरदद् वज्रबाहुः।**[xxix]लोके तु **सशङ्खचक्रो हरिः** इत्यत्र शङ्खचक्रयोः संयोगेन हरिशब्दस्यार्थः भगवति नियम्यते। अन्यथा हरिशब्दस्य बह्व्यर्थकत्वात् अन्यत्रार्थप्रतीतिस्र्याद्।

**विप्रयोगः-** विप्रयोगो नाम विश्लेषः। **अशङ्खचक्रो हरिः** इत्यत्र शङ्कचक्रयो विश्लेषेऽपि अत्र हरिशब्दस्य भगवत्येवान्वयः। **अवत्सा धेनुः** इत्यत्र धेनुशब्दस्य गव्येवान्वयः। तस्यैव वस्तुनो हि पृथकत्वं जायते यत् प्राक् केन सहाऽऽसीत्। अतएव **अशङ्खचक्रो हरिः** इत्यत्रापि प्रतीयते यत् हरिः शङ्खचक्राभ्यां सह पूर्वमासीत्। परन्तु इदानीं विश्लेषो जातः। एवम् **अवत्सा धेनुः** इत्यत्रापि। अनेन विप्रयोगेनाऽपि शक्तिः नियम्यते।

**साहचर्यम्-** साहचर्यं नाम सादृश्यम्, एककालदेशावस्थायित्वम् एकस्मिन्नर्थे परस्परसापेक्षत्वं वा। **रामलक्ष्मणौ** इत्यस्मिन्नुदाहरणे रामशब्दस्य **रामः पशुविशेषे स्याज्जामदग्न्ये हलायुधे राघवे चासीत्ते श्वेते मनोज्ञेऽपि च वाच्यताम्** इति विश्वकोषादनेकार्थत्वेऽपि लक्ष्मणशब्दस्य साहचर्यात्

दशरथौ शक्तिर्नियम्यते न भार्गवादौ। तथैव लक्ष्मणशब्दस्यापि **सारसदुर्योधनपुत्रादौ** नानीर्थप्रसिद्धसत्वेऽपि रामशब्दस्य साहचर्येण सौमित्रावेवान्वयः न तु दुर्योधनपुत्रादौ।

**विरोधिता-** विरोधितानाम प्रसिद्धं वैरं सहानवस्थानं वा। द्वयोः परस्परवैरप्राणिनोः एकत्रावस्थानेनानेकार्थस्य शब्दस्य शक्तिः एकस्मिन्नर्थे नियम्यते। यथा **रामार्जुनौ** इत्यत्र बध्यघातकसम्बन्धत्वात् रामभार्गव एव न तु दशरथादिः। तद्वध्यत्वाच्चार्जुनः कार्तवीर्य एव न पाण्डवादिः। तथैव **कर्णार्जुनौ** इत्यत्र बध्यघातकसम्बन्धत्वात् अर्जुनशब्दस्य पार्थे शक्तिर्नियम्यते।

**अर्थः- अर्थः** प्रयोजनम्, **स्थानुं वन्दे भवच्छिदे** इत्यत्र भवच्छेदसरूपप्रयोजनवशात् अत्र स्थानुः शिवः।

**प्रकरणम्-व**क्तृश्रोतृबुद्धिस्तथा। यत्र प्रसङ्गमवलोक्य अर्थनियमनं क्रियते तत्र प्रकरणवशादेवार्थनियमनं भवति। यथा **सैन्धवमानय** इत्यत्र सैन्धवशब्दस्य लवणार्थे अश्वार्थे च शक्तिः। परन्तु भोजनकाले सैन्धवमानय इति वाक्यश्रवणे श्रोतुः प्रकरणवशात् लवणार्थबोधः। यात्राकाले तु सैन्धवशब्दस्याश्वार्थबोधः। अनेन प्रकरणवशादपि नानार्थकशब्दस्य शक्तिः नियम्यते।

**लिङ्गम्-** लिङ्गं नाम चिह्नम्। संयोगातिरिक्तसम्बन्धेन सम्बद्धो व्यावर्त्तकधर्मो लिङ्गम्। यथा **कुपितो मकरध्वजः**इति मकरध्वजपदं कर्मधारयबहुव्रीहिभ्यामनेकार्थकम्। परन्तु अत्र कुपितशब्दस्य लिङ्गमात्रेण कोपस्य मकाराकरध्वजेऽसम्भवात् कन्दर्पस्यैव बोधकत्वम्।

**अन्यस्य शब्दस्य संन्निधिः-** पूर्वोक्तस्य सामानाधिकरण्यम्। अर्थात् तुल्यविभक्तिरूपशब्दस्य सान्निध्यात् विशिष्टार्थस्य प्रतीतिः। यथा **देव पुरारिः** इत्यत्र पुरारिशब्दस्य देहार्थवाचकत्वेऽपि समानाधिकरण्यस्य देवशब्दस्य सान्निध्यात् देवपदं शिवमात्रबोधकम्।

**सामर्थ्यम्-** कारणतानिर्दिष्टजननशक्तिः सामर्थ्यम्। **मधुना मत्तःकोकिलः** इत्यत्र मधुपदं दैत्यविशेषाद्यनेकार्थकम्। परन्तु अत्र कोकिलोन्मादनायां वसन्तस्य एव सामर्थ्यात्वात् मधुशब्दस्य वसन्ते शक्तिर्नियम्यते।

**औचिती-** तत्रौचिती नाम योग्यता। यथा **गुरुरेव परं ब्रह्म** इत्यत्रौचित्याद् गुरुशब्दस्य ज्ञानदातरि शक्तिः। एवञ्च **जीव जल्पति** इत्यत्र योग्यतया जीवशब्दस्य व़ृहस्पतौ शक्तिर्नियम्यते। तस्यैव ग्राह्यवचनत्वात्।

**देशः-** समभिव्याहृतप्रदेशो नगरग्रामादिर्वा। यथा **वैकुण्ठे हरिर्जयति** इत्यत्र हरिशब्दस्य नानार्थकत्वेऽपि वैकुण्ठरूपदेशेन हरिशब्दस्य विष्णौ शक्तिः। एवं **विभाति गगने चन्द्रः** इत्यत्र चन्द्रपदं कर्पूराद्यनेकार्थकम्। परन्तु गगनप्रदेशे चन्द्रः शशी एव।

**कालः-** दिवसादिः। यथा **निशि चित्रभानुः** इत्यत्र चित्रभानुपदं वह्निसूर्याद्यनेकार्थकम्। परन्तु रात्रौ चित्रभानुः बह्निरेव न तु सूर्यः। एवं **दिवा विभावसुर्भाति** इत्यत्र दिवसरूपकालेन सूर्ये विभावसुशब्दस्य शक्तिः।

**व्यक्तिः-** पुंनपुंसस्त्रीत्वानि। **भाति रथाङ्गम्** इत्यत्र नपुंसकव्यक्त्या रथाङ्ग इत्यस्य चक्रार्थः। पुंलिङ्गे तु चक्रवाकार्थः। एवं **मित्रो जयति** इत्यत्र पुंलिङ्गेन सूर्यः। मित्रं जयति इति नपुंसकलिङ्गेन सुहृत्।

**स्वरः-** उदात्तानुदात्तस्वरितश्चेति। स्वरसंस्कारयोः छन्दसि नियमः इति निर्दिष्टत्वात् एतस्य महत्त्वं वेदेष्वेव। **इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व** इत्यत्र इन्द्रस्य शत्रुः इति तत्पुरुषसमासे अन्तोदात्तो भवति। अनेन इन्द्रशत्रुशब्दस्यार्थः वृत्रासुर इत्यस्मिन्नर्थे शक्तिः। बहुव्रीहिसमासे कृते स्वरभेदेन इन्द्र एव शातयिता इत्यस्मिन्नर्थे शक्तिः। अनेन स्वरेणाऽपि शक्तिर्नियम्यते। एभिः प्रमाणैः स्पष्टं ज्ञायते यत् नानार्थेषु शक्तेर्नियमनं भवतीति।

अनेन प्रकारेण मया सारल्येन शक्तेः विभिन्नानि मतानि प्रतिपादितानि। अत्र प्रबन्धे सर्वेषां मते आलोचितानि मतानि मया उल्लेखितानि।

---

**सन्दर्भाः**

[i].महाभाष्यम् पृ-167

[ii].तादात्म्येव शब्दार्थयोः सम्बन्धो नादाभव्यक्तस्यान्तःकरणसन्निवेशिनः शब्दस्य अर्थबोधने कारणम्।– वाक्यपदीयम् (हरिवृषभटीका) 3.3.35

[iii].वाक्यपदीयम् 3.3.38

[iv] .सम्बन्धो हि सम्बन्धिद्वयभिन्नत्वे सति द्विष्ठत्वे च सति आश्रयतया विशिष्टबुद्धिनियामकः इत्यभियुक्तव्यवहारात्। प.ल.म.पृ-37

[v].वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषा पृ-21

[vi].तस्यापि पदनिष्ठशक्त्युपकारत्वाच्छक्तिरिति व्यवहारः, तस्य सम्बन्धत्वासम्भवात्। भेदाभेदरूपस्य तस्य तत्त्वासम्भवात्। तद्घटकभेदस्याभेदस्य वा तत्त्वादर्शनात्। - वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषा (रत्नप्रभाटीका). पृ-22

[vii].व्यापारस्तु भावनाभिधा, साध्यत्वेनाभिधीयमाना क्रिया। - वैयाकरणभूषणसारः, पृ-8

[viii].स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते। - काव्यप्रकाशः, पृ-38

[ix].तत्र सङ्केतितार्थस्य बोदनादग्रिमाभिधा। साहित्यदर्पणम् पृ-40

[x].साक्षात् सङ्केतितविषयो मुख्यः- काव्यानुशासनम्, पृ-4

[xi].वाच्यर्थोऽभिधया बोध्यो लक्ष्यो लक्षणया मतः।
व्यङ्ग्यो व्यञ्जनया ता स्युस्तिस्रः शब्दस्य शक्तयः। - साहित्यदर्पणम्.पृ-38

[xii].सा.मी पृ-3

[xiii].रसगङ्गाधर.पृ-235

[xiv].ईश्वरसंकेतः शक्तिः। शक्तिवादः,पृ-26

[xv].तत्र शक्तिः कः पदार्थः इति चेदस्माच्छब्दादयमर्थो बोधव्य इत्याकरा, इदं पदमिममर्थं बोधयतु इत्याकारा वेश्वरेच्छा। वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषा, पृ-26

[xvi].आधुनिके नाम्नि शक्तिरस्त्येव। का.व.पृ-547

[xvii].तथा सति शक्तिभ्रमं लक्षणाग्रहं चान्तरेण आधुनिकसङ्केतग्रहः।

[xviii].वृ.स पृ-5

[xix].का. व.पृ- 543

[xx].वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जुषा (रत्नप्रभाटीका) पृ-17

[xxi] .प्रमाणानां किञ्चैवं- इदमस्माद् भवतु इतीच्छाविषयत्वमेव जनकत्वं स्यादिति बहूपल्पवः। वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जुषा पृ- 17

[xxii].किञ्च प्रामाणां जनकत्वतद्घटितसम्बन्धातिरिक्तसम्बन्धेनैव प्रमेयसम्बद्धानां ज्ञानजनकत्वदर्शनेन इह तयोः सम्बन्धत्वेनौचित्यम्, अन्यथा धूमाद्वह्निमान् जायताम् इतीश्वरेच्छाविषयत्वमेव तद्बोधजनकत्वमेव वा हेतुसाध्ययोस्सम्बन्धः स्यादिति। - वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जुषा पृ-17

[xxiii].वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जुषा।

[xxiv].प्रथमा त्रिविधा तत्र रूढियोगस्तथोभयी। - कोविदानन्द, पृ- 24

[xxv].वृत्तिवार्तिकम्- प-22

[xxvi].शास्त्रकल्पितावयवार्थनिरूपिता शक्तिर्योगः। यथा – पाचकादौ। वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जुषा-88

[xxvii].यत्र तु अवयवशक्तिविषये समुदायशक्तिरप्यस्ति तत् योगरूढम्। काव्यप्रकाश- पृ-584

[xxviii].परमलघुमञ्जुषा पृ-50

[xxix].ऋग्वेद- -3.33.6

## ➢ <u>परिशीलितग्रन्थसूची</u>


- ❖ अष्टाध्यायी, ज्ञानभारती पाब्लिकेशन्, दिल्ली, २००९
- ❖ आनन्दवर्धनः, ध्वन्यालोकः, जगन्नाथपाठकः, चौखम्बा विद्यभवन, वाराणसी, संस्करणम् – 2001
- ❖ नागेशः, वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जुषा.कृष्णदास संस्कृत सीरीज्,वाराणसी 2011
- ❖ नागेशः,परमलघुमञ्जुषा.कृष्णदास संस्कृत सीरीज्,वाराणसी 2011
- ❖ भर्त्तृहरिः, वाक्यपदीयम्, शम्भुदयालपाण्डेयः,चौखाम्बा ओरियन्टलिया, गोकुलदास संस्कृतग्रन्थमाला,दिल्ली-110007
- ❖ भामहः, काव्यालङ्कारः, चौखम्बा संस्कृत सीरिज् अफिस्, वाराणसी, 2002
- ❖ मम्मटः, काव्यप्रकाशः, “आज” भवन् सन्त कबीर मार्ग, वाराणसी(221001 यू.पी), जुलाई, 2016
- ❖ महाभाष्यम्, पतञ्जलिः, चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, २००८

- लोकमणिदाहल व्याकरणशास्त्रेतिहासः, , भारतीयविद्याप्रकाशन- वाराणसी,1990
- वामनः, काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तिः, प्रो. केदारनाथ शर्मा, कृष्णदास अकादेमी, वारणसी – 1979
- विश्वनाथः, साहित्यदर्पणः, आचार्यः कृष्णमोहनशास्त्री, चौखम्बा संस्कृत संस्थान वाराणसी, पुनमुर्द्रण – 2013
- वैयाकरणभूषणसारः, महामहोपाध्यायश्रीकौण्डभट्टविरचितः, चौखम्बा संस्कृत सीरीज वनारस्, 1939
- श्रीभर्तृहरिः वाक्यपदीयम्, , वामदेव आचार्यः, चौखम्बा कृष्णदास अकादमी वाराणसी, 2000
- श्रीमद्यास्कमुनिप्रणीतम् निरुक्तम्, , चौखम्बा संस्कृतप्रतिष्ठान, दिल्ली, 1989
- श्रीवासुदेवशर्मा ईशाद्यष्टोत्तरशतोपनिषदः, चौखम्बा-विद्याभवनम्, दिल्ली,1995
- संस्कृत शास्त्र का इतिहास, बलदेव उपाध्याय, शारदा मंदिर, वाराणसी, 1969

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# महाकवि कालिदास के काव्यों में भक्तितत्व



**डॉ0 अनिता सेनगुप्ता**
समन्वयक, संस्कृत विभाग,
ईश्वर शरण पी0जी0 कॉलेज,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

**शोध आलेख सार–** महाकवि कालिदास संस्कृत जगत के देदीप्यमान नक्षत्र है। उनका कलात्मक वैशिष्ट्य उनकी साहित्यिक निधि है। इसलिए काव्यमर्मज्ञों ने उन्हें कविता–कामिनि का विलास कहा है। दो महाकाव्यों– 'रघुवंश तथा कुमारसंभव, तीन रूपकों – मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय, अभिज्ञानशाकुन्तलम् तथा दो खण्डकाव्यों – ऋतुसंहार तथा मेघदूतम् के रूप में विशाल साहित्य के रचयिता महाकवि कालिदास की प्रत्येक रचनाओं में भक्तितत्व की छाया परिलक्षित होती है।

**मुख्य शब्द–** महाकवि कालिदास, काव्य, भक्तितत्व, संस्कृत, धर्म, साहित्यिक, साहित्य।

अनादिकाल से मानवमनीषा दृश्यमान प्रपंच के रहस्यात्मक तथ्यों के मूल को जानने के निमित्त व्यग्र रही है। जानने की इसी व्यग्रता (जिज्ञासा) ने मानव–इतिहास में अनेकानेक आविष्कारों को जन्म दिया है। जब कभी कोई तथ्य मनुष्य की जानकारी की परिधि के अन्तर्गत नहीं आता, तो मनुष्य सहज ही प्रकृति के उस विस्मयकारी 'वस्तु' के समक्ष श्रद्धावनत हो जाता है और उसे दैवी शक्ति का रूप मानने लगता है। सृष्टिकाल के प्रारम्भ से ही प्रकृति के विभिन्न रूप (अग्नि, वृक्ष, पृथ्वी, सूर्य, सर्प और हाथी आदि) की पूजा के मूल में मनुष्य की यही स्वाभाविक प्रवृत्ति रही है। इसी स्वाभाविक प्रवृत्ति का ही विकसित रूप श्रद्धा, वेदन, उपासन, ध्यान और भक्ति है। अर्थात् भक्ति का उद्गम भी मानव जिज्ञासा और विश्वास की विकासजन्य परिणति का फल है।

महाकवि कालिदास संस्कृत जगत के देदीप्यमान नक्षत्र है। उनका कलात्मक वैशिष्ट्य उनकी साहित्यिक निधि है। इसलिए काव्यमर्मज्ञों ने उन्हें कविता–कामिनि का विलास कहा है।[1] दो महाकाव्यों– 'रघुवंश तथा कुमारसंभव, तीन रूपकों – मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय, अभिज्ञानशाकुन्तलम् तथा दो खण्डकाव्यों– ऋतुसंहार तथा मेघदूतम् के रूप में विशाल साहित्य के रचयिता महाकवि कालिदास की प्रत्येक रचनाओं में भक्तितत्व की छाया परिलक्षित होती है।

**भक्ति**

विनय–भाव या समर्पण वृत्ति से आराधना भक्ति का पर्याय है। कालिदास ने अनेक स्थलों पर भक्ति का उल्लेख किया है। उससे व्यक्तित्व में विशिष्ट प्रकार की विनम्रता आती है।[2]

पद पंक्तियों अथवा चिह्नों का पूजन भी इस श्रेणी में आता है। मेघदूत में शिव के चरण चिह्नों का सिद्धान्त के द्वारा पूजित होना विशिष्ट रूप से उल्लेखनीय है।[3]

पवित्र स्थलों और पवित्र नदियों के सम्पर्क से भी अन्तः करण की पवित्रता आती है।[4] तपस्या[5] के प्रभाव से ही गङ्गावतरण[6] हुआ[7] और अनेक[8] पीढ़ियाँ अपने पाप से मुक्त[9] हो गई।[10] तपस्या की विधेयक क्षमता तो निषेधक भी है।[11] दुर्वासा का शाप भी इस का उदाहरण है, काम का भस्म होना भी यही सिद्ध करता है राजशक्ति के निर्माण एवं संरक्षण में अन्य वर्गों की तुलना में तपस्वियों की तपस्या एक अक्षय सहयोग है।[12] राजा भी प्रतिदिन तप करता हुआ सर्वश्रेष्ठ पद ऋषि को प्राप्त कर सकता है।[13]

पार्वती की समाधि के द्वारा असाधारण पति और असाधारण अखण्ड प्रेम पा सकती है।[14] अभीष्ट फल प्राप्ति का महत्त्वपूर्ण साधन तप और समाधि ही माना गया है। समाधि में चित्त की अविचलता विशेष काम्य है। अतः प्रत्यभूत तत्त्व के समान भी अविकल्प धारणा समाधि का चरमोत्कर्ष सूचित करती है।[15]

श्रेष्ठ उपलब्धि के मूल में समाधि को ही भूत माना गया है।[16] मन को, नव द्वारों की वृत्ति रोक कर, हृदय में स्थिर करके, उसे समाधि द्वारा वशीभूत करना एक आवश्यक प्रक्रिया है।[17] इससे लघिमा, महिमा आदि शक्तियाँ प्राप्त होती हैं। वे जितना चाहें उतना भारी हो सकते हैं।[18] विशिष्ट आसन में नेत्रों को केन्द्रित करके समाधि में मृगछाल धारण करके साधना का वर्णन पर्वती की तपस्या के प्रसङ्ग में आता है।[19]

प्राणायाम से मन की, शरीर की समस्त वृत्तियों का निरोध इस तरह से हो जाता है मानो तरंगों से रहित कोई गंभीर सरोवर अथवा वायु–रहित स्थिति में स्थिर दीपशिखा।[20]

समाधि की साधना से असाधारण प्रकार के प्रकाश से युक्त दृष्टि का आविर्भाव होता है।[21] पंचम वायु को निरोध करके योग में संस्थित होना इस क्रिया का मुख्य भाग है।[22] इससे कभी–कभी कारण कार्य में विपर्यय हो जाता है।[23] चार उपाय और चार पुरुषार्थ दोनों का स्थान मानव जीवन में बहुत महत्वपूर्ण रूप में रहा है दशरथ के चारों पुत्रों की उपमा चार पुरुषार्थों के रूप में दी गई है।[24]

इनके पारस्परिक महत्त्व की ओर भी दृष्टिपात किया गया है। धर्म को कहीं त्रिवर्ग का सार कहा गया है और उसके प्रति आकर्षण व्यक्त किया गया है।[25]

सन्दर्भ

1 पुराकवीना गणना प्रसंगे कनिष्ठिकाधिष्ठितकालिदासः।
अद्यापि तत्तुल्यकतेरभावादनामिकासार्थवती बभून।। – सुभाषित

2 काठिन्यं स्थावरे काये भवता सर्वमर्पितम्।
इदं तु ते भक्तिनम्रं सतामाराधनं वपुः।।कु.सं. 6/73

3 तत्र व्यक्तंदृषदि चरणन्यासमर्धेन्दुमौलेः।
शश्वत् सिद्धैरूपचितबलि भक्तिनम्रपरीयाः।

तस्मिन् दृष्टे करणविगमादूर्द्धमुद्धूतपापाः।

सङ्कल्पान्ते स्थिरगणपदप्राप्तये श्रद्धधानाः।।पूर्वमेघ 55

4 हित्वा हालामभिमतरसां रेवतीलोचनाङ्कां।

बन्धुप्रीत्यासमरविमुखो लांगलीयाः सिषेवे।

कृत्वा तासामभिगममपां सौम्य सारस्वतीनामन्तः।

शुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण कृष्णः।।पूर्व मेघ 49

5 शुचौचतुर्णां ज्वलतां हविर्भुजांशुचिस्मितामध्यगता सुमध्यमा।

विजित्य नेत्रप्रतिघातिनीं प्रभामनन्यदृष्टिः सवितारमैक्षत।। कु.सं. 5/20

6 तस्मिन वने संयमिनां मुनीनांतपः समाधे प्रतिकूलवर्ती।

सङ्कल्पयोनेरभिमानभूतमात्ममाधायमधुर्जजृम्भे।। कु.सं. 3/24

7 पर्यङ्कबन्धस्थिरपूर्वकायमृज्वायतं संनिमतोभयांसम्।

उत्तान पाणिद्वय सन्नि वेशात्प्रफुल्लराजीवमिवांकमध्ये।।कु.स. 3/45

8 वैखानसं किमनया व्रतमाप्रदानाद्

व्यापाररोधि मदनस्य निषेवितव्यम्।

अत्यन्तमेव सदृशेक्षणबल्लभाभिराहो

निवत्स्यति समंहरिणांगनाभि।। – अभिज्ञानशाकुन्तलम्, प्रथमांके 24

9 तस्माद् गच्छेरनुकनखले शैलराजावतीर्य

जह्नोः कन्यां सगरतनयस्वर्गसोपानपङ्क्तिम्।।

गौरी वक्रभृकुटिरचना या विहस्येव फेनैः।

शम्भोः केशग्रहणमकरोदिनन्दुलग्नोर्मिहस्ता।। पूर्व मेघ 50

10 शम प्रधानेषु तपोधनेषु गूढं हि दाहात्मकमस्तितेजः।

स्पर्शानुकूलापि सूर्य कान्ता स्तेजोऽन्यतेजोऽभिभवाद् भवन्तिः। – अभि. शाकुन्तलम्

11 यदुत्तिष्ठति वर्णेभ्योनृपाणां क्षयितद् धनम्।

तपः षड्भागमक्षय्यं ददत्यारण्यकाः हि नः। वही 14

12 अध्याक्रान्ता वसतिरमुनाप्याश्रमे सर्वभोग्ये।

रक्षायोगेयमपि तपः प्रत्यहं संचिनोति।

अस्यापि द्यां स्पृशतिवशिनश्चारणं द्वन्द्वगीतः

पुण्यः शब्दो मुनिरिति मुहुः केवलं राजपूर्वः।। वही 15

13 इयेष सा कर्तुमबन्ध्यरूपकतां समाधिमास्थाय तपोभिरात्मनः।

अवाप्यते वा कथमन्यथा द्वयं तथाविधं प्रेमपतिश्च तादृशः।। कुमारसंभव 5/2

14 कदाचिदासन्न सखी मुखेन सा मनोरथज्ञं पितरं मनस्विनी।

अयाचताव्यनिवासमात्मनः फलोदयन्ताय तपः समाधये।। कुमारसंभव 5/6

15 प्रत्यार्थिभूतामपि तां समाधेः शुश्रूषाणां गिरिशोंऽनुमेने।

विकारहेतौ सति विक्रयन्ते येषां न चेतांसि तएव धीराः।। कुमार संभव 1/59

16 सा भूधराणामधिपेन तस्यां समाधिमत्यामुदपादि भव्या।

सम्यक् प्रयोगाद् परिक्षतायां नीताविवोत्साह गुणेन संपत्।। कुमार संभव 1/22

17 मनो नवद्वारनिषिद्धवृत्तिः हृदिव्यवस्थाप्य समाधिवश्यम्।

नालक्षयत्साध्वसन्नहस्तः स्त्रस्तं शरं चापमपि स्वहस्तात्।। कुमार संभव 3/50

18 ततो भुजंगाधिपतेः फणाग्रैरधः कथंविदधृत भूमि भागः।
शनैः कृतप्राण विमुक्तिरीशः पर्यङ्कबन्धांनिविडंविभेद।। कुमार संभव 3/59

19 किंचित् प्रकाशस्तिभिरोग्रतारैर्भूविक्रियायां विरतप्रसंगैः।
नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृतघ्राणमधोमयूखौः।। कुमार संभव 3/47

20 अवृष्टि संरम्भमिवाम्बु वाहमपामिवाधार मनुत्तरङ्गम्।
अन्तश्चराणां मरुतां निरोधान्निवातनिष्कम्पमिवप्रदीपम्।। कुमार संभव 3/48

21 कपाल नेत्रान्तरलब्धमार्गज्योतिः प्ररोहैरुदितैः शिरस्तः।
मृणालसूत्राधिकसौकुमार्या बालस्य लक्ष्मीं ग्लपयन्तमिन्दोः।। कुमार संभव 3/49

22 अनयत् प्रभुशक्तिसम्पदा दशमेको नृपतीननन्तरान्।
अपरः प्राणिधानयोग्यतां मरुतः पंचशरीरगोचरान्। रघु. 8/19

23 भगवन् प्रागभिप्रेतंसिद्धिः पश्चाददर्शनम्। अतोऽपूर्वखलुवाऽनुग्रहः।
उदेति पूर्व कुसुमं ततः फलंघनौदयः प्राक्तंदनन्तरं पयः।
निमित्तनैमित्तिकयोरयं क्रमस्तव प्रसादस्य पुरस्तु सम्पदः।। सप्तमोड्कः अभि. 30

24 सुरगज इव दन्तैर्भग्नदैत्यासिधारैर्नय इवपणवन्ध्यत्यक्तयोगैरुपायैः।
हरिरिवयुगदीर्घैर्दर्भिसंशैस्तदीयैः पतिरवनिपतिनां तैश्चकाशेचतुर्भिः। रघु. 10/86

25 अनेन धर्मः सविशेषमधमे त्रिवर्गसारः प्रतिभाति भाविनी।
त्वया मनोनिर्विषयार्थकामया यदेक एव प्रतिगृह्य सेव्यते।। कुमार सं. 5/38

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# प्राचीन भारतीय साहित्य में वर्णित मानवीय मूल्यों का समाजिक संदर्भ



ओम प्रकाश सिंह यादव
स्थायी पता ग्राम टोड़रपुर,
पो0–मनियां–मिर्जाबाद, गाजीपुर,
उत्तर प्रदेश,भारत

**शोध आलेख सार–** भारत का प्राचीन साहित्य पूरी तरह से समाज केन्द्रित है । हमे आवश्यकता इस बात की है कि आधुनिकीकरण के नाम पर पाश्चात्य जीवन शैली व जीवन मूल्यों को अपनाना छोड़ दे । मानव का स्वभाव है कि उसे दूसरे की बुरी आदते जल्दी याद आती है अपनी अच्छी चीजें नहीं । अगर भारत को परम्वैभव के पद पर पहुंचाना है तो प्राचीन संस्कृति व समाज के अनुरुप आचरण करना होगा तभी हम सभ्य समाज की श्रेणी में आयेगें । हमें अपनी मानवीय मूल्यों को अपनाना होगा । अपने मानवधिकारों को लागू करना होगा पाश्चातय के मानव अधिकार सिर्फ कोरी कल्पना है हम देखते है कि वे अपने यहां कैसे रेड इण्डियनों, माओ माओरी, जन जातियों को अपनी भूमि से बेदखल करते है और हमें मानव अधिकार का पाठ पढ़ाते है । उनको हमारे मानव अधिकारों को मानवीय मूल्यों को अपने आचरण में लाना होगा हमें भी अगर देश और समाज को विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना है तो अपने मानव मूल्यों को अपनाना होगा । बिना मानवीय मूल्य के समाज में आतंकवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, सम्पदायवाद, उग्रवाद, नक्शलवाद जैसी विचार दारायें पनपती रहेगी । मानव सिर्फ हाड़–मांस को पुतला रहेगा वह रिबोट् की तरह से जिस बटन को दबाओं वह वैसा व्यवहार करता रहेगा । भारत अपने उच्च श्रेष्ठता को प्राप्त करेगा और विश्व गुरु के पद को सुशोभित करेगा ।

**मुख्य शब्द–** प्राचीन भारतीय, साहित्य, मानवीय, मूल्य, समाजिक।

भारतीय साहित्य की रचना भारत के मनीषियों ने बड़े ही चिंतन के द्वारा की है । हमें पता है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है । पूरा साहित्य ही समाज को केन्द्रित करके लिखा जाता है तथा समाजिक जीवन को प्रेरित करने के लिए रचना की जाती है । किस प्रकार मानव को सभ्य बनाया जाये, पारिवारिक जीवन को सफल बनाने के लिए किन – किन तथ्यों को ध्यान देना आवश्यक है । इसी पर पुरा साहित्य टिका हुआ है । भारतीय साहित्य में जीवन उपयोगी मूल्यों की एक अनवरत श्रृंखला है । हमें पता है कि मूल्य वे मापदण्ड है जो सम्पूर्ण संस्कृति और समाज

को जीवन की सार्थकता प्रदान करते है जिन स्तम्भों पर मानव ने बर्बर अवस्था से सभ्य अवस्था का प्रासाद खड़ा किया है उन्हें ही समाजिक मूल्य की संज्ञा दी गई है । इन मूल्यों के बिना मानव की कल्पना बेकार है मानवीय मूल्य को इस प्रकार परिभाषित कर सकते है कि जो समाज को संगठित और अनुशासित कर समाज कल्याण और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक होते है ।

मानवीय मूल्यों को दो भागों में बांटा जा सकता है एक आन्तरिक शुद्धि से दुसरा वाह् शुद्धि से है । आन्तरिक में हम मन, वचन, कर्म, विवेक, ज्ञान, सत्य आचरण आदि को रख सकते है । दुसरे में सत्य, संगत, दान, धर्म, परोपकार, मैत्री, अतिथि सत्कार आदि । समाज परक मूल्यों में इसके अतिरिक्त विश्व बंधुत्व की भावना, शान्ति, प्रेम, अहिंसा, सर्वकल्याण की कामना आदि को भी रख सकते है जो मनुष्य को अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बनाते है ।

संस्कृत में कहा गया है कि '' येषां न विद्या तपो न दानम्, ज्ञानं न शीलं गुणों न धर्मः ते मृत्युलोके भूवि भार भुता मनुष्यरुपेण मृगाश्चरन्ति'' इसमें तप, तपस्या, दान, ज्ञान, शील और धर्म जैसे गुण ही मानव को अन्य प्राणियों से अलग करते है । इन्हीं गुणों के कारण वह समाज में अपना स्थान अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बनाता है ।

भारतीय साहित्य में कहा गया है कि –

अभिवादन शीलस्यः नित्यं वृद्धोपसेविनः, चत्वारि तस्यः वर्धनते, आयुर्विद्या यशोबलम्!![1]इसमें समाजिक मूल्य प्रणाम करना, समाज के बुजुर्गों की सेवा करने से व्यक्ति की आयु, विद्या, यश और बल में वृद्धि होती है । यह मूल्य बहुत ही बड़ा मूल्य है आज हम देखते है कि घर में बुजुगों की बहुत ही बुरी स्थिति हो गई है तथाकथित पढ़े लिखे लोग मां – बाप को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते है वृद्धा आश्रम समाज और सरकार दोनों को ही व्यथित करने के साथ – साथ प्रशासनिक समस्या उत्पन्न करता है । वैदिक संहिताओं में जहां एक ओर मानवीय मूल्य सब जगह प्राप्त होते है । वे किसी देश काल परिस्थिति के अनुरुप न होकर सर्व समाज के लिए अनुकूल होते है ये नियम शास्वत, सार्वभौमिक और सर्वकालीक है । वैदिक सांहिताओं में व भारतीय प्राचीन साहित्यों में सत्यवादिता, गुरुजनों के प्रति सम्मान, त्याग, सदाचार, सत्संगति, अतिथि सत्कार जैसे समाजिक मूल्य दृष्टिगोचर होते है । वही दूसरी ओर पारिवारिक मूल्य जैसे विश्व बंधुत्व की भावना की अभिवृत्ति होती है ।

जैन दर्शन में वर्णित स्यादवाद आज की सबसे बड़ी समस्या ''यह ही सत्य है'' का निराकरण करती है और कहती है ''स्याद्अस्ति, स्याद्नास्ति'' आप भी सही हो और मैं भी सही हूॅं । देश काल परिस्थितियों के अनुसार दोनों लोग सही है अतः हमें किसी भी प्रकार का विवाद नहीं करना चाहिए विवाद से समस्या उत्पन्न होती है ।

बौद्ध दर्शन में वर्णित सिद्धांत अविद्या के नाश के द्वारा अपने ज्ञान की पूर्णता को प्राप्त करना समाज को किसी प्रकार के द्वन्द्व के सामाधान के लिए उसके कारण को नष्ट करना है । अगर मुख्य कारण नष्ट हो जाये तो सारी प्रकार की समाजिक समस्यायें अपने आप ही नष्ट हो जायेगी । यजुर्वेद व अर्थवेद में कहा गया है कि –

**''संगच्छत्वं संवद्ध्वं सं नो मनांसि जानताम् ।**

हम सब साथ – साथ समाज में रहे किसी प्रकार का द्वन्द्व न हो इसी को कहा गया है कि ''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः ।।

सम्पूर्ण पृथ्वी को माता मानकर सम्पूर्ण प्राणियों को परस्पर एक दूसरें को एकता के सुत्र में बांधने का कार्य करती है । समाज को परस्पर पारिवारिक बनाती है जिससे सब प्राणी एक दूसरें की चिन्ता कर सके । इसी को दूसरे रुप में कहे तो यजुर्वेद का यह मंत्र विश्व शान्ति के संदेश को प्रसारित कर रहा है ।

**" ऊँ द्यौः शान्तिरन्तारिक्षं शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः ।**
**वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिः ब्रह्म शान्तिः । सर्वं शान्तिः शान्तिरेव**
**शान्तिः । सा मा शान्तिरेधि ।**

अर्थात– पृथ्वी शान्तिदायक हो, आन्तरिक्ष शान्तिदायक हो, जल शान्तिदायक हो, औषधियां शान्ति देने वाली हो, वनस्पतियां शान्ति देने वाली हो इत्यादि इसका कहने का आशय यह है कि हमारे चारों तरफ का पर्यावरण किसी भी प्रकार से दुषित न हो हम सभी प्राणी आपस में मिलकर रहे किसी को भी किसी प्रकार का भय न हो । यह सम्पूर्ण विश्व को एकता के सुत्र में बांधने का मनीषि चिंतन हैं ।

भारतीय जीवन पूरी तरह धर्म पर अधारित जीवन है यहां पर सर्वधर्म समभाव धारणा पर चलते हुए सभी धर्मो के अनुयायियों को पूजा पद्धति की स्वतन्त्रता मिली हुई है । यहां पर अपना और पराया का कोई भेद नहीं है धर्म का मूल्य नैतिकता पर अधारित है । धार्मिक अनुयायी से यह अपेक्षा की जाती है कि धर्म के मूल को माने धर्म का मूल निम्न् है ।

**"धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचं इन्द्रीय निर्गहः ।**
**धीर्विद्या सत्यं अक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ।।**

धर्म को भी मूल्यों से जोड़ दिया गया है इसमें धैर्य, क्षमा, इन्द्रीयों का दमन, पवित्रता, इन्द्रीयों को वश में करना, विद्या, सत्य, किसी पर भी अकारण क्रोध न करना, अपने से अधिक धन का संचय न करना इत्यादि लक्षणों को धर्म में समाहित किया गया है । यही जीवन मूल्य उसे अन्य समाजों से श्रेष्ठ बनाते है ।

संस्कृत वांगमय में कहा गया है कि यह अपना है और यह पराया है सोचने वाले व्यक्ति तुच्छ बुद्धि वाले होते है । उदार चरित वाले पूरी पृथ्वी को कुटुम्ब मानते है इसे निम्न् श्लोक में व्यक्त किया गया है –

**अयं निजः परो वेति गणना लद्युचेतसाम ।**
**उदार चरिता नाम तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।**

हमारी संस्कृत में अतिथि देवों भव कहा गया है । अतिथि सत्कार मानव जीवन का कर्त्तव्य होता है इसी को अभिज्ञान शाकुन्तलम् में कहा गया है कि आये हुए अतिथि की सेवा न करने पर उसे किस प्रकार कोप का भांजन बनना पड़ता है –

**विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम् ।**
**स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन् कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव ।।**[2]

रामायण और रामचरित मानस दोनों में कहा गया कि राजा का क्या कर्त्तव्य होना चाहिए और किस प्रकार अपने भाई, अपने पिता, अपनी माता, तथा पत्नी के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए इसे राम चरित मानस में कहा गया है कि –

''मातु–पिता और गुरु की बानी विनही विचार करुहु शुभ जानी ।'' मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का चरित्र विश्व के लिए अनुकरणीय है इसी लिए कहा गया है कि – ''राम राज बैठे त्रैलोका हर्षित भय गये सब शोका.......'' अर्थात – उनके सिंहासन पर बैठते ही पूरे ब्रम्हाण्ड में खुशी का माहौल छा गया । तथा समाज के चारो वर्णो में प्रेम सम्बन्ध स्थापित हो गया तथा सभी लोग आपस में मिल बैठ कर निर्णय लेने लगे थे ।

अभिज्ञान शाकुन्तलम् में महाकवि कालीदास जी कहते है कि पत्नी का ससुराल में किस प्रकार का व्यवहार होना चाहिए अपने से बड़ों तथा सास–ससुर की सेवा करनी चाहिऐ बिना ऐसा आचरण किये कोई भी स्त्री गृहणी के पद को नहीं प्राप्त कर सकती है । अगर ऐसा करती है तो परिवार संगठित रहता है ।

**''सुश्रुषस्व गुरुन कुरु प्रिय सखी वृत्ति.............. गृहणी पदं युवतयो वामाः कुलस्या धयः।**[3]

आज हम देखते है कि टीवी सीरीयलो में सास–बहु की लड़ाई दिखायी जाती है ''सास भी कभी बहु थी'' जैसे सीरीयल दिखाये जाते है ''पति पत्नी और वो'' जैसे सीरीयल के सहारे परिवारिक द्वन्द्व का दृष्य दिखाया जा रहा है । इस रुप में हमारा साहित्य बहुत ही उच्च कोटि का था ।

अभिज्ञान शाकुन्तलम् में आघुनिक पर्यावरण संकट निवारण को बहुत ही अच्छे ढ़ंग से व्यक्त किया गया है । कालीदास जी कहते है कि शकुन्तला किस प्रकार पर्यावरण रक्षा का संदेश देती है अपने खाने –पीने से पहले वृक्षों को जल पिला कर ही जल पीती है ।

**'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या नादते प्रिय मण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्.............. ।**[4]

यह पर्यावरण संरक्षण का संदेश आज के जन मानस के लिए बहुत ही उच्च कोटि का है

अभिज्ञान शाकुन्तलम् में जीवन के सभी क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया है महाकवि कालीदास जी कहते है कि पारिवारिक जीवन में कोई भी निर्णय जल्दीबाजी में नहीं करना चाहिए । आधुनिक युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहते है कि अपने शील की सुरक्षा का प्रत्यन्त पूर्वक रक्षा करनी चाहिए अज्ञात हृदय के साथ मित्रता, शत्रुता के रुप में बदल जाती है अतः विशेष रुप से परीक्षा करके ही एकांत मैत्री करनी चाहिए । आज कल युवा पीढ़ि फेसबुक और वाट्सप के माध्यम से बिना समझे हुऐ आपस में प्रेम सम्बन्धों की शुरुवात करते है तथा प्रेम –विवाह करके अपने जीवन की शुरुवात करते है । और कुछ दिनों बाद फिर वे तलाक की अर्जी देते है या छले जाते है हमें आये दिन समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलता है कि अमुक दुल्हे ने दुल्हन को ठगा तो अमुक दुल्हन ने दुल्हे को ठगकर सम्पत्ति लेकर फरार हो गई या फरार हो गया । कालीदास जी समाजिक कि जीवन प्रति सुक्ष्म दृष्टि थी । उन्होंने काम की अपेक्षा कर्त्तव्य को प्रधानता दी है । वैयक्तिक अनुशासन ही समाजिक मर्यादा का निर्वाहक हो सकता है । इसे निम्न् प्रकार व्यक्त करते है –

**अतः परीक्ष्य कर्त्तव्यं विशेषात् संगतं रहः ।**

**अज्ञात हृदयेस्वेवं वैरी भवति सौहृदम । ।**[5]

इस प्रकार अतः परीक्ष्य कर्त्तव्यं लौकिक और समाजिक आचरण की श्रेष्ठता की ओर इंगित करता है ।

इस प्रकार हम निष्कर्षतः हम कह सकते है कि भारत का प्राचीन साहित्य पूरी तरह से समाज केन्द्रित है । हमे आवश्यकता इस बात की है कि आधुनिकीकरण के नाम पर पाश्चात्य जीवन शैली व जीवन मूल्यों को अपनाना छोड़ दे । मानव का स्वभाव है कि उसे दूसरे की बुरी आदते जल्दी याद आती है अपनी अच्छी चीजें

नहीं । अगर भारत को परम्वैभव के पद पर पहुंचाना है तो प्राचीन संस्कृति व समाज के अनुरुप आचरण करना होगा तभी हम सभ्य समाज की श्रेणी में आयेगें । हमें अपनी मानवीय मूल्यों को अपनाना होगा । अपने मानवधिकारों को लागू करना होगा पाश्चातय के मानव अधिकार सिर्फ कोरी कल्पना है हम देखते है कि वे अपने यहां कैसे रेड इण्डियनों, माओ माओरी, जन जातियों को अपनी भूमि से बेदखल करते है और हमें मानव अधिकार का पाठ पढ़ाते है । उनको हमारे मानव अधिकारों को मानवीय मूल्यों को अपने आचरण में लाना होगा हमें भी अगर देश और समाज को विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना है तो अपने मानव मूल्यों को अपनाना होगा । बिना मानवीय मूल्य के समाज में आतंकवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, सम्पदायवाद, उग्रवाद, नक्शलवाद जैसी विचार दारायें पनपती रहेगी । मानव सिर्फ हाड़–मांस को पुतला रहेगा वह रिबोट् की तरह से जिस बटन को दबाओं वह वैसा व्यवहार करता रहेगा । भारत अपने उच्च्य श्रेष्ठता को प्राप्त करेगा और विश्व गुरु के पद को सुशोभित करेगा ।

सन्दर्भ–


1- मनुस्मृति

2- अभिज्ञानशाकुन्तलम् – 4–1

3- अभिज्ञानशाकुन्तलम् – 4–18

4- अभिज्ञानशाकुन्तलम् – 4.6

5- अभिज्ञानशाकुन्तलम्–5.24

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# भट्टिकाव्ये द्वितीये सर्गे लुङ्-लकारस्य प्रयोगः



श्रावणी मान्ना
आचार्यछात्रीः- व्याकरणम्,
राष्ट्रियसंस्कृतसस्थानम् ,
नवदेहली

**शोधालेखसारः** – भट्टेः काव्यम् (षष्टीतत्पुरुषः) वा भट्टिकृतं काव्यम् भट्टिकाव्यम्। महाकविभट्टिकृतं भट्टिकाव्यम् रावणवधाभिधेयं महाकाव्यं संस्कृतसाहित्ये महाकाव्यत्वेन समादृतम्। रामकथामाश्रित्य रचितमिदं काव्यं यद्यपि वैयाकरणकविना व्याकरणशिक्षादानार्थमेव प्रणीतम् तथापि अलंकारपारिपाट्येन छन्दोमाधूर्येण च इदं काव्यं रससमृद्धं सञ्जातम्। द्वितीये सर्गे शरद्वर्णने कवेर्नेपूर्णं विशेषेण प्रतिफलितम्।वेदपुरुषस्य मुखं भवति व्याकरणम्। "व्याक्रियन्ते शव्दाः अनेन इति व्याकरणम् "इति व्युत्पत्त्यनुसारेण संस्कृतवाङ्मये प्रयुक्तानां शब्दानां शुद्ध्यशुद्ध्योः विचारः व्याकरणेनैव क्रियते।महर्षे यास्कस्य निरुक्तग्रन्थे तु व्याकरणस्य अनेकेषां पारिभाषिकशव्दानां प्रयोगः समुपलभ्यते। व्याकरणस्य लब्धप्रतिष्टाचार्यः पाणिनिः स्वकीयेऽष्टाध्यायीनामके ग्रन्थे स्वपूर्ववर्तीनां अनेकेषां वैयाकरणानां नाम निर्दोशं चकार। पाणिनिशव्दानुशासनग्रन्थद्वारा लौकिकसंस्कृतभाषां व्यवस्थापयामास। इत्थं शव्दानुशासनम् अष्टाध्यायी वा व्याकरणवेदांगस्य प्रतिनिधिग्रन्थः अस्ति।प्रत्येकस्मिन् वाक्ये या काऽपि क्रिया भवत्येव । कर्तुः कर्मणः सम्बन्धं , कर्तुः कार्यं च सूचयति क्रिया । बालकः विद्यालयंगच्छति , छात्रः पाठं पठति , कविः कवितां लिखति इत्यादिषु वाक्येषु गच्छति , पठति ,लिखति इत्यादीनि क्रियापदानि । क्रियापदानि द्विविधानि – तिङन्तानि , कृदन्तानि च ।पाणिन्युक्ताः दश लकाराः इत्थं भवन्ति। वर्तमान-भूत-भविष्यरूपेण त्रयः कालाः भवन्ति। यथोक्तम् –

**लट् वर्तमाने लेट् वेदे भूते लुङ् लिटस्तथा।**
**विध्याशिषोस्तु लिङ्लोटौ लुट् लृट् लृङ् च भविष्यतः॥**

लेट लकारस्य प्रयोगः वैदिकप्रक्रियासु क्रियते। धातुषु दश गणाः भवन्ति। यथा –

**भाद्यदादी जुहोत्यादिदिवादिः स्वादिरेव च।**
**तुदादिश्च रुदादिश्च तनक्र्यादिचुरादयः॥**

भट्टिकाव्ये द्वितीय सर्गे लुङ् लकार शव्दानां रूपंसिद्धिं अहं करोमि।

**मुख्यशब्दः** – महाकविभट्टि, भट्टिकाव्यम्, द्वितीय सर्ग, लुङ्-लकार, व्याकरणम्।

**पाणिनीयव्यकरणम्** – वेदपुरुषस्य मुखं भवति व्याकरणम् ।"व्याक्रियन्ते शव्दाः अनेन इति व्याकरणम् "इति व्युत्पत्त्यनुसारेण संस्कृतवाङ्मये प्रयुक्तानां शब्दानां शुद्ध्यशुद्ध्योः विचारः व्याकरणेनैव क्रियते।महर्षे यास्कस्य निरुक्तग्रन्थे तु व्याकरणस्य अनेकेषां पारिभाषिकशव्दानां प्रयोगः समुपलभ्यते। व्याकरणस्य लब्धप्रतिष्टाचार्यः पाणिनिः स्वकीयेऽष्टाध्यायीनामके ग्रन्थे स्वपूर्ववर्तीनां अनेकेषां वैयाकरणानां नाम निर्दोशं चकार। पाणिनिशव्दानुशासनग्रन्थद्वारा लौकिकसंस्कृतभाषां व्यवस्थापयामास। इत्थं शव्दानुशासनम् अष्टाध्यायी वा व्याकरणवेदांगस्य प्रतिनिधिग्रन्थः अस्ति। अस्य पाणिनिव्याकरणस्य सम्प्रदायद्वयस्य उपलभ्यते, प्राचीनव्याकरणं नव्यव्यकरणंञ्च।किमिति चेत् – मुखं विना भोजन –व्यापारः नास्ति। भोजनं विना शरीरं नास्ति। शरीरं विना प्राणरक्षणं न भवति। ऋग्वेदे व्याकरणस्य प्रशंसा एवमस्ति –

**चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्तहस्तासो अस्य।**
**त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महादेवो मर्त्या आविवेश।।**

व्याकरणस्य इच्छापूर्तिकारणत्वाद् वृषभेदि नाम्ना सम्वोधमस्ति।अस्य चत्वारि शृङ्गाणि भवन्ति। तानि (1) नाम ,(2) आख्यातः(क्रिया) (3) उपसर्गः (4) निपातः। त्रयः पादाः –वर्तमान-भूत-भविष्यत्कालाः एते त्रयः कालाः विद्यन्ते। द्वे शीर्षे –सुप् ,तिङ्।अस्य सप्त हस्ताः – प्रथमादयःसप्तविभक्तयः सन्ति। त्रिधा बद्धः-व्याकरणस्य वृषभः उरः, कण्ठः, शिरः, इति स्थानेषु बद्ध इति।अयं महान् देवो ,यः मनुष्येषु प्रविष्टो विद्यते। भगवान पतञ्जलिः व्याकरणस्य प्रयोजनानि प्रत्यपादयत्। तेषु (1) रक्षा ,(2) ऊहः,(3) आगमः,(4) लघुः,(5) असंदेहः,(6) अपभाषणम्,(7) दुष्टःशव्दः, (8) अविद्वांसः, (9) विभक्तिंकुर्वन्ति, (10) यदधीतम् , (11) यस्तु प्रयुक्ते , (12) यो वा इमाम् , (13) चत्वारि इत्यादि महाभाष्योदाहरणानि अपि व्याकरणमध्ययनानां प्रयोजनानि सन्ति।

**"छन्दः पादौ तु वेदस्य , हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते ,**

**ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरूक्तं श्रोत्रमुच्यते।**

**शिक्षा घ्राणन्तु वेदस्य ,मुखं व्यकरणं स्मृतम्" ।।**

**तस्मात्सांगमधीत्यैव व्रह्मलोके महीयते ।**

इति पाणिनीयशिक्षाकारस्य वचनेन सिद्ध्यति यत् “मुखं व्याकरणं स्मृतम् ” अत्र तु सूचयति यत् व्याकरणम् अन्य वेदांगैः अतुलनीयम् अस्ति ।किंच श्वासप्रश्वासस्य गतिशीलने सति समस्त लोकजीवनधारणे समर्था भवन्ति ।व्याकरणशास्त्राणां विधिवत् ज्ञानं , वेदांग स्वरूपस्य रक्षा करोति एवं च स्वर्गे लोके च कामधुक् भवति इति वचनमपिचरितार्थं भवति । समुचितज्ञानाभावे तु –

**मन्त्रहीनः स्वरतो वर्णतो मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह ,**

**स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति , यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोपराघात् ।**

यदा वैदिकसंस्कृतस्य समाप्तिः लौकिकसंस्कृतस्य च प्रादुर्भावोऽभवत्, तदा संस्कृतभाषायाः क्षेत्रे महती अव्यवस्था प्रसरति स्म । ततः विद्वान्सः एकस्य नूतनस्य व्याकरणस्य आवश्यकताम् अनुभवन्ति स्म । पाणिनिः अष्टाध्यायीनामकं ग्रन्थं रचयित्वा व्याकरणाभावं पूरितवान् ।अयं ग्रन्थः न केवलं व्याकरणनियमानां संकल्पमात्रोऽपितु भाषाविज्ञानोपरि व्याकरणोपरि च सर्वोकृष्टा मौलिका रचना अस्ति । अस्य ग्रन्थस्य रचना सूत्रप्रणाल्या अभूत् । पाणिनिना एकमपि पदं व्यर्थं न प्रयुक्तम् । अधुनापि विद्वज्जनाः सूत्रप्रणालीं समादरन्ति । उक्तञ्च –

**“अर्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते वैयाकरणाः”**

त्रिमुनिव्याकरणम् – पाणिनिमहर्षेः अष्टाध्यायी, कात्यायनस्य वार्तिकं, पतञ्जलिमुनेः भाष्यं च त्रिमुनिव्याकरणमिति प्रसिद्धंम्। अतएव-

मुनित्रयं नमस्कृतं तदुक्तीःपरिभाव्य च ।

वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदीयं विरच्यते ।।

इति भट्टोजीदीक्षितेन वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदीप्रारम्भे मङ्गलाचरणं विहितम् ।

**धातुपाठः** – महर्षिपाणिनिना स्वकीये शव्दानुशासने 'भूवदयो धातवः' १/३/१सूत्रमिदं पठितम्। अनेन सिद्धयति यत् खिलरूपधातुपाठस्याऽपि प्रवचनमेतसैव।अन्यत्रापि सूत्रेषु धातुसम्वन्धीनि कार्यानि पुष्कलतया पाणिनिना निर्दिष्टानि। यथा – लः परस्मैपदम् (१/४/९९) तङानावात्मनेपदम् (१/४/१००) स्वरितञितः कर्त्तभिप्राये क्रियाफले (१/३/७२) अस्तेर्भूः (२/४/५१) भूसुवोस्तिङि (७/३/८८) उपसर्गप्रादुभ्यमिस्तिर्यच्परः (८/३/८७)। उदाहरणार्थ प्रस्तुतेर्धात्वनुपूर्विभिः सूत्रैः सुतरां सिद्धयति यत् पाणिनिरेव धातुपाठस्यापि प्रवर्तकः।

**धातुप्रकरणम्** – प्रत्येकस्मिन् वाक्ये या काऽपि क्रिया भवत्येव । कर्तुः कर्मणः सम्बन्धं, कर्तुः कार्यं च सूचयति क्रिया। बालकः विद्यालयंगच्छति, छात्रः पाठं पठति, कविः कवितां लिखति इत्यादिषु वाक्येषु गच्छति, पठति,लिखति इत्यादीनि क्रियापदानि । क्रियापदानि द्विविधानि – तिङन्तानि, कृदन्तानि च । गच्छति, पठति, लिखति इत्यादीनि तिङन्तक्रियापदानि। आदिष्टवान्, खादितवान्, पीतम् इत्यादीनि कृदन्तक्रियापदानि। कृदन्तानां विषये अनन्तरं

विचारः करिष्यते। प्रकृतमत्र तिङन्तानां क्रियापदानां विषये विचारः प्रस्तूयते । तिङ् अन्ते येषां तानि तिङन्तानि। गच्छति, अपठत्, लेखिष्यति इत्यादीनि क्रियापदानि। गम्, पठ्, लिख्, इत्यादयः धातवः। तन्नाम क्रियापदानां मूलं धातुरेव। शुद्धधातुभिः सह तिङप्रत्ययानां योगेन प्रयोगार्हाणि क्रियापदानि उत्पद्यन्ते। पाणिनिमतानुसारं 18 तिङ् प्रत्ययाः भवन्ति। अग्रे तेषां प्रत्ययानां विस्तृतविवरणं प्रस्तोष्यते ।

धातवः त्रिविधाः भवन्ति – आत्मनेपदिनः, परस्मैपदिनः, उभयपदिनः च। उभयपदिनः नाम आत्मनेपदिनः परस्मैपदिनश्च। क्रमेण पुरुषाः त्रयः। पुनश्च तत्र एकवचनं, द्विवचनं, बहुवचनं प्रथमपुरुषः, मध्यमपुरुषः, उत्तमपुरुषः इति चेति त्रीणि वचनानि। पुरुषक्रमेणच तिङप्रत्ययाः पट्टिकारूपेण प्रस्तुयन्ते।पाणिन्युक्ताः दश लकाराः इत्थं भवन्ति। वर्तमान-भूत-भविष्यरूपेण त्रयः कालाः भवन्ति। यथोक्तम् –

**लट् वर्तमाने लेट् वेदे भूते लुङ् लिटस्तथा।**
**विध्याशिषोस्तु लिङ्लोटौ लुट् लृट् लृङ् च भविष्यतः॥**

लेट लकारस्य प्रयोगः वैदिकप्रक्रियासु क्रियते। धातुषु दश गणाः भवन्ति। यथा –

भाद्यदादी जुहोत्यादिदिवादिः स्वादिरेव च।
तुदादिश्च रुदादिश्च तनक्र्यादिचुरादयः॥

1. भ्वादिगण , (2) अदादिगणः, (3) जुहोत्यादिगणः , (4) दिवादिगणः , (5) स्वादिगणः।

(6) तुदादिगणः,(7) रुधादिगणः,(8) तनादिगणः ,(9) क्र्यादिगणः ,(10) चुरादिगणः।

प्रत्येकं गणस्य एकैकः विकरणप्रत्ययो भवति। एते विकरणप्रत्ययाः तदीयगणस्य वैशिष्ट्यं द्योतयन्ति। अष्टाध्यायाः अनुसारं संस्कृते १९४४धातवः सन्ति, ये एषु दशसु गणेषु विभक्ताः सन्ति ।

**भट्टिकाव्यपरिचयम्** –

भट्टेः काव्यम् (षष्टीतत्पुरुषः) वा भट्टिकृतं काव्यम् भट्टिकाव्यम्। महाकविभट्टिकृतं भट्टिकाव्यम् रावणवधाभिधेयं महाकाव्यं संस्कृतसाहित्ये महाकाव्यत्वेन समादृतम्। रामकथामाश्रित्य रचितमिदं काव्यं यद्यपि वैयाकरणकविना व्याकरणशिक्षादानार्थमेव प्रणीतम् तथापि अलंकारपारिपाट्येन छन्दोमाधूर्येण च इदं काव्यं रससमृद्धं सञ्जातम्। द्वितीये सर्गे शरद्वर्णने कवेर्नेपूर्णं विशेषेण प्रतिफलितम्। तदा शरत्प्रकृतिः नयनाभिरामशोभामण्डिता सती जीवलोकचित्तम् अपाहरत्। वृक्षतडागाकाशनक्षत्रादिषु कुत्रापि नास्ति मालिन्यलेशः। वनस्पतिषु विराजते अनिर्वचनीयः श्यामलिमा। निर्मेघे नभसि समुज्ज्वलं भान्ति ग्रहणक्षत्राणि , दिशश्च निर्मलाः जाताः, सर्वत्र जलाशयेषु स्वच्छानि जलानि कुमुदकमलैः शोभितानि। तत्र क्वचित् प्रभातवायुनां जलेषु तरङ्गाः जाताः । तत्र प्रस्फुटितानि कोकनदानि तरङ्गाघातेनान्दोलितानि आसन्। शरदागमे यथा जलानि पदमैः शोभितानि तथा वनानि अपि विविध-

पुष्पविकासैः मण्डितानि आसन् ।सर्वत्र जलस्थलयोरासीत् सौन्दर्यप्रतियोगिता । द्वाविंशतिसर्गात्मकं काव्यमिदं व्याकरणं दिशं चत्वारः भागे विभक्त आसन् –

(1) प्रकीर्ण काण्ड (प्रथमात् – पञ्चमः सर्ग पर्यन्तम्)

(2) अधिकार काण्ड ( षष्टात् – नवमसर्ग पर्यन्तम् )

(3) प्रसन्न काण्ड ( दशमात् – त्रयोदश सर्ग पर्यन्तम् )

(4) तिङन्त काण्ड ( चतुर्दशात् – द्वाविंशति सर्ग )

प्रकीर्ण काण्डे पाणिनिव्यकरणस्य भिन्न विषयकसूत्रस्य उदाहरणं प्रदत्तम् । यथा द्वितीय सर्गे "लतानुपातंकुसामान्यगृह्णात् स नद्यवस्कन्दमुपास्पृशच्च" इत्यादि श्लोके " विशिपति- पदिस्कन्दां व्याप्यमानासेव्यमानयोः" सूत्रानुसारेण णमुल प्रत्ययस्य प्रयोगः दृश्यते ।एवमेव भिन्न श्लोके विष्टर , विप्रदर्शनम् , अस्त्रचञ्चु ,मायाचणम् ,नदीष्ण इत्यादि पदानां प्रयोगेन पाणिनिव्याकरणस्य विशेषः विशेषः सूत्राणां प्रयोगः दृश्यते । द्वितीयसर्गे 'अदृक्षताम्भसि' ....श्लोके कर्मवाच्ये लुङ-स्य प्रयोगःवर्तते ।

अधिकारकाण्डे पाणिनिव्याकरण्य भिन्न सूत्राणां , अधिकारसूत्राणां उदाहरणं दृश्यते । उक्तञ्च जयमङ्गलायाः – " यत्र प्राधान्येनैकैकमधिकृत्य लक्षणं प्रदर्शितं तदधिकारकाण्डम्" । द्विकर्मकधातुः ,कृत्प्रत्ययः, कृत्यप्रत्ययः, स्त्रीप्रत्ययः, आत्मनेपदविधानः,कारकविभक्तिः, उपसर्गः ,कर्मप्रवचनीय णत्व-षत्वविधानस्य सूत्राणां प्रयोग दृश्यते ।

प्रसन्नकाण्डे अलंकारशास्त्रोक्तानां शव्दालंकार तथा अर्थालंकारस्य उदाहरणं प्राप्यते ।

तिङन्तकाण्डे क्रियापदस्य उदाहरणं दृश्यते । जयमङ्गलायाःउक्तञ्च – " प्रसन्नकाण्डानन्तरं तिङन्तकाण्डं शव्दलक्षणप्रयोगार्थं कथ्यते ।" चतुर्दशसर्गे प्रधानतः लिट् , पञ्चदशसर्गे लुङ् , सप्तदशसर्गे लङ् , अष्टादशसर्गे लट् , ऊनविंशसर्गे लिङ् , विंशसर्गे लोट् , एकविंशसर्गे लृङ् एवं द्वाविंशसर्गे लुट् –लकारस्य उदाहरणं दृश्यते ।

**भट्टिकाव्ये द्वितीये सर्गे लुङ्-लकारस्य प्रयोगः** -

• अपूपुजन् विष्टर-पाद्य-माल्यै-रातिथ्य-निष्णा वन-वासि-मुख्याः।

**प्रत्यग्रहीष्टां** मधुपर्क-मिश्रं तावासनादि क्षिति-पाल- पुत्रौ ।।(**२/२६**)

**प्रत्यग्रहीष्टाम्** –

अत्र प्रत्यग्रहीष्टां स्वीकृतवन्तौ इत्यर्थे प्रयुक्तः । अत्र“**लुङ्**”(अ. ३/२/११०) इति सूत्रेण प्रति उपसर्गपूर्वक ग्रह धातोः लुङ् लकारस्य प्रयोगः । क्रादिगणे (धा. पा. ९/६४)कथितः ग्रह् धातुः **।**” **तिप्-तस्-झि-सिप्-थस्-थ-मिब्-वस्-मस्-तातां-झ-शासाथां-ध्व-मिड्-वहि-महिङ्**”(अ. ३/४/७८) इति सूत्रेण ग्रह् +तस् विहितः ।“ **च्लि लुङि**(अ. ३/१/४३) इति सूत्रेण ग्रह् +च्लि +तस् इति लभते ।“**च्ले सिच्**”(अ. ३/१/४४) इति सूत्रेण ग्रह् +सिच्+ तस् इति विहितः । अनुवन्धलोपे ग्रह्+ स्+ तस् लभते ।“**अस्ति सिचोऽपृक्ते**”(अ. ७/३/९६) इति सूत्रेण ग्रह्+ ईट्+ स् +तस् इति विहितः ।“**हलन्तम्**”(अ. १/३/३) इति सूत्रेण ग्रह्+ ई+ स् +तस् इति लभते। “ **तस्- थस्-थ-मिपां-ताम्-तम्-तामः**”(अ.३/४/१०१)इति सूत्रेण ग्रह्+ ई +स् + ताम् इति विहितः ।“**आदेश-प्रत्यययोः**”(अ. ८/३/५९) इति सूत्रेण ग्रही+ ष् +ताम् इति लभते ।“**ष्टुना ष्टुः**”(अ.८/४/४१) इति सूत्रेण ग्रही+ ष् +टाम् इति विहितः । वर्णसम्मेलनेन ग्रहीष्टाम् रूपं लभते ।“**लुङ्-लङ्-लृङ्क्ष्वडुदात्तः**”(६/४/७१) इति सूत्रेण अट्+ ग्रहीष्टाम् इति विहितः ।“ **हलन्तम्**” (१/३/३)इति सूत्रेण ट् लोपे अग्रहीष्टाम् रूपं निष्पन्नः ।

•दैत्याऽभिभूतस्य युवाम**वोढं** मग्नस्य दोर्भिर् भूवनस्य भारम् ।
हवींषि संप्रत्यपि रक्षतं , तै तपोधनैरित्थम**भाषिषाताम्** ।।(**२/२७**)

**अवोढम्** – अत्र अवोढम् ऊढवन्तौ इत्यर्थे प्रयुक्तः । अत्र“**लुङ्** ”(अ. ३/२/११०)इति सूत्रेण वह् धातोः लुङ्-लकारस्य प्रयोगः । भ्वादिगणे (धा. पा. १/७३०) कथितः वह् धातु ।“**तिप्-तस्-झि-सिप्-थस्-थ-मिव्-वस्-मस्-तातां-झ-थासाथां-ध्व-मिड्-वहि-महिड्**”(अ. ३/४/७८) इति सूत्रेण वह्+ थस् विहितः**।**” **च्लि लुङि**”(अ. ३/१/४३)इति सूत्रेण वह् +च्लि + थस् इति लभते ।“**च्ले सिच्**”(अ. ३/१/४४) इति सूत्रेण वह्+ सिच्+ थस् इति विहितः । अनुवन्धलोपेवह्+स् थस् इति लभते । “**झलो झलि**”(अ.८/२/२६) इति सूत्रेण वह् + थस् इति विहितः ।“**सहि-वहोरोदवर्णस्य**”(अ. ६/३/११२) इति सूत्रेण व्+ ओत्+ ह्+ थस् इति विहितः । “**हो ढः**” (अ. ८/२/३१) इति सूत्रेण व् +ओत् +ढ् + थस् इति लभते । “**हलन्तम्**”(अ. १/३/३) इति व् +ओ +ढ्+ थस् इति विहितः ।“(अ. ३/४/१०१) इति “**तस्- थस्-थ-मिपां-ताम्-तम्-तामः**”(अ.३/४/१०१)सुत्रेण व् +ओ+ ढ्+ अम् इति लभते । “**लुङ्-लङ्-लृङक्ष्वडुदात्तः**”(अ. ६/४/७१) इति सूत्रेण अट् +वोढम् इति विहितः ।“**हलन्तम्**”(अ. १/३/३) इति सूत्रेण ट् लोपे अवोढम् रूपं निष्पन्नः।

**अभाषिषाताम्** – अत्र अभाषिषाताम् अभिहितौ इत्यर्थे प्रयुक्तः । अत्र“**लुङ्** ”(अ. ३/२/११०)इति सूत्रेण भाष् धातोः लुङ्-लकारस्य प्रयोगः । भ्वादिगणे (धा. पा. १/४०७) कथितः भाष् धातु । “ **तिप्-तस्-झि-सिप्-थस्-थ-मिव्-वस्-मस्-तातां-झ-थासाथां-ध्व-मिड्-वहि-महिड्**” (अ. ३/४/७८) इति सूत्रेण भाष् + थस् विहितः । “ **च्लि लुङि**”(अ. ३/१/४३)इति सूत्रेण भाष्+ च्लि + आताम् इति लभते । “ **च्ले सिच्**” (अ. ३/१/४४) इति सूत्रेण भाष् + सिच् + आताम् इति विहितः । अनुवन्धलोपे भाष्+ स् +आताम् इति लभते ।“**आर्धधातुकस्येड वलादेः**”(७/२/३५) इति सूत्रेण भाष्+ इट्+ स्+ आताम् इति विहितः ।“**हलन्तम्**”(१/३/३) इति सूत्रेण भाष् +इ+ स् +आताम् इति लभते ।“**आदेश-प्रत्यययोः**”(अ. ८/३/५९) इति सूत्रेण भाषि+ ष् +आताम् इति विहितः ।“**लुङ्-लङ्-लृङक्ष्वडुदात्तः**”(अ. ६/४/७१) इति सूत्रेण अट् + भाषिषाताम् इति विहितः ।“**हलन्तम्**”(अ. १/३/३)) इति सूत्रेण ट् लोपे अभाषिषाताम् रूपं निष्पन्नः ।

•तान् **प्रत्यवादीद**थ राघवोऽपि यथेप्सितं प्रस्तुतं कर्म धर्मस्य
तपो-मरूद्भिर् भवतां शराऽग्निः संधुक्ष्यतां नोऽरि-समिन्धनेषु ।।**(२ /२८)**

**प्रत्यवादीत्** – अत्र प्रत्यवादीत् प्रत्युवाच इत्यर्थे प्रयुक्तः । अत्र“**लुङ्**”(अ. ३/२/११०)इति सूत्रेण प्रति उपसर्ग पूर्वक वद धातोः लुङ् लकारस्य प्रयोगः । भ्वादिगणे(धा. पा. १/७३५) कथितः वद् धातुः।“**तिप्-तस्-झि-सिप्-थस्-थ-मिव्-वस्-मस्-तातां-झ-थासाथां-ध्व-मिड्-वहि-महिड्** ”(अ. ३/४/७८) इति सूत्रेण वद् + तिप् विहितः । “**च्लि लुङि**”( अ. ३/१/४३)इति सूत्रेण वद् + च्लि + तिप् इति लभते ।**“च्ले सिच्**”(अ. ३/१/४४) इति सूत्रेण वद्+ सिच् + तिप् इति विहितः । अनुवन्धलोपे वद्+ स् + त् इति लभते ।“**झलो झलि**”(अ. ८/२/२६) इति सूत्रेण वद् + त् इति विहितः ।“**वद – वज – हलन्तस्याचः**”(अ. ७/२/३) इति सूत्रेण वाद् + त् इति लभते ।“**अस्ति सिचोऽपृक्ते** ”(अ. ७/३/९६) इति सूत्रेण वाद् + ईट् + त् + इति विहितः ।“**हलन्तम्**”(अ. १/३/३)इति सूत्रेण वाद् + ई + त्इति लभते ।वर्णसम्मेलनेन वादीत् रूपं विहितः ।“**लुङ्-लङ्-लृङक्ष्वडुदात्तः**”(अ. ६/४/७१) इति सूत्रेण अट् + वादीत् इति विहितः । “**हलन्तम्**”(अ. १/३/३) इति सूत्रेण ट् लोपे अवादीत् रूपं निष्पन्नः ।

• लब्धा ततो विश्वजनीन वृत्तिस् तामात्मनीना**मुदवोढ** रामः ।
सद्-रत्न-मुक्ताफलं-भर्म-शोभां संवंहयन्तीं रघु-वर्ग्य–लक्ष्मीम् ।।**(२/४८)**

**उदवोढ** - अत्र उदवोढ परिणीतवान् इत्यर्थे प्रयुक्तः । अत्र“ **लुङ्**”(अ. ३/२/११०) इति सूत्रेण उद् उपसर्गपूर्वक वह् धातोः । भ्वादिगणे (धा. पा.१/७३० ) कथितः वह् धातुः । “ **तिप्-तस्-झि-सिप्-थस्-थ-मिव्-वस्-मस्-तातां-झ-थासाथां-ध्व-मिड्-वहि-महिड्**”(अ. ३/४/७८) इति सूत्रेण वह् + थ इति विहितः।“**च्लि लुङि**”( अ. ३/१/४३)इति सूत्रेण वह् + च्लि + थ इति लभते ।“**च्ले सिच्**”(अ. ३/१/४४) इति सूत्रेण वद्+ सिच् + थ इति विहितः । अनुवन्धलोपेवह् +स् + थ इति लभते । “**झलो झलि** ” (अ. ८/२/२६) इति सूत्रेण वह् + थस् इति विहितः ।“**सहि-वहोरोदवर्णस्य** ”(अ. ६/३/११२) इति सूत्रेण व् + ओत् + ह्+थस् इति लभते । “ **हो ढः**”**(अ.** ८२३१ )इति सूत्रेण व् + ओत् + ढ् + थ इति विहितः।“**हलन्तम्**”(अ.१/३/३) इति व् + ओ + ढ् + थस् इति विहितः ।“**तस्-थस्-थ-मिपा-ताम्-तम्-तामः**”(अ. ३/४/१०१) इति सूत्रेण व् + ओ + ढ् + अ इति लभते । “ **लुङ्-लङ्-लृङक्ष्वड्डुदात्तः**”(अ. ६/४/७१) इति सूत्रेण अट् + वोढ इति विहितः ।“**हलन्तम्**”(अ.१/३/३) इति सूत्रेण ट् लोपे अवोढ रूपं निष्पन्नः ।

• उच्चैरसै राघवमाह्वतेदं धनुः स-वाणं कुरु मा**ऽतियासीः** । पराक्रम –ज्ञः प्रिय-सन्ततिस् तं नम्रः क्षितीन्द्रोऽनुनिनीपुरूचे ।।**(२/५१)**

**अतियासीः** – अत्र अतियासीः मामतिक्रम्य मागमः इत्यर्थे प्रयुक्तः । अत्र“**लुङ्**”(अ. ३/२/११०) इति सूत्रेण अति उपसर्गपूर्वक या धातोः । अदादिगणे (धा.पा. २/४२) कथितः या धातुः ।“**तिप्-तस्-झि-सिप्-थस्-थ-मिव्-वस्-मस्-तातां-झ-थासाथां-ध्व-मिड्-वहि-महिड्** ”(अ. ३/४/७८) इति सूत्रेण या + सिप्इति विहितः।“ **च्लि लुङि**”( अ. ३/१/४३)इति सूत्रेण या + च्लि + सिप् इति लभते ।“**च्ले सिच्**”(अ. ३/१/४४) इति सूत्रेण या + सिच् + सिप् इति विहितः । अनुवन्धलोपेया+स् स् इति लभते ।“**अस्ति सिचोऽपृक्ते**”(अ. ७/३/९६) इति सूत्रेण या + स् + ईट् + स् इति विहितः ।“**हलन्तम्**”(अ. १/३/३) इति सूत्रेण ट् लोपे या + स्+ ई + स् इति लभते ।“**लुङ्-लङ्-लृङक्ष्वड्डुदात्तः**”(अ. ६/४/७१) इति सूत्रेण अट् + यासीस् इति विहितः । “**हलन्तम्**”(अ. १/३/३)) इति सूत्रेण ट् लोपे अयासीस् रूपं लभते ।“**स-सजुषो-रु**”(अ. ८/२/६६) इति सूत्रेण अयासी + रु इति विहितः ।“**उपदेशेऽजनुनासिक इत्**”(अ. १/३/२)इति सूत्रेण अयासी+ र् लभते ।“**खरवसानयोर्विसर्जनीयः**”(अ. ८/३/१५) इति सूत्रेण अयासीः रूपं निष्पन्नः ।

**संङ्केताक्षरसूची** –

अ.- अष्टाध्यायी

धा. पा. - धातुपाठ

**ग्रन्थपञ्जी** –


- अष्टाध्यायी(सूत्रपाठः) –स्वामी प्रह्लादगिरिवेदान्तकेशरी, कृष्णदास अकादेमी, वाराणसी,१८८५।
- अमरकोष – नारायणराम आचार्य काव्यतीर्थः , चैखम्बा संस्कृतभवनम्, वाराणसी ।
- संस्कृत साहित्य का इतिहास –आचार्य वलदेव उपाध्याय , शारदा निकेतन , वाराणसी ।
- वैयाकरणसिद्धान्तकैमुदी– श्रीमद्भट्टोजीदीक्षितविरचिता(मूलमात्रम्), चैखम्बा सुरभारती प्रकाशनम् ,वाराणसी ।
- धातुपाठ – प्रवक्ता पाणिनिराचार्यः – प्रकाशक कपूर ट्रस्ट प्रकाशक , रेवली , सोनीपत – ३९ (हरियाणा) ।
- संस्कृत-धातुकोषः - सम्पादक युधिष्टिर मीमांसक – प्रकाशक कपूर ट्रस्ट प्रकाशक , रेवली , सोनीपत – ३९ (हरियाणा) ।


**संदर्भसूत्र सूची** –

(१) उपदेशेऽजनुनासिक इत् (१/३/२)

(२) हलन्तम् (१/३/३)

(३) च्लि लुङि (३/१/४३)

(४) च्ले सिच् (३/१/४४)

(५) लुङ् (३/२/११०)

(६) तिप्-तस्-झि-सिप्-थस्-थ-मिव्-वस्-मस्-तातां-झ-थासाथां-ध्व-मिड्-वहि-महिड् ( ३/४/७८)

(७) तस्-थस्-थ-मिपा-ताम्-तम्-तामः ( ३/४/१०१)

(८) सहि-वहोरोदवर्णस्य ( ६/३/११२)

(९) लुङ्-लङ्-लृङःक्ष्वडुदात्तः ( ६/४/७१)

(१०) वद – वज – हलन्तस्याचः ( ७/२/३)

(११) आर्धधातुकस्येड वलादेः(७/२/३५)

(१२) अस्ति सिचोऽपृक्ते(७/३/९६)

(१३) झलो झलि ( ८/२/२६)

(१४) हो ढः ( ८२३१ )

(१५) खरवसानयोर्विसर्जनीयः ( ८/३/१५)

(१६) आदेश-प्रत्यययोः( ८/३/५९)

(१७) स-सजुषो-रु ( ८/२/६६)

(१८) ष्टुना ष्टुः(८/४/४१)

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# हिन्दी साहित्य में उपन्यास विधा का उद्‌भव एवं विकास



**इन्दुबाला यदुवंशी**
**शोध छात्रा–हिन्दी,**
**श्री गान्धी पी0 जी0 कॉलेज मालटारी, आजगमढ़,**
**सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,**
**जौनपुर, उत्तर प्रदेश, भारत।**

**शोध आलेख सार–** हिन्दी उपन्यास की कथा–भूमि काफी विस्तृत हो चुकी है और इन्हीं वर्गों से लेखक ऊँचे स्वर में सामाजिक न्याय की माँग करने लगे हैं। यदि यही प्रयास रहा तो हम उपन्यास न्याय की माँग करने लगे हैं। यदि यही प्रयास रहा तो हम उपन्यास साहित्य को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सक्षम रहेंगे और हिन्दी का व्यापक प्रचार–प्रसार करने में सफल हो सकते हैं।

**मुख्यशब्द–** हिन्दी, उपन्यास, कथा–भूमि, साहित्य, सामाजिक, अन्तरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय।

उपन्यास शब्द दो शब्दों उप और न्यास के मिलने से बना है जिसका अर्थ है– समीप रखना अर्थात् वह वस्तु या कृति जिसको पढ़कर ऐसा लगे कि उसमें हमारे ही जीवन का प्रतिबिम्ब दिखाई पड़ रहा हैं, वह विधा उपन्यास कहलाती है क्योंकि इस विधा में मानव जीवन का चित्र बहुत निकट से चित्रित होता दिखाई देता है।

उपन्यास के लिए 'अंग्रेजी' में 'Novel' शब्द का प्रयोग किया जाता है। 'न्यू इंग्लिश डिक्शनरी' में 'Novel' की परिभाषा इस प्रकार दी गई है–

''नॉवेल वह विस्तृत गद्यात्मक आख्यान प्रधान रचना है जिसमें वास्तविक जीवन का अनुकरण करने वाली घटनाओं एवं पात्रों का एक व्यवस्थित कथावस्तु के रूप में वर्णन करता है।''[1]

गद्य की प्रमुख विधाओं में उपन्यास को सबसे आधुनिक विधा माना जाता है। हिन्दी में नॉवेल के अर्थ में उपन्यास शब्द का पहला प्रयोग 1875 ई0 में हुआ और बंगला में उपन्यास शब्द का पहला प्रयोग 1862 ई0 में हुआ जो भूदेव मुखोपाध्याय द्वारा किया गया था।

उपन्यास की रचना करने वाले तत्व छः माने गये हैं– कथानक, चरित्र या पात्र, संवाद या कथोपकथन, देशकाल, शैली, उद्‌देश्य परन्तु इन छः तत्वों के विषय में भी एक राय मान्यता नहीं रखती, कुछ विद्वानों ने उद्‌देश्य की जगह रस को प्रमुखता दी है, तो कुछ रस और उद्‌देश्य दोनों को मान्यता प्रदान करते हैं। प्रत्येक पाठक उपन्यास से यह अपेक्षा रखता है कि उपन्यास की कथावस्तु के विविध प्रसंग एवं घटनाएँ एक धागे में इस प्रकार पिरोयी गयी हों कि वह अलग–अलग न प्रतीत हों।

अपने इतिहास में 'उपन्यास' के सम्बन्ध में विचार करते हुए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कहा है कि, ''निपुण उपन्यासकारों को केवल राजनीतिक दलों द्वारा प्रचारित बातों को लेकर ही न चलना चाहिए, वस्तुस्थिति पर अपनी व्यापक दृष्टि भी डालनी चाहिए।''[2]

शुक्ल जी का कथन इस बात को प्रमाणित करता है कि आचार्य शुक्ल देश–विदेश की नवीनतम साहित्यिक गतिविधियों पर बराबर निगाह रखते थे और किसी भी प्रवृत्ति या स्थापना के अन्य अनुकरण को कल्याणकारी नहीं मानते थे। उन्हें निरन्तर इस बात की चिन्ता रहती थी कि अपने साहित्य का एक स्वतंत्र व्यक्तित्व होना चाहिए। हिन्दी साहित्य की स्वतंत्र प्रतिमा गढ़ने के लिए उन्होंने अथक प्रयत्न किया। वे साहित्य को राजनीति से ऊपर देखना चाहते थे और यही सोचते थे कि साहित्यिकारों को साहित्य हमेशा राजनीति से ऊपर रखना चाहिए न कि हम उसके इशारों पर नृत्य करें।

हिन्दी उपन्यास का वास्तविक विकास भारतेन्दु युग से माना जाता है, जिसका सम्बन्ध भारतीय नवजागरण से जुडा है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने लाला श्रीनिवास द्वारा रचित 'परीक्षागुरू' जो सन् 1882 में प्रकाशित हुआ, इसे हिन्दी का पहला उपन्यास स्वीकार किया है। हिन्दी उपन्यासों के उद्भव एवं विकास के सम्बन्ध में उपन्यासों का विभाजन तीन कालखण्डों में किया गया है–

1. प्रेमचन्द पूर्व हिन्दी उपन्यास
2. प्रेमचन्द युगीन हिन्दी उपन्यास
3. प्रेमचन्द्रोत्तर हिन्दी उपन्यास।

**1. प्रेमचन्द पूर्व हिन्दी उपन्यास :**

प्रेमचन्द्र पूर्व युग में पं0 श्रद्धाराम फिल्लौरी द्वारा सन् 1877 में 'भाग्यवती' उपन्यास लिखा गया जिसकी सामाजिक उपन्यास के रूप में बहुत प्रशंसा हुई थी। भले ही यह अंग्रेजी ढंग का मौलिक उपन्यास न हो किन्तु विषय वस्तु की दृष्टि से इसे हिन्दी का प्रथम आधुनिक उपन्यास कह सकते हैं। भारतेन्दु युगीन हिन्दी उपन्यासों पर विचार करते हुए शुक्ल जी ने लिखा है– ''नाटकों और निबन्धों की ओर विशेष झुकाव रहने पर भी बंगभाषा की देखा–देखी नए ढंग के उपन्यासों की ओर ध्यान जा चुका था। इस समय तक बंगभाषा में बहुत से अच्छे उपन्यास निकल चुके थे। अतः साहित्य के इस विभाग की शून्यता शीघ्र हटाने के लिए उनके अनुवाद आवश्यक प्रतीत हुए।''[3]

वास्तव में प्रेमचन्द–पूर्व युग में हमारी साहित्य चेतना दो प्रमुख प्रवृत्तियों में परिचालित थी। एक प्रवृत्ति लोगों के मनोरंजन का कारण बनी तथा दूसरी समाज को जागरूक करने की ऐयारी, तिलस्मी एवं कल्पना पर आधारित उपन्यास मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए लिखे गये और शुद्ध ऐतिहासिक उपन्यास इस युग में बहुत कही कम लिखे गये। समाज को जागरूक करने की प्रेरणा से जो उपन्यास लिखे गये वे सुधारवादी थे और कुछ उपन्यास नवीन बौद्धिक जागरण का स्वागत करते हुए नए सुधारे हुए का समर्थन कर रहे थे। इसी समय बालकृष्ण भट्ट का 'नूतन ब्रह्मचारी', ठाकुर जगमोहन सिंह का 'श्यामा स्वप्न', राधाकृष्ण दास का 'निस्सहाय हिन्दू', लज्जाराम मेहता का 'धूर्त रसिकलाल' आदि उपन्यास प्रकाशित हुए।

किशोरीलाल गोस्वामी प्रेमचन्द्र–पूर्व युग के सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपन्यासकार हैं। लीलावती व आदर्श सती, त्रिवेणी व सौभाग्यश्रेणी आदि उपन्यासों में इन्होंने प्रेम के विविध रूपों का चित्रण किया है और इनके लगभग सभी

उपन्यास स्त्री–प्रधान हैं। जिस समय गोस्वामी जी एक खास प्रकार के उपन्यासों की रचना कर रहे थे, उसी समय हिन्दी उपन्यासों में कस्बे और ग्रामीण–अंचलों में उगते हुए मध्यम–वर्ग और शहरी क्षेत्रों के रईसों की जीवन शैली को वर्णित करते हुए भुवनेश्वर मिश्र 'घराऊ घटना' और जैनेन्द्र किशोर 'गुलेनार' उपन्यास लेकर साहित्य–क्षेत्र में आये। जिसमें तत्कालीन रईसों के घरेलू जीवन का सजीव एवं यथार्थ चित्र प्रस्तुत किया गया है। आंचलिकता का रंग लिए हुए इन उपन्यासों में सामान्य मध्य वर्ग के घरेलू जीवन का जितना सजीव चित्रण यथार्थ रूप में प्रस्तुत किय गया है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' ने 'ठेठ हिन्दी का ठाट या देवबाला (1899ई0) तथा अधखिला फूल (1907ई0) नामक दो उपन्यास लिखे 'ठेठ हिन्दी का ठाट' उपन्यास में अनमेल विवाह का दुष्परिणाम दिखाया गया है तथा 'अधलिखला फूल' धर्म की महत्ता को प्रतिपादित करता हुआ धार्मिक अंधविश्वासों के कुपरिणाम को परिलक्षित करता है। ब्रजनन्दन सहाय ने बंगला साहित्य से प्रभावित होकर दो सामाजिक उपन्यासों की रचना की, जिनमें से 'सौन्दर्योपासक'' में मनोवैज्ञानिक समस्या की अभिव्यक्ति एवं 'राधाकान्त' आत्मकथात्मक शैली में लिखा गया चरित्र–प्रधान उपन्यास है।

तिलस्मी व ऐयारी उपन्यासों की प्रेमचन्द–पूर्व युग में खूब धूम रही और हिन्दी में इन उपन्यासों के प्रवर्तन का श्रेय देवकी नन्दन खत्री को जाता है, इनके उपन्यासों के बारे में तो यह बात सर्वप्रसिद्ध है कि इनके उपन्यासों को पढ़ने के लिए कितने लोगों ने हिन्दी पढ़ना सीख लिया। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कहा है–

''पहले मौलिक उपन्यास लेखक जिनके उपन्यासों की सर्वसाधारण में धूम हुई, काशी के बाबू देवकीनन्दन खत्री थे।''[4]

देवकीनन्दन खत्री ने 'चन्द्रकान्ता' उपन्यास लिखकर हिन्दी में तिलस्मी, ऐयारी उपन्यासों का शुभारम्भ किया। चन्द्रकान्ता सन्तति, नरेन्द्रमोहिनी, कुसुमकुमारी आदि उपन्यास तिलस्मी व अय्यारी पर आधारित है। खत्री जी के उपन्यासों की पुनर्मूल्यांकन करते हुए प्रदीप सक्सेना ने लिया है कि, ''चन्द्रकान्ता यथार्थवाद के प्रथम उत्पाद का महाकाव्य है। वह तिलस्मी रचना नहीं है। चन्द्रकान्ता दो युगों के उस सन्धिस्थल पर खड़ी है, जहाँ से एक युग ढह रहा है और दूसरा उभर रहा है। एक जा रहा है– दूसरा आ रहा है। तब फिर यह कृति दयनीय महानता की नहीं– उस नयी सुबह की पहली दास्तान है, जिसमें उस समय के भारत की अंगड़ायाँ सुरक्षित हैं।''[5]

इन उपन्यासों को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने साहित्य की कोटि में नहीं रखा है। अति प्राकृत भावना के आधार पर लिये गये इन उपन्यासों की लोकप्रियता के पीछे मध्ययुगीन विकृत रूचि उत्तरदायी है। कुछ भी हो, हिन्दी के प्रचार–प्रसार में जितना महत्वपूर्ण योगदान इन तिलस्मी उपन्यासों का है उतना किसी अन्य गद्य–विधा का नहीं। माता प्रसाद गुप्त जी का मानना है कि– ''खत्री जी की कल्पना के पीछे तत्कालीन प्रौद्योगिकी का यथार्थ है। उन्होंने एक इतिहास दृष्टि का उपयोग करने की चेष्टा की है। इतिहास दृष्टि की यह यात्रा यद्यपि भौगोलिक आधारों और पुरातात्विक सामग्री से प्रारम्भ हुई थी, लेकिन समाप्त राजनीतिक सामन्तवाद के पतनशील प्रभामण्डल के आन्तरिक विघटन और नवजागरण की लहरों के निरन्तर टकराव से उत्पन्न प्रभावों पर हुई थी।''[6]

इसी समय बाबू गोपालराम गहमरी ने गहमर से ''जासूस'' नामक मासिक पत्र निकाला और उस पत्र के लिए इनको जासूसी उपन्यास लिखने पड़े। बेकसूर की फाँसी, सरकटी लाश, जासूस की भूल, खूनी का भेद आदि इनके जासूसी उपन्यास हैं। इन उपन्यासों में घटित होने वाली घटनाएँ जीवन की यथार्थ स्थिति के निकट प्रतीत होत है

और इनमें कल्पना के साथ बुद्धि का भी योगदान दिखाई पड़ता है। इस युग में बंगला–साहित्य से बहुत अनुवाद किए गए, राधाचरण गोस्वामी द्वारा दामोदर मुखर्जी के 'मृण्यमयी' उपन्यास का अनुवाद तथा बाबू गदाधर सिंह ने बंकिमचन्द्र चटर्जी के 'दुर्गेशनन्दिनी' का अनुवाद किया।

प्रेमचन्द्र पूर्व युग के बारे में कुछ भी कहा जाय परन्तु यह तो सत्य है कि ये उपन्यास साहित्य के प्रेरक, सशक्त और स्फूर्ति प्रदान करने वाली परम्परा के द्योतक सिद्ध हुए और इसी के फलस्वरूप हिन्दी उपन्यास साहित्य में एक नये युग का आरम्भ हुआ और नवीन युग चेतना प्रेमचन्द के आगमन से फलीभूत हुई।

**प्रेमचन्द युगीन हिन्दी उपन्यास :**

हिन्दी उपन्यासों के विकास क्रम में प्रेमचन्द्र युग का बहुत बड़ा योगदान है। हिन्दी–साहित्य में इस युग को 'छायावाद युग' के नाम से जाना जाता है। छायावाद दुर्बलताओं के होते हुए भी नवजागरण का युग था क्योंकि भावावेग, आदर्शप्रियता, राष्ट्रीय–भावना, स्वच्छन्दता आदि प्रवृत्तियाँ नवजागरण का ही संकेत देती हैं। इन प्रवृत्तियों से प्रेमचन्द्र अछूते न रह सके और इन सबका अभाव उनके उपन्यासों में दिखाई देता है। गाँधीवादी आदर्श जीवन प्रणाली एवं सत्य अहिंसा आदि प्रवृत्तियाँ प्रेमचन्द पर इस कदर हावी थीं कि पाश्चात्य प्रभाव को स्वीकार करते हुए भी भारतीय संस्कृति के मूलभूत आधार–आदर्श, संयम, त्याग, उदारता, सेवा एवं परोपकार से ही प्रेमचन्द जीवन–दर्शन की प्रेरणा लेते थे। प्रेमचन्द के व्यावहारिक जीवन में गाँधी जी के कार्यों का पूर्ण प्रभाव था ही, आर्य समाज की तार्किकता, गाँधी जी की विनय शीलत और लोकमान्य तिलक जी के तेजस्वी स्वरूप की स्पष्ट छाप भी इनके जीवन में भरपूर दिखाई देती है। आर्य समाज, तिलक और गाँधी की विचारधारा का प्रभाव प्रेमचन्द युग की गतिशील जीवन–दृष्टि के निर्माण में सार्थक सिद्ध हुआ। साम्प्रदायिक एकता, अस्पृश्यता निवारण, नशाखोरी दूर करना, स्त्रियों की उन्नति, स्वास्थ्य और सफाई की भावना का प्रचार, राष्ट्र भक्ति, राष्ट्र भाषा और निजभाषा के प्रति प्रेम की भावना एवं किसानों–मजदूरों के प्रति सच्ची सहानुभूति आदि प्रवृत्तियाँ प्रेमचन्द पर गाँधीवादी जीवन दृष्टि के स्पष्ट प्रभाव को परिलक्षित करती दिखाई देती हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि गाँधी जी के कार्यों के मूल में उनकी मानववादी विचारधारा भी कार्य कर रही थी। इस विचारधारा से प्रेमचन्द्र प्रभावित हुए बिना न रह सके। तभी तो उन्होंने जीवन में साहित्य का स्थान विषय पर विचार करते हुए लिखा भी है–

''आदिकाल से मनुष्य के लिए सबसे समीप मनुष्य है। हम जिस के सुख–दुख, हँसने–रोने का मर्म समझ सकते हैं, उसी से हमारी आत्मा का अधिक मेल होता है। हमारी मानवता जैसे विराट और विशाल होकर समस्त मानव जाति पर अधिकार पा जाती है। मानव जाति ही नहीं, चर और अचर, जड़ और चेतन सभी उसके अधिकार में आ जते हैं।''[7]

हालाँकि जीवन के अन्तिम पड़ाव में प्रेमचन्द्र आदर्शवादी प्रवृत्तियों के प्रति उदासीन हो गये थे, क्योंकि सेवासदन से गोदान तक आते–आते उनके विचार क्रान्ति का रूप धारण कर लिए थे। फलस्वरूप 'गोदान' प्रेमचन्द की परिपक्व जीवन–दृष्टि को भलीभाँति प्रमाणित करता है। गोदान उपन्यास एक ऐसी पृष्ठभूमि पर प्रतिष्ठित है, जहाँ जैनेन्द्र की आत्मकेन्द्रित पीड़ा, इलाचन्द्र जोशी की काम कुण्ठा जनित चेतना, यशपाल का सामाजिक यथार्थवाद, भगवतीचरण वर्मा और 'अश्क' का रोमानी व्यक्तिवाद अमृत लाल नागर का मानववाद के प्रति सर्वमांगलिक निष्ठा आदि प्रेरणासूत्रों को प्रेमचन्द्र ने साहित्य–जीवन की व्यापक अनुभूति के साथ सम्बद्ध कर दिया है क्योंकि ये सभी

पाठकों की सुरूचि को जागृत करने वाले, आध्यात्मिक और मानसिक शान्ति प्रदान करने वाले और शक्ति और गति को उत्पन्न करने में सहायक हैं। इसलिए प्रेमचन्द्र के उपन्यास यथार्थ की अनुभूति, समाज मंगल, आदर्श की कल्पना आदि भावों से ओत–प्रोत हैं। सेवासदन 1918, गबन 1931, कर्मभूमि 1932, गोदान 1936 आदि प्रेमचन्द के प्रसिद्ध उपन्यास है। इन उपन्यासों में प्रेमचन्द्र जी ने अपने युग की सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों का चित्र खीचने का सुन्दर प्रयास किया है।

प्रेमचन्द से प्रभावित होकर प्रेमचन्द के ढंग के उपन्यास को लिखने में प्रवृत्त उपन्यासकारों में विशम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक शिवपूजन सहाय, भगवती प्रसाद वाजपेयी, चण्डी प्रसाद हृदयेश, राधिक रमण सिंह, सियाराम शरण गुप्त आदि प्रमुख स्थान रखते हैं। कौशिक जी ने दो उपन्यास 'माँ' और 'भिखारिणी' नाम से लिखे और इन दोनों उपन्यासों में मानव चरित्र का मर्म स्पर्शी चित्र खींचने का प्रयास कौशिक जी ने किया है। 'माँ' उपन्यास में माता की महिमा स्नेह और विवेकपूर्ण देखरेख पर प्रकाश डालते हुए 'भिखारिणी' में अन्तर्जातीय विवाह की समस्या को उठाया है तथा मानव मन के सहज आकर्षण और जातीय बन्धन की कठोरता के मार्मिक द्वन्द्व को बड़े ही सहज भाव से दर्शाने की कोशिश की है। शिवपूजन सहाय ने देहाती दुनिया नामक उपन्यास लिखकर एक प्रकार से आंचलिक उपन्यास की नीव डाली, जिस पर बाद में फणीश्वरनाथ रेणु के मैला आँचल आदि उपन्यासों द्वारा एक भवन का निर्माण किया गया, जिसकी छत्रछाया में कई आंचलिक उपन्यास फले फूले। देहाती दुनिया में सहाय जी ने ग्रामीण अंचल का सहज एवं प्रभावकारी चित्र प्रस्तुत किया है। वे स्वयं लिखते हैं ''मैं ऐसी ठेठ देहात का रहने वाला हूँ, जहाँ इस युग की नयी सभ्यता का बहुत ही धुँधला प्रकाश पहुँचा है। वहाँ केवल दो ही चीजें प्रत्यक्ष देखने में आती है– अज्ञानता का घोर अन्धकार और दरिद्रता का ताण्डव नृत्य। वहीं पर मैंने जो कुछ देखा–सुना है, उसे यथाशक्ति ज्यों का त्यों इसमें अंकित कर दिया है।''[8]

**प्रेमचन्दोत्तर हिन्दी उपन्यास –** प्रेमचन्दोत्तर युग में उपन्यासकारो की दो समान्तर पीढ़ियाँ कार्य कर रही थीं। पहली पीढ़ी के उपन्यासकारों का मानस संस्कार प्रेमचन्द–युग में ही हो गया था परन्तु उन्होंने जल्द ही युग–प्रवाह के साथ अपनी मनोवृत्ति में परिवर्तन करने के उपरान्त प्रेमचन्द–युग से आगे निकल अपनी एक सीमा बनाई और दूसरी पीढ़ी ने देश स्वतंत्र होने के पश्चात् उपन्यास लेखन के क्षेत्र में अपना कदम रखा। प्रेमचन्द जी ने भावी उपन्यासों के सम्बन्ध में भविष्यवाणी करते हुए कहा था–

''यों कहना चाहिए कि भावी उपन्यास जीवन–चरित होगा, चाहे किसी बड़े आदमी का या छोटे आदमी का। उसकी छुटाई–बड़ाई का फैसला उन कठिनाइयों से किया जाएगा कि जिन पर उसने विजय पायी है। हाँ, वह चरित्र इस ढंग से लिखा जाएगा कि उपन्यास मालूम हो। अभी हम झूठ को सच बनाकर दिखाना चाहते हैं, भविष्य में सच को झूठ बनाकर दिखलाना होगा। किसी किसान का चरित्र हो गया किसी देशभक्त का या किसी बड़े आदमी का पर उसका आधा यथार्थ पर होगा। तक यह काम उससे कठिन होगा जितना अब है क्योंकि ऐसे बहुत कम लोग है, जिन्हें बहुत से मनुष्य को भीतर से जानने का गौरव प्राप्त हो।''[9]

इतिहास की दृष्टि से इस काल में लिखे गये उपन्यासों का मुख्य उद्देश्य जनता को जागरूक करना एवं उन्हें अपने कर्त्तव्यों की याद दिलाना था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले पूरे हिन्दी प्रदेश को एकता–सूत्र में बाँधने और उत्साह को एक निश्चित दिशा में प्रवाहित करने वाली प्रेरणा थी– ब्रिटिश साम्राज्यवाद से सतत् संघर्ष की प्रवृत्ति।

इसके साथ–साथ शोषण का विरोध, निम्नवर्ग के प्रति सहानुभूति, सामाजिक एकता, नारी–जागरण आदि अन्य प्रेरणाप्रद बातें जो साहित्यकारो की सृजन–शक्ति को जागृत करने का कार्य कर रही थी और रचनाकारों के मन में आदर्शवादी प्रवृत्तियाँ विशेष रूप से कार्य कर रही थीं, साहित्यकार यथार्थ की ओर बढ़ रहे थे और उनके कदम परम्परा के प्रति आक्रामक रूप नहीं ले पाये थे। स्वच्छन्दतावादी, मानवतावादी, प्रगावादी और मनोविश्लेषणवादी प्रवृत्तियाँ धीरे–धीरे विकास की तरफ अग्रसर थी लेकिन उस युग के उपन्यासकार उद्देश्यहीनता, व्यक्तित्व की खोज, अजनबीपन और कुण्ठा जैसी प्रवृत्तियों से परिचित नहीं थे। इस श्रेणी के उपन्यासकारों में चतुरसेन शास्त्री, इलाचन्द्र जोशी सियारामशरण गुप्त, प्रतापनारायण श्रीवास्तव, जैनेन्द्र कुमार, उपेन्द्रनाथ अश्क, हजारी प्रसाद द्विवेदी आदि आते हैं, इनमें से कुछ इतिहास को आधार बनाकर उपन्यासों की रचना करते हैं तो कुछ फ्रायड के मनोविज्ञान पर आधारित मनोविश्लेषणात्मक उपन्यास लिखते हैं। इन्ही उपन्यासकारों की श्रेणी में अज्ञेय का नाम भी बड़े सम्मान से लिया जाता है। जिन्होंने शेखर एक जीवनी जैसी प्रौढ़ और सशक्त कृति का सृजन किया और आज की प्रखर वैज्ञानिक बौद्धिक चेतना के आलोक में पारम्परिक भारतीय जीवन को गहराई से देखा है तथा साथ ही साथ सभी स्तर पर आस्था की पुरानी जड़ों को झकझोरने का प्रयास किया। अज्ञेय ने तीन उपन्यासों का सृजन किया, जिसमें से शेखर एक जीवनी को कुछ विद्वान उनके विद्रोही स्वरूप से सम्बद्ध करते हैं और दूसरा 'नदी के द्वीप' शिल्प की दृष्टि से अधिक सशक्त है तथा तीसरे उपन्यास 'अपने–अपने अजनबी' में अज्ञेय कहीं न कहीं अस्तित्ववादी दर्शन से जुड़े प्रतीत होते हैं और इस उपन्यास का मुख्य विषय मृत्यु से साक्षात्कार है जिसमें मानव और उसके जीवन तथा नियति का मार्मिक विवेचन कर अज्ञेय जी ने इसे प्रभावी बना दिया है। डॉ0 इन्द्रनाथ मदान ने इस उपन्यास का मूल्यांकन करते हुए आधुनिकता के सन्दर्भ में कहा है– ''यह उपन्यास अज्ञेय की रचना–प्रक्रिया में आधुनिकता के उस दौर को सूचित करता है, जब इनकी कृतियों में आधुनिकता का अस्वीकार झलकने लगता है।''

इसके बाद सामाजिक और यथार्थवादी उपन्यासों के साथ यशपाल, भीष्म साहनी, मन्मथनाथ गुप्त, अमृतराय, अमरकान्त, राही मासूम राजा आदि का आगमन होता है। भीष्म साहनी का तमस उपन्यास भारत–पाकिस्तान विभाजन पर आधारित है, जिसमें 1947 में हुए साम्प्रदायिक दंगों की विभीषिका साहनी जी द्वारा प्रस्तुत की गई है जिसे पढ़कर यह ज्ञात होता है कि बड़े लोगों द्वारा अपने स्वार्थ के लिए कैसी नीति और हथकंडे अपनाए जाते है, जिसमें उन्हें तनिक भी संकोच नहीं होता और ये नीतियाँ जनसाधारण के जीवन से खिलवाड़ करके राष्ट्र का इतिहास ही बदल देती है। इस उपन्यास के माध्यम से लेखक जन साधारण को यह समझाने का प्रयास करता है कि हिन्दू–मुस्लिम साम्प्रदायिक समस्या के समाधान के लिए व्यक्ति को आन्तरिक रूप से बदलना होगा और अपने अन्दर यह भाव विकसित करना होगा जिससे हम सामाजिक बन्धनों को काटकर मनुष्यत्त्व को ऊपर उठा सकें। झरोखें, कड़ियाँ, वसन्ती, कुन्तो, नीलू, नीलिमा नीलोफर भीष्म साहनी के प्रसिद्ध उपन्यास है।

अमरकान्त ने सूखा पत्ता, आकाश पक्षी, काले उजले दिन, सुखजीवी और इन्ही हथियारों से आदि उपन्यास लिखे, जिनमें इन्हीं हथियारों से नामक उपन्यास जो 2003 में प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास में भारत छोड़ो आन्दोलन अगस्त 1942 से लेकर देश के स्वतंत्र होने 15 अगस्त, 1947 तक का सामाजिक यथार्थ लेखक द्वारा चित्रित किया गया है। इस रचना द्वारा लेखक ने यह विश्वास जाहिर किया है कि सभी जातियों, धर्मों एवं क्षेत्रों की एकता से ही

देश का भविष्य सुरक्षित रखा जा सकता है क्योंकि इन्हीं मूल्यों के जरिए हमने स्वतंत्रता जा सकता है और देश के आगे ले जाने के लिए इन्हीं मूल्यों का सहारा लेना होगा।

इसी श्रेणी में राही मासूम रजा का नाम आता है, जिन्होंने देश के स्वतंत्र होने से लेकर देश में आपातकाल लागू होने तक कई उपन्यास लिखे हैं। आधा गाँव उपन्यास जिसमें देश के स्वतंत्र होने, उसके दो टुकड़ो में बँटने, जमींदारी के समाप्त होने आदि का वर्णन है। टोपी शुक्ला, हिम्मत जौनपुरी और की बूँद, दिल एक सादा कागज, सीन 75, कटरा बी आरजू आदि प्रमुख है। कटरा बी आरजू नामक उपन्यास इलाहाबाद सम्प्रति प्रयागराज के कटरा में रहने वाले मध्य और गरीब वर्ग की कहानी है, जिसके द्वारा लेखक ने यह दर्शाने का प्रयास किया है कि कैसे गरीब लोग अपनी छोटी–छोटी आरजू पूरी नहीं कर पाते इसीलिए इस उपन्यास का नाम कटरा बी आरजू रख दिया गया। इसमें कटरा को एक प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है। 26 जून 1975 से मार्च, 1977 तक देश में आपातकाल लागू था और इस समय देश के लोगों ने जिन परिस्थितियों का सामना किया, उसका पूरा चित्रण राही मासूम रजा ने मानवीय संवेदना के साथ प्रस्तुत किया है।

ऐतिहासिक, पौराणिक उपन्यासकारों में वृन्दावन लाल वर्मा, चतुरसेन शास्त्री, राहुल सांकृत्यायन, यशपाल, अमृतलाल नागर, हजारी प्रसाद द्विवेदी और नरेन्द्र कोहली आदि आते हैं। यशपाल ने मार्क्सवादी जीवन दर्शन की व्याख्या के लिए इतिहास को आधार बनाया है। 'दिव्या' की भूमिका में उन्होंने लिखा है–

"इतिहास मनुष्य का अपनी परम्परा में आत्म विश्लेषण है। इतिहास के मंथन से प्राप्त अनुभव के अनेक रत्नों में सबसे प्रकाशमान है– मनुष्य भोक्ता से बड़ा है, केवल उसका अपना विश्वास और स्वयं ही उसका रचा हुआ विधान। अपने विश्वास और विधान के सम्मुख वह विवशता अनुभव करता है। और स्वयं ही उसे बदल भी देता है। इसी सत्य को अपने चित्रमय अतीत की भूमिका पर कल्पना में देखने का प्रयास दिव्या है।"[11]

ऐतिहासिक पौराणिक उपन्यासों के पूरे विकासक्रम को ध्यान में रखने के पश्चात् हम यह कह सकते हैं कि अब इतिहास या पुराण की पुनर्रचना केवल मनोरंजन की दृष्टि से नहीं की जा रही है वरन् लेखकों द्वारा उनसे प्रेरणा लेने का सुन्दर प्रयास है और उसे आज की राष्ट्रीय, सांस्कृतिक या मानवीय समस्याओं के आलोक में देखने के पश्चात् समस्याओं के समाधान में उनका उपयोग है। इसलिए आज इतिहास अतीत में संचरण का माध्यम न बनकर वर्तमान के निर्माण के महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

आंचलिक उपन्यासकारों में रेणु का मैला आँचल नागार्जुन का बलचनमा, उदयशंकर भट्ट का सागर, लहरें और मनुष्य, राजेन्द्र अवस्थी का सूरज किरन की छाँव, रामदरश मिश्र का पानी के प्राचीर, विवेकीराय का सोना–माटी, लोक ऋण, समर शेष है, शैलेष मटियानी का बोरीवाली से बोरी बन्दर तक भगवानदास मोरवाल का काला पहाड़, बाबल तेरे देश में प्रसिद्ध उपन्यास हैं। इन उपन्यासों में पिछड़े हुए अज्ञात अंचल या किसी अपरिचित जाति के जीवन को पूरी सहृदयता के साथ चित्रित कर क्षेत्र–विशेष में रहने वालों के जीवन की उन विशेषताओं का अंकन कियाजाता है जो उसे निजता प्रदान करती हैं और जिनके कारण वह क्षेत्र अन्य क्षेत्रों से भिन्न व विशिष्ट समझा जाता है।

प्रगतिशील उपन्यासकारों में मिथिलेश्वर, विभूति नारायण राय, वीरेन्द्र जैन, ज्ञान चतुर्वेदी आदि आते हैं, जिन्होंने अपने अपने उपन्यासों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों अन्धविश्वासों का पर्दाफाश करके समाज को

जागरूक बनाने का प्रयास किया है। इस समय हिन्दी साहित्य जगत् में कुछ नए लेखकों का आगमन हुआ है उनमें से काशीनाथ सिंह के उपन्यास काशी का अस्सी की तर्ज पर लिखा गया बनारस टॉकीज सत्य व्यास का प्रसिद्ध उपन्यास है। प्रेमचन्द्र के गोदान की तरह कृषक जीवन की त्रासदी की कथा कहता हुआ पंकज सुबीर का 'अकाल में उत्सव' प्रसिद्ध उपन्यास है। रणेन्द्र का 'ग्लोबल गाँव के देवता' सत्य नारायण पटेल का 'गाँव भीतर गाँव' आदिवासी समाज पर कुछ लेखकों ने उपन्यास लिखे है जिनसे रणेन्द्र का 'गायब होता देश' और राकेश कुमार सिंह का 'पठार पर कोहरा' आदि उल्लेखनीय हैं।

महिला उपन्यासकारों का आगमन कथा–साहित्य में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् नारी जागरण और स्त्री शिक्षा के व्यापक प्रचार–प्रसार के फलस्वरूप हुआ। इनमें दिनेश नंदिनी डालमिया, शशिप्रभा शास्त्री, शिवानी, कृष्णा सोबती, मन्नू भण्डारी, ऊषा प्रियंवदा, राजी सेठ, मंजुल भगत, मृदुला गर्ग, ममता कालिया, मृणाल पाण्डेय, नासिरा शर्मा, मधु काँकरिया, मैत्रेयी पुष्पा, अलका सरावगी, रजनी गुप्त आदि प्रमुख हैं। कृष्णा सोबती के दो उपन्यास ''सूरजमुखी अँधेरे के'' (1972) तथा जिन्दगी नामा (1979) विशेष प्रसिद्ध है। जिन्दगीनामा एक बड़ा उपन्यास है, जिसमें कृष्णा सोबती ने पंजाब की विगत शती की पूरा ब्योरा प्रस्तुत किया है जैसे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने प्रेमचन्द के बारे में कहा था कि यदि आप उत्तर भारत के रहन–सहन, भाषा–विचार आदि जानना चाहते हैं तो प्रेमचन्द्र से अच्छा मार्गदर्शक आपको नहीं मिल सकता ठीक उसी प्रकार डॉ0 देवराज उपाध्याय ने कृष्णा सोबती के जिन्दगी उपन्यास के बारे में अपना मत प्रस्तुत किया है–

''यदि किसी को पंजाब प्रदेश की संस्कृति, रहन–सहन, चाल–ढाल, रीति–रिवाज की जानकारी प्राप्त करनी हो, इतिहास की बात करनी हो, वहाँ की दन्तकथाओं, प्रचलित लोकोक्तियों तथा 18वीं, 19वीं शताब्दी की प्रवृत्तियों से अवगत होने की इच्छा हो तो जिन्दगीनामा से अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं।''[12]

मधु काँकरिया का उपन्यास खुले गगन के लाल सितारे नक्सलवादी आन्दोलन को आधार बनाकर लिखा गया है जिसमें लेखिका द्वारा अनेक अवसरों पर मान्यताओं और निष्कर्षो को सीधे प्रस्तुत कर महत्त्वपूर्ण प्रश्नों को सामान्य कर दिया गया है। यह उपन्यास आम आदमी के लिए बेहतर स्वप्न देखने की आकांक्षा से दीप्त है। मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास अंचल–विशेष में रंगे होने पर भी पूर्णतया आंचलिक नहीं प्रतीत होते। उनके उपन्यासों में व्यक्ति के साथ प्रकृति, पारम्परिक संस्कार एवं पूरी लोक संस्कृति है और नारी पात्र सक्रिय और सजग हैं एवं सबसे बड़ी बात उनमें सच कहने का साहस है तथा क्रान्ति चेतना किसी विचारधारा दायरे में कैद नहीं है, इसीलिए वे खुलकर बोल पाती हैं।

मृदुला गर्ग का कठगुलाब पुरूष प्रधान उपन्यास है जिसमें मृदुला गर्ग ने उपन्यास के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि नारी सर्वत्र दोहन और शोषण की शिकार हैं। पुरूष वर्ग द्वारा स्त्री के प्रति उसकी प्रवृत्ति एक ही तरह की होती है। इस प्रकार मध्यवर्गीय परिवार के अन्तर्विरोधों और पुरूष प्रधान समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्षरत स्थितियों का चित्र महिला लेखिकाओं ने अपने उपन्यास के माध्यम से खींचने का प्रयास किया है और अपने मकसद में सफल भी रही हैं।

हिन्दी उपन्यास के पूरे विकास को ध्यान से देखा जाय तो यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि हिन्दी उपन्यास की कथा–भूमि काफी विस्तृत हो चुकी है और इन्हीं वर्गों से लेखक ऊँचे स्वर में सामाजिक न्याय की माँग

करने लगे हैं। यदि यही प्रयास रहा तो हम उपन्यास न्याय की माँग करने लगे हैं। यदि यही प्रयास रहा तो हम उपन्यास साहित्य को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सक्षम रहेंगे और हिन्दी का व्यापक प्रचार–प्रसार करने में सफल हो सकते हैं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ :**


1. न्यू इंग्लिश डिक्शनरी
2. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृ0 सं0 – 535 नागरणी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।
3. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृ0 सं0 – 455
4. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृ0 सं0 – 498
5. आलोचना (पत्रिका), जनवरी – मार्च 1986, पृ0 सं0 – 53
6. आलोचना (पत्रिका), जनवरी – मार्च 1986, पृ0 सं0 – 61
7. प्रेमचन्द्र, कुछ विचार, पृ0 संख्या – 145
8. शिवपूजन सहाय, देहाती दुनिया, प्रथम संस्करण (1983), भूमिका
9. प्रेमचन्द्र, कुछ विचार, पृ0 संख्या – 104
10. डॉ0 इन्द्रनाथ मदान, आधुनिकता और हिन्दी उपन्यास, पृ0 सं0 – 66
11. यशपाल, दिव्या (उपन्यास), भूमिका (1945), पृ0 सं0 – 20–21
12. डॉ0 देवराज उपाध्याय, हिन्दी साहित्य शब्द कोश (1979), पृ0 सं0 – 6

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# किरातार्जुनीय और शिशुपाल की संक्षिप्त कथा : एक अध्ययन

**डॉ0 ज्योति**
**एम.ए., पीएच.डी. (संस्कृत)**
**बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (बिहार)**

महाराज युधिष्ठिर जूये में हार जाने से भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव तथा द्रौपदी के साथ द्वैतवन नामक जङ्गल में निवास करते थे, उस समय उन्होंने दुर्योधन का समाचार जानने के लिये एक वनवासी (किरात–वनेचर) को ब्रह्मचारी के वेष में भेजा था, वह सब हाल जानकर महाराज युधिष्ठिर के पास आया और कहने लगा– हे महाराज दुर्योधन इस समय राज्य का नीतिपूर्वक शासन कर रहा है, 'मै राजा हूँ मेरा यही धर्म है' ऐसा समझता हुआ शत्रु या पुत्र जो हो उसे धर्मशास्त्रानुसार दण्ड देता है। उसके यहाँ बड़े–बड़े राजा लोग आकर दरवार में कर देते हैं तथा जो आदेश करता है उसे सब पूरा करते हैं, उसके राज्य में सर्वत्र कृषि उत्तम रूप से होती है, और प्रजा प्रसन्नता से समय–समय पर कर देती है। वह दुःशास को युवराज बनाकर स्वयं यज्ञादि करता रहता है, इसलिये अब आप उसे जीतने के लिये कोई प्रबल उपाय करें। इसके बाद युधिष्ठिर महाराज के उसे पारितोषिक देकर विदा करके उक्त समाचार भीमादि के सामने द्रौपदी के जाकर कहा, उसे सुनकर द्रौपदी ने कहा–

हे नाथ! यद्यपि स्त्री का उपदेश पुरूषों के लिये अनादर सा होता है तथापि क्या करूँ मेरी आन्तरिक व्यथा मुझे कहने के लिये बाध्य कर रही है अतः आप क्षमा करियेगा। हे महाराज! भला बताइये तो आपके सिवाय कौन ऐसा राजा होगा जो अपनी स्त्री के समान राजलक्ष्मी को दूसरे के अधीन कर देगा। हा! देखिये ये वही भीम हैं जो पहले सुन्दर पलङ्ग पर सोते थे आज जमीन पर सोते हैं, और जिन्होंने उत्तर कुरू देश को जीतकर बहुत सा स्वर्ण लाकर खजाने

में रखा था वे ही अर्जुन आज वल्कल पहने हुए हैं और ये दोनों सुकुमार सुन्दर नकुल तथा सहदेव कठिन भूमि में सोते हैं। इन सबों को इन हालतों में देखकर भी आप धैर्य और सन्तोष को नहीं छोड़ते हैं यह बड़े आश्चर्य की बात है, आपकी दुर्दशा देखकर मुझे तो अत्यन्त दुःख हो रहा है।

हे महाराज! आप अब शान्ति को छोड़कर शत्रुओं को नष्ट करने के लिये अपना पुराना तेज धारण करिये, क्योंकि शान्ति से मुनियों का कार्य होता है न कि राजाओं का, यदि आप शान्ति ही को सुख का साधन समझते हैं तो राज–चिन्ह धनुषादि को त्यागकर जटा बढ़ाकर केवल मुनियों की भाँति अग्निहोत्र किया करें। हे महाराज! सब प्रकार से समर्थ होते हुए भी शत्रु–विजय के लिये आपका समय की प्रतीक्षा करते रहना उचित नहीं है क्योंकि विजय चाहने वाले राजा लोग समय पड़ने पर किसी न किसी व्याज से सन्धि को भी तोड़ देते हैं।

(अपने मनोनुकूल द्रौपदी की बातें सुनकर भीम युधिष्ठिर से बोले) हे महाराज! द्रौपदी ने इस समय जो कहा वह उचित है। उसकी बात वृहस्पति को भी आश्चर्य में डाल देने वाली हैं। इसे स्त्री की कही हुई समझकर आपको उपेक्षा करना उचित नहीं है, क्योंकि गुणग्राही पुरूष, स्त्री या पुरूष का विचार नहीं करते। बड़े खेद की बात है कि आप देवताओं को भी आश्चर्य में डालनेवाले पुरूषार्थ को पाकर भी दुश्मनी द्वारा दुर्दशा भोग रहे हैं, शत्रु को बढ़ते हुए देखकर भी उसकी उपेक्षा करना अत्यन्त अनुचित है। यद्यपि आप इस समय क्षीण हैं तथापि जब उन्नति के लिये चेष्टा करेंगे तो प्रजा आपके उत्साह को देखकर आपको नमन करेगी, यदि अवधि की प्रतीक्षा करते रहियेगा तो निश्चय समझिये कि दुर्योधन इतने दिन तक राज्यसुख भोगकर आपको अवधि बीतने पर राज्य दे देगा यह असम्भव है। अतः आलस्य छोड़कर पुरूषार्थ करिये, आपको उठते ही शत्रुओं पर विपत्तियाँ आ पड़ेगी। आपके दिग्विजयी चारो भाइयों के तेज को भला शत्रुओं के मध्य में कौन है जो सह सकेगा। इस भाँति अत्यन्त क्रुद्ध भीमसेन की बातें सुनकर मतवाले हाथी की भाँति उन्हें धीरे–धीरे शान्त करने के लिये महाराज युधिष्ठिर चेष्टा करते हुए बोले–

हे भीम! तुमने जो कुछ कहा है, वह सब समयोचित शास्त्र–संगत है तथापि मेरा मन विचारपूर्वक कार्य करने को कहता है। असमय में क्रोध करना अत्यन्त अनुचित है, शान्ति से बढ़कर उत्तम साधन कोई नहीं है, इसके रखने से शत्रु स्वयं नष्ट हो जाते हैं। यदि इस समय नियम तोड़कर चढ़ाई न की जाय तो जितने राजा हैं वे सब अवधि के बाद हमारी सहायता करेंगे। और यह

समझना कि अधिक समय हो जाने पर राजा लोग दुर्योधन के पक्ष में हो जायेंगी तो यह भूल है। अहङ्कारी मनुष्य की सेवा में जो लोग रहते हैं वे लोग जब समय पड़ता है तब उसे छोड़े देते हैं, क्योंकि उसके दुर्व्यवहार से मन में सभी अप्रसन्न रहते हैं। अतः जब तक अवधि है तब तक शान्ति के साथ समय बिताना उचित है। इस प्रकार से जब महाराजा युधिष्ठिर भीम को समझा रहे थे ठीक उसी समय दैवात् व्यास जी पहुँच गये, उन्हें देखते ही सभी ने उठकर स्वागत किया तथा आदर के साथ लाकर उच्च आसन पर बैठाया, पश्चात् अपने भी आज्ञा पाकर हाथ जोड़कर सम्मुख बैठ गये।

हे राजन्! संग्राम में उसी की जय होती है जिसके पास सेना तथा अस्त्रादि का विशेष बल है, यह बात परशुराम के साथ युद्ध करने में भीष्म ने उन्हें पराजित करके लोगों को दिखला दी है। और यमराज से भी नहीं डरनेवाले भीष्म तथा कर्ण एवम् प्रलयकालाग्नि के समान युद्ध में भयंकर द्रोणाचार्य आदि योद्धागण सब दुर्योधन के पक्ष में हैं। अतः उन सबों को जिनसे जीत सकें उन दिव्य अस्त्रों को पाने के लिये मैं अर्जुन को एक मन्त्र बतलाता हूँ जिसके द्वारा वे कठिन तपस्या कर इन्द्र भगवान् को प्रसन्न कर दिव्य अस्त्र तथा पराक्रम प्राप्त कर युद्ध में विजयी हों, बस यही मेरे आने का उद्देश्य है, ऐसा कह व्यासजी पुनः अर्जुन से कहने लगे – हे अर्जुन! तुम अब मेरे कथनानुसार साथ में अस्त्रों को भी लिये हुए मुनियों की भाँति जाकर तपस्या करो और जहाँ पर तपस्या करनी है वहाँ पर यह यक्ष तुम्हें शीघ्र ही पहुँचा देगा ऐसा कहकर जैसे ही व्यास जी अन्तर्धान हुए वैसे ही अर्जुन के पास यक्ष उपस्थित हो गया तब उन्हें जाने के लिये उद्यत देख द्रौपदी अर्जुन से कहने लगी–

जबतक तपस्या पूरी न हो तब तक आप हमलोगों के बिना व्यग्र न होना क्योंकि बिना दृढ़ आग्रह के कोई कार्य सिद्ध नहीं होता, और उन्हें तपस्या के लिये उत्तेजित करने के लिये पुनः कहने लगी कि संसार में तेजस्वी पुरूषों की मान–हानि, प्राण–हानि के तुल्य ही होती है, शत्रु से पराजित होने पर उनका अपमान होता है और शत्रुओं ने जो–जो दुर्व्यवहार किये हैं और जिन्हें कि मैं स्मरण भी नहीं करना चाहती, आज मुझे वे ही सब तुम्हारे बिना यद्यपि और भी कष्ट पहुँचायेंगे तथापि उन सबों को इस आशा से सहूँगी कि आप शीघ्र ही शत्रुओं को जीतने योग्य सामर्थ्य प्राप्त कर पुनः मिलेंगे। अतः अब आप तपस्या के लिये जाय और आपके समस्त विघ्नों को इन्द्र भगवान दूर करें, हे नाथ! आप व्यास जी का आदेश पालन करते हुए हमलोगों के मनोरथ को सफल

करें। और अब आपको कृतकार्य देखकर पुनः आनन्द से आलिङ्गन करना चाहती हूँ। तब इन सब बातों को सुनकर अर्जुन को दुर्योधनादिकों के ऊपर अत्यन्त क्रोध हुआ, और वह कवच पहनकर तलवार, धनुष और तरकश लेकर यक्ष के बताये हुये रास्ते से इन्द्रकील पर्वत पर तपस्या करने के लिये चल पड़े, और सब लोगों को उनके जाने पर अत्यन्त दुःख मालूम पड़ने लगा पर समझाकर किसी भाँति अपने-अपने चित्त को शान्त किया, और उस समय मङ्गलसूचक दिव्य दुन्दुभी शब्द तथा आकाश में पुष्प वर्षा होने लगी जिसे देखकर सब अत्यन्त प्रसन्न हुये।

इन्द्रकील पर्वत की ओर यक्ष के साथ जाते हुए अर्जुन ने शरद की शोभा को निम्नलिखित रूप में देखा-

वर्षाऋतु के बीत जाने से मार्ग पर कहीं पङ्क (किचड़) नहीं दिखाई देता था। सद्यः जलविमुक्त नदी तट धवल बालुकामय शरीर को धारण किये हुये था। जलाशयों में अधिक कमल खिलने के कारण दर्शकों को स्थल कमल की भ्रान्ति उत्पन्न होती थी। चारो ओर खेतों में अनेक प्रकार के धान की बालें झूल-झूल कर पथिकों के मन को आकर्षित कर रही थी।

**संदर्भ सूची :**


1. निपातिसुहृत्स्वामिपितृव्यभ्रातृमातृलम्।
   पाणिनीयमिवाऽऽलोकि धीरैस्तत् समराजिरम्।। -19/75.
2. शब्दार्थौ सत्कविरिय द्वयं विद्वानपेक्षते।-2/86
3. वही पृष्ठ।
4. संशयाय दधतोः सरूपतां दूरभिन्नफलयोः क्रियां प्रति।
   शब्दशासनविदः समासयोर्विग्रहं व्यवससुः स्वरेण ते।। -14/24.
5. पश्वाशत्सु कलौ षट्सु पश्वशतासु च।
   समासु समतीतासु शकानामपि भूभुजाम्।।
6. गतान्पशूनां सहजन्मबन्धुतां गृहाश्रयं प्रेम वनेषु विभ्रतः।
   ददर्श गोपानुपधेनु पाण्डवः कृतानुकरानिव गोभिरार्जवे।।
   आर्जवे विधेयत्वे गोभिः पशुभिः कृतानुकाराननुकृतानिव स्थितानित्युत्प्रेक्षा।
   -वही, 4.13

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# हठयोगप्रदीपिका में वस्तिकर्म की विधि एवं उसका महत्व



**मनमोहन कुमार**
**शोध छात्र, विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग,**
**बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (बिहार)**

**सारांश** – वस्तिकर्म दो प्रकार का है–पवनवस्ति तथा जलवस्ति। नौलिकर्म द्वारा अपानवायु को ऊपर खींचकर पुनः मयूरासन से त्यागने को 'वस्तिकर्म' करते हैं। पवनवस्ति पूर्णतः सिद्ध हो जाने पर जलवस्ति सुगम हो जाती है क्योंकि जल को खींचने का कारण पवन ही होता है। वस्तिकर्म के प्रभाव से गुल्म, प्लीहा, उदर और कफ–पित्त जैसे सम्पूर्ण रोग नष्ट होते हैं जो साधक के सप्त धातुओं, दस इन्द्रियों और अंतःकरण को प्रसन्न करता है।



प्रस्तुत शोध–पत्र के इस अध्याय में वस्तिकर्म की विधि, महत्व एवं शरीर–क्रिया विज्ञान में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है।

वस्ति शब्द साधारणतया मूत्राशय या नाभि के नीचे के प्रदेश, जिसे साधारण बोलचाल की भाषा में पेडू कहते हैं के लिए प्रयुक्त होता है। इस प्रदेश के अंगों में छोटी आँत और बड़ी आँत अपना विशेष महत्व रखती है। ये ही वे अंग हैं जहाँ प्रायः मल एकत्रित होता है। स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इनकी नियमित सफाई आवश्यक है। जो लोग प्रकृति के साथ चलते हैं, प्रकृति स्वयं उनके अंगों की नियमित सफाई करती रहती है; परन्तु जो प्रकृति के नियमों की अवहेलना करते हैं उनकी पाचनशक्ति बिगड़ जाती है। अनपचा मल आँतों में जमा होने एवं सड़ने लगता है। यदि समय रहते इसकी सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो दूषित मल अनेकानेक प्रकार के रोगों को उत्पन्न करने का कारण बनता है।

कब्ज या मलावरोध आज की सभ्यता का प्रधान रोग है। इसका मुख्य कारण आज का अप्राकृतिक जीवन, आहार–विहार के नियमों की अवहेलना और निष्क्रियता या आलसी जीवन है। शहरों के लोग प्रायः इससे ग्रस्त रहते हैं। युक्तिव्यपाश्रय–चिकित्सा के अन्तर्गत इन अंगों की सफाई के लिए प्रायः रेचक औषधियों का व्यवहार किया जाता है। सामयिक रूप से तो इनका व्यवहार किसी हद तक ठीक है, परन्तु इनका अभ्यस्त हो जाना और भी खतरनाक है। इससे आँतों की स्वाभाविक मल–निस्सारण–क्षमता नष्ट हो जाती है और वे दिन–पर–दिन दुर्बल होती जाती है।

इस काम के लिए 'एनिमा' का भी उपयोग किया जाता है। एनिमा रेचक औषधियों की अपेक्षा अधिक निरापद है, परन्तु सर्वथा निरापद नहीं। इसका भी अधिक उपयोग आँतों को कमजोर बनाता है।

योग में इन अंगों की सफाई के लिए जिस क्रिया का उपयोग किया जाता है, उसे वस्ति कहते हैं। वस्ति एक प्रकार का यौगिक एनिमा है। इसका न केवल उपचारात्मक प्रत्युत् सुधारात्मक मूल्य भी है। एनिमा से तो मात्र बड़ी आँत की सफाई होती है। वस्ति छोटी और बड़ी दोनों ही आँतों को साफ करती है, बल्कि उन्हें स्वभाविक से गतिशील भी बनाती है, जिससे धीरे–धीरे आँतों में मल के एकत्रित होने की प्रवृत्ति ही समाप्त हो जाती है और वे स्वभाविक रूप अपना काम करने लगती हैं।[1]

आज के युग में योग की बढ़ती लोकप्रियता एवं उसके व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए उसकी क्रियाओं का न केवल सरलीकरण, बल्कि आधुनिकीकरण

कर उन्हें अधिकाधिक लोकापयोगी और सहज ग्राह्य बनाने की कोशिश की जा रही है। इससे अधिकाधिक लोग उससे लाभ उठाने में समर्थ हो रहे हैं।

आज वस्ति–कर्म का भी जिन रूपों में प्रयोग हो रहा है उससे वह स्त्री–पुरुष, बच्चे–बूढ़े, रोगी–निरोगी सभी के लिए समान रूप से सुलभ हो गई है। कोई भी विवेकशील व्यक्ति थोड़ी–सी जानकारी प्राप्त कर आसानी के साथ उसका अभ्यास कर लाभ उठा सकता है। मात्र थोड़े से आसनों का अभ्यास होना चाहिए। इसे किसी भी योग्य गुरु से प्राप्त किया जा सकता है। सीखने और करने में आसान और लाभ लगभग वे ही जो ऊपर गिनाए गए हैं।

कोई भी व्यक्ति अपनी उम्र, आवश्यकता, स्वास्थ्य, लिंग, परिवेश, साधनों की उपलब्धता आदि को ध्यान में रखते हुए नीचे दी गयी वस्ति–क्रियाओं को अपना सकता है। वस्ति–क्रिया प्रातःकाल की जाती है। यदि कोई किसी असाध्य या जटिल उदररोग से पीड़ित हैं तो शुरु करने के पहले किसी विशेषज्ञ की राय अवश्य ले लेना चाहिए।

1. यदि कोई व्यक्ति पुरानी कोष्ठबद्धता का शिकार है, तो लगभग एक लीटर गर्म पानी में 15 ग्राम सेंधा नमक और 60 ग्राम नींबू का रस मिलाकर पी लें। अथवा नमक और नींबू के रस की मात्रा, उक्त मात्रा की आधी भी रख सकते हैं। यदि कोई मलावरोध या पेट के अन्य किसी रोग से पीड़ित नहीं हैं और मात्र स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इसका अभ्यास कर रहे हैं, तो गर्म या सादा पानी पीकर भी वस्तिक्रिया कर सकते हैं। यद्यपि नींबू का रस रेचक, पाचक, क्षुधावर्धक, कैल्शियमयुक्त और विटामिन–सी की खान है। पेट में यह जब भी जायेगा लाभ ही करेगा।

2. अब, यदि कोई पुरानी कोष्ठबद्धता या दायमी कब्ज का शिकार है, तो 4–5 बार सर्वांगासन, 3–4 बार मयूरासन या शलभासन तथा 4–5 बार पादहस्तासन करें। यदि पाँच मिनट के भीतर शौच का तीव्र वेग न प्रतीत हो, तो उसके बाद भुजंगासन, अर्धचक्रासन तथा धनुरासन का अभ्यास करे। लाभ अवश्यम्भावी है, हो सकता है थोड़ी देर बाद वेग महसूस हो।

यदि कोई कमजोर है अथवा किसी रोग से पीड़ित है और शारीरिक श्रम करने में असमर्थ है तो सर्वांगासन, योगमुद्रा, पवनमुक्तासन, अर्धकूर्मासन और शलभासन कर अभ्यास करे।

यदि कोई इतना भी नहीं कर सकता तो उसे मात्र 10–15 बार पवनमुक्तासन का अभ्यास करना चाहिए।

यदि पेट में अनपचा भोजन मार्ग को अवरुद्ध कर रहा हो तो 1–2 दिन का उपवास लाभदायक होता है। उपवास की अवधि में अपने स्वास्थ्य और आवश्यकता के अनुसार उपवास के नियमों का पालन करना चाहिए। भोजन जीर्ण होने के बाद आसानी से निकल जायेगा।

3. इनके अतिरिक्त एक क्रिया और है, जिसका कभी–कभी उपयोग किया जाता है। पानी पीने के बाद 8–10 मिनट तक इधर–उधर लुढ़किए। शौच की प्रवृत्ति होने पर जाइए। जितना मल स्वतः निकल जाए निकल जाने दीजिए। बाद में बाएँ हाथ की मध्यमा अँगुली को, जिसका नाखून ठीक से कटा हो, घी, तेल या ग्लीसरीन से से तर कर गुदा में डाल चारों ओर घुमाइए। मल की हाजत मालूम हो तो उसे निकल जाने दीजिए। पुनः अँगुली डाल कर घुमाइए और मल को निकलने दीजिए। कुछ बार ऐसा करने में मलाशय में एकत्रित सारा दूषित मल निकल जायेगा। इस क्रिया को योग की भाषा में गणेश क्रिया, मूलशोधन या सहजशोधन क्रिया भी कहते हैं।

उक्त क्रियाओं को जब भी आवश्यक हो किया जा सकता है। ये सर्वथा निरापद है। वस्ति का ही एक रूप शंखप्रक्षालन–क्रिया भी है, जिसके द्वारा आँतों को पूरी तौर पर धोकर साफ कर दिया जाता है। यह क्रिया न केवल जटिल है, बल्कि इससे सम्बद्ध अंगों पर जोर भी काफी पड़ता है और थकान आ जाती है। इसलिए इसे वर्ष में मात्र एक–दो बार और वह भी देशकाल एवं परिस्थिति का ध्यान रखते हुए ही करना चाहिए।[2]

**यंत्र द्वारा वस्ति क्रिया–**

इसके लिए जो यंत्र है उसमें एक लम्बा पाईप होता है, जिसके एक सिरे पर रबड़ की नली लगी होती है। बिना नली लगे हुए भाग को किसी टूटी के साथ लगाकर टूटी को खोल दें और आपको जितना फोर्श अच्छा लगे, टूटी को उतने फोर्श पर रखें। फिर दूसरे सिरे पर रबड़ की लगी हुई नली को जिससे पानी बाहर निकल रहा हो उसको 2 इंच गुदा मार्ग में डालें और बाएं हाथ से पाईप को पकड़ कर रखें। अब पानी धीरे–धीरे गुदाद्वार से मलाशय में भर जाएगा और आपको शौच लगकर पानी गुदा मार्ग से अपने–आप बाहर निकलने लगेगा। साथ ही अटका हुआ मल भी गुदा मार्ग से पानी के साथ बाहर आने लगेगा। इस क्रिया को शौच के तुरंत बाद ही सीट पर बैठे–बैठे कर सकते हैं। इस क्रिया के दौरान जब पानी गुदा मार्ग

से बाहर आने लगे तो आप चाहें तो केथेटर को बाहर निकाल सकते हैं या पूरा पेट साफ होने के बाद निकाल सकते हैं। पूर्ण रूप से पेट साफ न होने पर दोबारा इस नली को गुदा मार्ग से अन्दर डालकर इस क्रिया को करें। इससे आँतों में जमा पुराना मल भी बाहर निकल जाता है।

इस यंत्र को शौचालय की टोटी में लगाकर पानी खोल दें। इससे नली में भरी हवा बाहर निकल जायेगी और पानी बाहर आने लगेगा। इसके बाद दूसरे सिरे पर बनी नली या गुदा मार्ग पर तेल लगाकर पाईप नली वाले सिरे को चुटकी से पकड़कर मलद्वार के अन्दर डालें। ध्यान रखें कि पानी चलाते हुए इस क्रिया को करें और यंत्र को पकड़कर रखें। पानी पेट में भरते ही गुदा मार्ग से बाहर आने लगेगा। पानी अन्दर से निकलने लगे तो उसे निकलने दें, परन्तु नली को न हटाएँ। इस तरह पानी अन्दर भरने व निकालने से आँतों की पूरी सफाई हो जाएगी।[3]

**वस्तिकर्म का लाभ**

वस्तिक्रिया करने से गंदी वायु बाहर निकलती है और कब्ज का रोग खत्म होता है। इससे मन नियंत्रण में रहता है जिससे मन के विचार सात्विक बनते हैं। यह चेहरे पर चमक लाता है और कांति को बढ़ाता है। इस क्रिया के बाद नींद अच्छी आती है तथा आलस्य दूर होता है और शरीर में स्फूर्ति व ताजगी का अनुभव होता है। इससे पेट के सभी रोग दूर होते हैं तथा प्लीहा, यकृत (जिगर), गुल्म (वायु का गोला) तथ गुदा रोग ठीक होते हैं। इस क्रिया से वायु रोग, जलोदर (पेट में पानी का भरना), वात, पित्त व कफ दोष संबंधी रोग दूर होते हैं। यह धातु दोष को दूर करता है। इससे मलाशय का मल साफ हो जाता है, जिससे आँतों के रोग खत्म हो जाते हैं। यह भूख को बढ़ाता है तथा अपान की शुद्धि करता है। यह क्रिया बवासीर, भगन्दर को भी ठीक करती है। यह मसाने की गर्मी को शांत करती है, जठराग्नि को तेज करती है, धातु को पुष्ट करती है तथा गैस को खत्म करती है। शरीर में लगभग सभी रोग कब्ज के कारण ही उत्पन्न होते हैं। कब्ज के कारण अंतड़ियो में मल सड़ने से विषैला दूषित रक्त शरीर के सभी सेलों में मिलकर कई प्रकार के कष्ट और दोष पैदा करता है।

इस क्रिया द्वारा आँतों में जमा मल साफ होकर कब्ज को दूर करता है, जिससे अनेक प्रकार के रोग खत्म हो जाते हैं। कुछ लोग कब्ज के लिए दवा का प्रयोग करते हैं, जो उत्तेजक होती है। इससे आँतों में उत्तेजना पैदा होकर थोड़ा–सा मल ढीला होकर बाहर निकल जाता है। इस तरह बार–बार

दवाई खाने से आँतों की हालत नाजुक बन जाती है, जिससे दवाई का शरीर पर कोई असर नहीं होता। इसलिए वस्ति क्रिया द्वारा आँतों की अच्छी तरह से सफाई की जाती है।[4]

वस्ति मूलाधार के समीप है। रंग लाल है और इसके देवता गणेश है। वस्ति को साफ करनेवाले कर्म को 'वस्तिकर्म' कहते हैं। 'योगासार' पुस्तक में पुराने गूड़, त्रिफला और चीते की छाल के रस से बनी गोली देकर अपानवायु को वश में करने को कहा है। फिर वस्तिकर्म का अभ्यास करना कहा है। वस्तिकर्म के दो प्रकार हैं–

1. पवनवस्ति, 2. जलवस्ति

**पवनवस्तिकर्म की विधि**

इस वस्ति का अभ्यास करने के लिए जमीन पर पश्चिमोत्तानासन में बैठकर अश्विनी मुद्रा का अभ्यास करते हुए गुदा का आकुंचन और प्रसारण करते हैं, इसमें श्वास की क्रिया होती है, श्वास लेना और छोड़ना है। इसके बाद गुदा द्वारा आँतों में वायु का चूषण करते हुए लगभग 15–20 बार अश्विनी मुद्रा का अभ्यास किया जाता है। इसमें वायु को अन्दर शरीर के भीतर खींचा जाता है। अगर शुरु में वायु को अन्दर खींचने में परेशानी हो तो डेढ़ इंच लम्बे रबर वाले पाइप का प्रयोग कर सकते हैं। रबर पाइप का डेढ़ से दो इंच लम्बा टुकड़ा हल्के से गुदा द्वार के अन्दर डाल देते हैं फिर श्वास खींचते हैं। वह थोड़ा बाहर निकला रहना चाहिए। छाती को फुलाया एवं पेट को अन्दर की ओर खींचा जाता है। इससे आँतों में दबाव पड़ता है। जिससे वायु बाहर निकल जाती है।[5]

यह क्रिया अन्य क्रियाओं की अपेक्षा थोड़ी भिन्न है। इस अभ्यास क्रम में जिस प्रकार सामान्य रूप में पश्चिमोत्तानासन लगाते हैं, उसमें सिर को घुटनों से छूते हैं, किंतु इस क्रिया में शरीर केवल उतना झुकाना है जितने में पैरों को पकड़ा जा सके। फिर शरीर को सीधा करें और पैरों के बीच कुछ अंतर रखें। तत्पश्चात् श्वास लें और थोड़े श्वास लेने पर गुदाद्वार ऊपर की ओर आकुंचन करना तथा श्वास छोड़ते समय गुदाद्वार का प्रसारण करना। इस विधि द्वारा वायु को अंदर खींचा जाता है।

**सावधानियाँ :** इस क्रिया का अभ्यास यदि पाइप द्वारा किया जा रहा है तो अश्विनी मुद्रा का अभ्यास न करें। उच्च रक्तचाप, पाचन संबंधी गंभीर रोग, हार्निया आदि के रोगियों को इस क्रिया का अभ्यास वर्जित है। वस्ति क्रिया

का ज्यादा अभ्यास करने से जीवाणुओं की वृद्धि की क्रिया में रूकावटें आ जाती है तथा बड़ी आँत के स्नायुओं को क्षति पहुँचती है।

**लाभ :** इस क्रिया के अभ्यास द्वारा आँतों की सफाई होती है। आमाशय और बड़ी आँतों में विकार उत्पन्न नहीं होते। इसके अभ्यास द्वारा कब्ज, कफ, पित्त, वायु आदि विकारों का नाश होता है। इस क्रिया द्वारा आंतरिक अंगों की मालिश होती है तथा रक्त का शुद्धिकरण होता है। यदि रोगी बवासीर रोग से ग्रसित है तो वह वस्ति अभ्यास में शीतल जल का ही प्रयोग करें। गुदा संबंधों रोगों के लिए यह क्रम अत्यंत लाभकारी है। पवनवस्ति के अभ्यास से कब्ज के सभी विकार दूर हो जाते हैं। आमवात आदि वायु रोगों का शमन होता है। जठरानल प्रदीप्त होती है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि कुपित मल के नाश हो जाने से शरीर निर्मल हो जाता है। अग्नि प्रदीप्त होती है। पाचनशक्ति बढ़ती है। मलावरोध का नाश होता है। रक्त शुद्ध होता है। रोग–प्रतिरोधक–क्षमता बढ़ती है। बढ़े हुए पित्त और कफ अपनी प्रकृत अवस्था में आ जाते हैं। उनसे उत्पन्न विकृतियों का शमन हो जाता है। प्राणी को स्वास्थ्य और सुखायु की प्राप्ति होती है।[6]

**(ख) जलवस्तिकर्म की विधि**

इस क्रिया के लिए एक बड़ा टब या नाद लें जिसमें आप आसानी से बैठ जाएँ। इसके लिए किसी धातु या लकड़ी की एक मुलायम नलिका लें। जिसकी लम्बाई 4–5 इंच हो और जो आसानी से गुदाद्वार में जा सके। अब उस टब या नाद में उत्कटासन में पंजों के बल बैठकर उस नली को गुदाद्वार में फँसाकर उड्डियान बंध करते हुए अर्थात् पेट को अन्दर खींचते हुए आँतों का आकुंचन करें, फिर 1 सेकेंड रूके और फिर खींचें। इससे पानी आँतों में पहुँच जायेगा। जब पानी आँतों में भर जाए तो नलिका को बाहर निकाल लें और पेट को नौलि क्रिया द्वारा 4–5 बार दाएँ–बाएँ घुमाएँ। फिर आँतों में भरे पानी को गुदाद्वार से बाहर निकाल दें।

**सावधानी**

इस क्रिया के लिए ऐसी नली लें, जिसका एक सिरा मोटा तथा दूसरा सिरा पहले से हल्का पतला हों। पतले वाले सिरे पर किसी धातु का छल्ला लगा दें और पतले वाले भाग को ही गुदा मार्ग से अन्दर डालें।[7]

नौलिकर्म द्वारा अपानवायु को ऊपर खींच पुनः मयूरासन से त्यागने को 'वस्तिकर्म' कहते हैं। पवनवस्ति पूरी सध जानेपर जलवस्ति सुगम हो जाती है, क्योंकि जल को खींचने का कारण पवन ही होता है। जब जल में डूबे हुए पेट से नौलि हो जाय तब नौलि से जल ऊपर खिंच जायेगा।

अर्थात् गुदा के मध्य में छः अंगुल लम्बी बाँस की नली को रखे जिसका छिद्र कनिष्ठिका अँगुली के प्रवेश योग्य हो, उसे घी अथवा तेल लगाकर सावधानी के साथ चार अंगुल गुदा में प्रवेश करें और दो अंगुल बाहर रखे। तत्पश्चात् बैठने पर नाभि तक जल आ जाय इतने जल से भरे हुए टब में उत्कटासन से बैठे अर्थात् दोनों पार्ष्णियों-पैर की एड़ियों को मिलाकर खड़ी रखकर उन पर अपने स्फिच (चूतड़) को रखे और पैरों के अग्रभाग पर बैठे और उक्त आसन से बैठकर आधाराकुञ्चन करे, जिससे बृहद् अन्त्र में अपने आप जल चढ़ने लगेगा। बाद में भीतर प्रविष्ट हुए जल को नौलिकर्म से चलाकर त्याग दे। इस जल के साथ अन्त्रस्थित मल, आँव, कृमि, अन्त्रोत्पन्न सेन्द्रियविष आदि बाहर निकल आते हैं। इस उदर के क्षालन (धोने) को वस्तिकर्म कहते हैं। धौति, वस्ति दोनों कर्म भोजन से पूर्व ही करना चाहिये और इनके करने के अनन्तर खिचड़ी आदि हल्का भोजन शीघ्र कर लेना चाहिये, उसमें विलम्ब नहीं करना चाहिये। वस्तिक्रिया करने से जल का कुछ अंश बृहद् अन्त्र में शेष रह जाता है, वह धीरे-धीरे मूत्र द्वारा बाहर आवेगा। यदि भोजन नहीं किया जायगा तो वह दूषित जल अन्त्रों से सम्बद्ध सूक्ष्म नाड़ियों द्वारा शोषित होकर रक्त में मिल जायगा। कुछ लोग पहले मूलाधार से प्राणवायु के आकर्षण का अभ्यास करके और जल में स्थित होकर गुदा में नाल प्रवेश के बिना ही वस्तिकर्म का अभ्यास करते हैं। उस प्रकार वस्तिकर्म करने से उदर में प्रविष्ट हुआ सम्पूर्ण जल बाहर नहीं आ सकता और उसके न आने से धातु क्षय आदि नाना दोष होते हैं। इससे उस प्रकार वस्तिकर्म नहीं करना चाहिये अन्यथा 'न्यस्तनालः' (अपनी गुदा में नाल रखकर) ऐसा पद स्वात्माराम क्यों देते? यहाँ यह भी जान लेना आवश्यक है कि छोटे-छोटे जन जन्तुओं का नलद्वारा पेट में प्रविष्ट हो जाने का भय रहता है। अतएव नलके मुख पर महीन वस्त्र देकर आकुञ्चन करना चाहिये। और जल को बाहर निकालने के लिये खड़ा पश्चिमोत्तानासन करना चाहिये।[८]

कई साधक तालाब या नदी में से जल का आकर्षण करते हैं, जिससे कभी-कभी जल के साथ सूक्ष्म जहरीले जन्तु आँतों में प्रवेश कर नाना प्रकार के रोग उत्पन्न कर देते हैं। किञ्च गङ्गाजी और हिमालय से निकलने वाली अनेक बड़ी-बड़ी नदियों का जल अधिक शीतल होने के कारण न्यून शक्तिवालों को इच्छित लाभ के स्थान में हानि पहुँचा देता है।

जल अधिक शीतल होने से उसे शोषण करने की क्रिया सूक्ष्म नाड़ियों द्वारा तुरन्त चालू हो जाती है और शीतल जल से आँव या कफ की उत्पत्ति होती है। अतः टब या अन्य किसी बड़े बरतन में बैठकर शुद्ध और सहन हो सके ऐसे शीतल जल का आकर्षण करना विशेष हितकर है।

हठयोग, आयुर्वेद और पाश्चात्त्य एलोपैथिक आदि चिकित्सा शास्त्रों की वस्तिक्रिया भिन्न–भिन्न प्रकार की है। हठयोग में आन्तरिक बल से जल खींचा जाता है। आयुर्वेद में रोगानुसार भिन्न–भिन्न औषधियों के धृत, तैल, क्वाथादि चढ़ाये जाते हैं। पाश्चात्यों ने इसी क्रिया के लिये एक यन्त्र का आविष्कार किया है जिसे 'एनिमा' या 'डूश' कहते हैं। साबुन मिला हुआ गुनगुना जल, रेड़ी का तेल तथा ग्लीसरीन आदि मलशोधक औषधि यन्त्र द्वारा गुदा के मार्ग से आँत में चढ़ाते हैं। पश्चिम देशों में इसका चलन इतना बढ़ गया है कि बहुत लोग तो सप्ताह में एक बार एनिमा लगाना आवश्यक समझने लगे हैं। इस एनिमा द्वारा वस्तिकर्म के समान लाभ नहीं होता, क्योंकि चढ़ा हुआ सम्पूर्ण जल तो बाहर आ नहीं सकता। बल्कि कभी–कभी तो ऐसा भी देखा जाता है कि जल का अधिकांश भीतर रहकर भयंकर हानि कर देता है। अपने उद्योग और परिश्रम द्वारा जो जल चढ़ाया जाता है उसमें तथा जो जल यंत्र द्वारा पेट में चढ़ाया जाता है उसमें उतना ही अन्तर है जितना दस मील पैदल और मोटर पर टहलने में है। इसके अतिरिक्त गरम जल चढ़ाने के कारण वीर्यस्थान और मूत्रस्थान को उष्णता पहुँचती है, जिससे थोड़ी हानि तो बार–बार पहुँचती रहती है। यह दोष हठयोग की वस्ति में नहीं है।[९]

वस्तिकर्म में मूलाधार के पीड़ित और प्रक्षालित होने से लिङ्ग और गुदा के रोगों का नाश होना स्वाभाविक है।[10]

वस्तिकर्म के प्रभाव से गुल्म, प्लीहा, उदर (जलोदर) और वात–पित्त–कफ इनके द्वन्द्व व एक से उत्पन्न हुए सम्पूर्ण रोग नष्ट होते हैं।[11]
'अभ्यास किया हुआ यह वस्तिकर्म साधक के सप्त धातुओं, दस इन्द्रियों और अन्तःकरण को प्रसन्न करता है। मुख पर सात्त्विक कान्ति छा जाती है। जठराग्नि उदीप्त होती है। वात, पित्त, कफ आदि दोषों की वृद्धि और न्यूनता दोनों को नष्ट कर साम्यरूप आरोग्यता को करता है।' हाँ, एक बात इस संबंध में अवश्य ध्यान देने की है कि वस्तिक्रिया करने वालों को पहले नेति और धौतिक्रिया करनी ही चाहिए, जिनका वर्णन नीचे दिया जाता है। अन्य क्रियाओं के लिये ऐसा नियम नहीं है।[12]

राजयक्ष्मा (क्षय), संग्रहणी, प्रवाहिका, अधोरक्तपित्त, भगन्दर, मलाशय और गुदा में शोथ, सन्ततज्वर, आन्त्रसन्निपात (हल्का टाइफाइड), आन्त्रशोथ, आन्त्रव्रण, कफवृद्धिजनित तीक्ष्ण श्वास प्रकोप इत्यादि रोगों में वस्तिक्रिया नहीं करनी चाहिये।

यह वस्तिक्रिया भी प्राणायाम का अभ्यास चालू होने के बाद नित्य करने की नहीं है। नित्य करने से आन्त्रशक्ति परावलम्बिनी और निर्बल हो जायेगी, जिससे बिना वस्ति क्रिया के भविष्य में मलशुद्धि नहीं होगी। जैसे तम्बाकू और चाय के व्यसनी को तम्बाकू और चाय पिये बिना शौच नहीं होता वैसे ही नित्य वस्तिकर्म अथवा षट्कर्म करनेवालों की स्वाभाविक आन्तरिक शक्ति के बल से शरीर शुद्धि नहीं होती।[13]

इसमें जल में नाभि के पर्यन्त बैठकर उत्कट आसन लगाएँ और गुदा प्रदेश को सिकोड़ें और फैलाएँ। अर्थात् आकुंचन–प्रसारण करें। इसी को जल वस्ति कहा जाता है। इसके अभ्यास द्वारा शरीर सुंदर बना रहता है। इस क्रिया के अभ्यास में सर्वप्रथम नाभि तक गहरे जल में उत्कट आसान में बैठ जाएँ। उसके लिए पैरों के बीच थोड़ा अंतर रखकर जांघों को हाथ का सहारा देकर बैठ जाएँ तथा श्वासों द्वारा पेट को नहीं, बल्कि गुदाद्वार द्वारा आकुंचन और प्रसारण करें। इस क्रिया का अभ्यास करने के लिए किसी बड़े पात्र, नदी, तालाब इत्यादि हो तो ज्यादा अच्छा है। यौगिक क्रियाओं में शरीर की शुद्धि एवं उपचार हेतु जल काफी उपयोगी है। इस क्रिया का अभ्यास करते रहे तो जमा हुआ सूखा मल धीरे–धीरे निकलता है।

**लाभ :** इस क्रिया द्वारा नाड़ियों की शुद्धि होती है। बवासीर और दूषित वायु से शरीर को मुक्ति मिलती है। उदर प्रदेश संबंधी रोगों का नाश होता है। शरीर का तेज बढ़ता है और शरीर कांतिमान होता है एवं शरीर के रोग से मुक्ति मिलती है।[14]

व्यक्ति के शरीर के तेज में, कांति में वृद्धि होती है। हमारे शरीर के आन्तरिक अंगों में जल के सम्पर्क से आन्तरिक अंगों पर प्रभाव पड़ता है और उन्हें स्वास्थ्य एवं शक्ति प्राप्त होती है।[15]

**सन्दर्भ सूची :–**


1. यौगिक षट्कर्म (योग की शरीर–शोधन क्रियाएँ) डॉ० अयोध्या प्रसाद 'अचल', चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ–8–9.
2. वस्ति पश्चिमोत्तानेन् चालयित्वा शनैरधः।
   अश्विनीमुद्रया पायुमाकुञ्चयेत् प्रसारयेत्।।48।।

घेरण्ड–संहिता (योगत्त्वम्), आचार्य श्रीनिवास शर्मा.
3. गूगल प्रिन्ट मीडिया.
4. वही.
5. हठयोग का परिचय, डॉ० नितिन ढ़ोमणे, पृष्ठ–79–80.
6. हठयोग के सिद्धान्त, डॉ० नवीन चन्द्र भट्ट, नेहा पाण्डेय, पृष्ठ–113–114.
7. गूगल प्रिन्ट मीडिया.
8. नाभिदध्नजले पायौ न्यस्तनालोत्कटासनः।
आधाराकुञ्चनं कुर्यात क्षलानं वस्तिकर्म तत्।।26।।
हठयोगप्रदीपिका, स्वामी श्रीद्वारिकादासशास्त्री, पृष्ठ–31.
9. कल्याण योगाङ्क, गीताप्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ–645.
10. यही जु वस्तिकर्म है, गुरु बिनु पावै नाहिं।
लिंग–गुदा के रोग जो, गर्मी के नशि जाहिं।।
कल्याण योगांक, गीताप्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ 646.
11. गुल्मप्लीहोदरं चापि वातपित्तकफोद्भवाः।
वस्तिकर्म प्रभावेण क्षीयन्ते सकलाभयाः।।27।।
हठयोगप्रदीपिका, स्वात्माराम–कृत, पृष्ठ–48.
12. धात्विन्द्रियान्तः करणप्रसादं दद्याच्च कान्तिं दहनप्रदीप्तिम्।
अशेषदोषोपचयं निहन्यादभ्यस्यमानं जलवस्तिकर्म।।28।।
हठयोगप्रदीपिका, स्वामी श्रीद्वारिकादासशास्त्री, पृष्ठ–31
13. कल्याण योगाङ्क, गीताप्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ–646.
14. हठयोग के सिद्धान्त, डॉ० नवीन चन्द्र भट्ट, नेहा पाण्डेय, पृष्ठ–113.
15. हठयोग का परिचय, डॉ० नितिन ढ़ोमणे, पृष्ठ–79.

××××

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Volume 3, Issue 4, July-August-2020 | ISSN : 2582-0095

# महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों का अध्ययनः



**डॉ० रीता कुमारी**
एम.ए., पीएच.डी (गृह विज्ञान)
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (बिहार)

**Article Info**
Volume 3 Issue 4
Page Number: 55-59
Publication Issue :
July-August-2020
**Article History**
Accepted : 01 Aug 2020
Published : 07 Aug 2020

राजम्मल (1980) के अनुसार निम्न आय वर्ग के का पोषण स्तर उच्च आय वर्ग के माताओं के पोषण माताओं स्तर से निम्न स्तर का पाया जिसके कारण उनके बच्चों में अधिकि संख्या में कुपोषण होता है।
इन्होंने अपने अध्ययन में यह भी पाया कि कुपोषण से ग्रसित बच्चों के माता–पिता की वार्षिक आय में वृद्धि होने पर उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ और कुपोषण से ग्रसित बच्चों की संख्या कम हो गई।

इन्होंने माता–पिता के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर तथा उनके खान–पान एवं रहन–सहन की आदतों को उनके बच्चों में होने वाले कुपोषण के साथ संबंध का अध्ययन किया और पाया कि निम्न आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर के माता पिता के बच्चों में कुपोषण अधिक होती है। उनके अनुसार इन बच्चों को स्तन–पान के अतिरिक्त पूरक आहार नहीं दिए जाने के कारण प्रोटीन कुपोषण, मेरास्मस क्वार्सीयोकर, एनीमिया एवं विटामिन की कुपोषण पाया जाता है।

राव, विश्वेश्वर (1980) ने प्राक विद्यालयी बच्चों के पोषणहार स्तर का अध्ययन किया और पाया कि अधिक सदस्य वाले परिवार के बच्चों तथा निम्न आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तरके बच्चों को संतुलित आहार नहीं प्रदान किए जाने के कारण प्रोटीन, आयरन एवं थायमिन की कमी होती है।

**Copyright :** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

डॉ० गोपालन (1980) ने अध्ययन में पाया कि भारत के अधिकांश लोगों को संतुलित और पौष्टिक आहार न मिलने का कारण यह नहीं है कि भारत में खाद्य–पदार्थों की कमी है । बल्कि वास्तविकता यह है कि खाद्य पदार्थो का उचित वितरण नहीं हो पाता है।

जे0 देवरपल्ली (1992) के अध्ययन से ज्ञात हुआ कि विभिन्न गर्भावस्था से संबंधित रीति रिवाज एवं कुप्रथाएँ जो कि कोन्डे दौरा समुदाय की महिलाओं में प्रचलित कि माता एवं शिशुओं के विकास को विशेष रूप से प्रभावित करती है। जन्म से पूर्व तथा जन्म के उपरान्त किए जाने वाले रीतिरिवाज और मनाहियों के दुष्परिणाम भी हैं तो कुछ लाभकारी प्रभाव भी है। इनको तीन समूहों में श्रेणी बद्ध किया गया है –(1) हानिकारक रीतियाँ (2) लाभदायक रीतिरिवाज–जिन्हें प्रोत्साहित किया जा सकता है (3) मातृ शिशु स्वास्थ्य की देखभाल के विभिन्न अवस्थाओं जैसे कि जन्म से पूर्व शिशु, शिशु जन्म के समय एवं शिशु जन्म के उपरान्त–इन तीनों के रीति रिवाज विचारणीय है।

कुमारी शोभा (1998) ने आपने सर्वेक्षणों के आधार पर निष्कर्ष दिया कि ऐसा परिवार जो नियोजित नहीं है, उस परिवार में कुपोषण, बीमारी इत्यादि का असर ज्यादा होता है। सर्वेक्षण किए गए 53 व्यक्तियों में से 21 नियोजित परिवार और 32 अनियोजित परिवार के थे। नियोजित परिवार के 21व्यक्तियों में 7 व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। जबकि अनियोजित परिवार के 32 व्यक्तियों में से 21 व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक नहीं था।

इन्होंने अपने सर्वेक्षणों के आधार पर यह भी निष्कर्ष दिया कि आर्थिक स्थिति भी व्यक्ति के खान–पान को प्रभावित करता है। ऐसा परिवार जिसका वार्षिक आय 5000 है, स्वस्थ व्यक्तियों की संख्या ज्यादा है उसकी तुलना में जिसका वार्षिक आय 5000 से कम है। इनके अध्ययन से स्पष्ट है कि शिक्षा स्तर का व्यक्तियों के रहन–सहन एंव खाने–पीने के तौर–तरीकों सर पड़ता है।

सिंह, जे०पी०एवं सिन्हा विनोद कुमार (2002) के अनुसार भारत के गाँवों की आबादी 1951 में 629.86 करोड़ थी जो सन् 2001 में बढ़कर 74.2 करोड़ हो चुकी है। यह वृद्धि तीन प्रतिशत की वार्षिक दर से भी अधिक है। इसका अर्थ यह हुआ कि विगत पाँच दशकों में गाँवों की जनसंख्या ढाई गुनी हो चुकी है। ऐसी स्थिति में भारत जैसे विकासशील देश के लिए तेजी से बढ़ रही इतनी बड़ी जनसंख्या की स्वास्थ्य रक्षा संबंध गी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जरूरी संसाधन जुटाना बहुत ही कठिन जिम्मेदारी है।

कटियार, विमला (2003) ने अपने अध्ययन में पाया कि उच्चवर्ग की तुलना में निम्न वर्ग समूह में अधिक बच्चे थे। कुछ परिवार ऐसे थे जो मुश्किल से अपने बच्चों की अनिवार्य आवश्यकता ही पूरी कर पाते थे। जबकि उच्च वर्ग में भौतिकसम्पन्नता की कमी नहीं देखी गयी और अधिकांश के सीमित परिवार थे।

जैसे निम्न वर्ग में 1–5 माह के 18.0 प्रतिशत जबकि उच्च वर्गीय परिवार में 10 प्रतिशत तथा 56 से 60 माह में निम्न वर्गीय परिवार में 36 प्रतिशत उच्च वर्ग में 34 प्रतिशत बच्चे देखे गये।

इन्होंने अपने अध्ययन में पाया कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न परिवार नियोजन के कार्यक्रमों का प्रभाव अधिकांशतः उच्च वर्ग शिक्षित परिवारों में हुआ है जबकि कुछ सुधार निम्न आय वर्ग में भी देखा गया है।

इन्होंने यह भी पाया कि उच्च आय वर्ग शिक्षित माताएँ बच्चों के पालन–पोषण व्यक्ति के विकास और स्वंतत्र वातावरण को अधिक महत्व देने की ओर प्रवृत्त हुई।

के०, पद्मजा (2005) के अनुसार आश्चर्यजनक पहलू यह है कि विश्व के अन्य देशों के बजटों के वनिस्पत भारतीय बजट में स्वास्थ्य के लिए सबसे कम राशि आवंटित की जाती है। स्वास्थ्य के राज्यों का विषय होने के बावजूद लक्ष्यों और संसाधनों के बीच का यह अन्तर ही भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली के अपर्याप्त और असमान होने की मूल वजह है। इन्होंने यह भी बतलाया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को तत्काल नवीन ताकत दिए जाने की आवश्यकता है ताकि गरीबों को अनिवार्य चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जा सके।

दास, पटेल एवं डॉ० दशमन्त (2005) के अनुसार गरीब देशों की 80 प्रतिशत बीमारियाँ अशुद्ध पेयजल और गंदगीके कारण होती है। लगभग 1.5 अरब व्यक्ति शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित है। प्रतिदिन लगभग 35 हजार व्यक्ति अतिसार रोगों का शिकार बनते हैं।

कौशिक, पंकज (2006) के अनुसार विश्व के अधि कांश देशों की जनसंख्या कुपोषण का शिकार है। भारत में बढ़ती जनसंख्या, निरक्षरता और अज्ञानता आदि कारणों से पोषण का स्तर काफी गिर गया है। इन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण परिप्रेक्ष्य में अशिक्षा एवं अज्ञानता के कारण कुपोषण से महिला एवं बच्चे विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। महिलाओं को इनकी जानकारी नहीं है कि प्राप्त खाद्य पदार्थों को किस प्रकार भोजन में लिया जाए जिससे वे पौष्टिक बनकर शरीर की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके।

महीपाल (2006) के अनुसार बालक और मातृत्व की सुरक्षा पारिवारिक कर्त्तव्य है। जब हम यह जानते हैं कि समाज का भविष्य माताओं के हाथ में होता है तब उस माँ की रक्षा करना भी पारिवारिक दायित्व है जिसे अधिक से अधिक शिक्षा, प्रचार और प्रसार द्वारा पुष्ट किया जा सकता है। इन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नागरिकों को स्वस्थ रखने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों ने पर्याप्त धन व्यय किया है,

लेकिन जनता की सहभागिता स्वास्थ्य डिलीवरी प्रक्रिया में कमजोर कड़ी रही है। विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत परिव्यय और स्वास्थ्य की दयनीय स्थिति इसके प्रमाण हैं।

एन०एस०एस० (2007) के सर्वेक्षण रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल दृश्य का चित्रण मिलता है कि पूरे देश का अगर आँकड़ा लें तो उड़ीसा के बाद गरीबों पर मौत का साया सबसे अधिक बिहार पर मंडराता है और अपना शिकार भी बनाता है। इसमें भले ही गाँव के लोग अधिक हो पर शहर वासी भी महफूज नहीं है।

**महिलाओं में पोषण सम्बन्धी ज्ञान का अध्ययनः –**

राजलक्ष्मी, आर(1969) ने सुझाव दिया कि पोषण संबंधी शिक्षा का कार्यक्रम सुगम, व्यावहारिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुकूल भोजन की आदतों और उपलब्ध भोजन संबंधी साधनों के अनुसार होना चाहिए। इनके अनुसार दो आहार विज्ञान के विशेषज्ञ को 2 से 5 गाँवों में शिक्षा प्रसार के उद्देश्य से नियुक्त करना चाहिए। एक या दो साल के पश्चात् वे अगले पाँच गाँवों तक जा सकते हैं। दो कर्मचारी, दो सालों में 80,000 जनसंख्या को शिक्षा दे सकते हैं तथा 10 सालों में 40,00,000 जनसंख्या तक पहुँच सकते हैं।

स्वामीनाथन, एम (1974) के अनुसार मानव के पोषण स्तर को ऊँचा उठाने के लिए आर्थिक साधन तो अनिवार्य रूप से आवश्यक हैं ही परन्तु शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के सम्बन्ध में तथा सस्ते, पौष्टिक खाद्य पदार्थों के संबंध में अज्ञान भी शरीर के पोषक स्तर को गिराने में सहायक होती है ।

कपिल एवं सहयोगियों ने 1991 में अध्ययन के दौरान पाया कि 23.69 और 55.93 प्रतिशत छात्राओं को गलत जानकारी थी कि दालों और मांसाहार गर्भावस्था के अधांश में लेना चाहिए। क्रमशः कुल 63.82 प्रतिशत को 66.45 प्रतिशत और 71.72 प्रतिशत को गलत जानकारी थी कि बादाम, मूँगफली से अधिक पौष्टिक है, फलों से बहुत अधिक मात्रा में कैलोरीज प्राप्त होते हैं और देशी घी की पौष्टिकता वनस्पति की तुलना में अधिक है। यह भ्रान्तियाँ हैं।

कटियार, विमला (2003) के अनुसार आज भी शिक्षित अभिभावक बच्चों के पालन–पोषण की ट्रेनिंग की आवश्यकता को स्वीकार नहीं करते हैं उनका भ्रम है कि वे बच्चों का पालन–पोषण अच्छी तरह जानते हैं। यह विषय काफी उपेक्षित रहा है। पालन–पोषण की दूषित प्रणाली के कारण ही मनुष्य का स्वभाव और स्वास्थ्य फलने–फूलने और विकसित होने से वंचित हो गया है।

कौशिक, पंकज (2006) के अनुसार ग्रामीण परिवेश में सुलभता से उपलब्ध हरी पत्तेदार सब्जियों में महत्वपूर्ण पौष्टिक तत्व शामिल रहते हैं। इन्हें अनाजों एवं दालों के साथ मिलाकर बनाने से लगभग भोजन के सभी तत्व पर्याप्त मात्रा में प्राप्त किए जा सकते हैं।

**संदर्भ सूची :**


1. आर. के. आनन्दः प्रजेन्ट कान्सेप्ट्स ऑन प्रोमोशन ऑफ ब्रेस्ट फीडिंग इन इण्डिया, इण्डियन पीडियाट्रिक्स 1994.
2. वही पृष्ठ.
3. आर. राजलक्ष्मीः अप्लायड न्यूट्रीशन, पृष्ठ सं. 418 (1969).
4. अज्ञात (2007) : मातृ मृत्यु दर में पिछड़ता भारत, योजना फरवरी 2015 के लक्ष्य प्राप्त करना हुआ मुश्किल, पृष्ठ 43.
5. वही पृष्ठ.
6. एम. स्वामीनाथनः इसेन्सियल्स ऑफ फूड न्यूट्रीशन, वाल्यूम–11 पृष्ठ सं. 334, 1974.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Volume 3, Issue 4, July-August-2020 | ISSN : 2582-0095

# भारत में महिलाओं की स्थिति : अतीत और वर्तमान



**डॉ0 कामिनी कुमारी**
एम.ए., पीएच.डी.
इतिहास, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

**Article Info**
Volume 3 Issue 4
Page Number: 60-63
Publication Issue :
July-August-2020
**Article History**
Accepted : 01 Aug 2020
Published : 07 Aug 2020

आज आजादी के 70 सालों बाद भी भारत में महिलाओं की स्थिति संतोषजनक नही कही जा सकती। आधुनिकता के विस्तार के साथ–साथ देश में दिन–प्रतिदिन बढ़ते महिलाओं के प्रति अपराधों की संख्या के आंकड़े चौकाने वाले हैं। उन्हें आज भी कई प्रकार के धार्मिक रीति–रिवाजों, कुत्सित रूढ़ियों, यौन अपराधों, लैंगिक भेदभावों, घरेलू हिंसा, निम्नस्तरीय जीवनशैली, अशिक्षा, कुपोषण, दहेज उत्पीड़न, कन्या भ्रूणहत्या, सामाजिक असुरक्षा, तथा उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है।

---

हालांकि पिछले कुछ दशकों में रक्षा और प्रशासन सहित लगभग सभी सरकारी तथा गैर–सरकारी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, उनकी स्वायत्तता तथा अधिकारों का कानूनी एवं राजनैतिक संरक्षण, तेजी से बदलते सकारात्मक सामाजिक नजरिये, सुधरते शैक्षणिक स्तर, अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में उनकी प्रतिभागिता एवं कौशल तथा सिनेमा, रचनात्मक, व्यापार, संचार, विज्ञान तथा तकनीकि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कई बड़े बदलाव भी देखने में सामने आये हैं। लेकिन यह महज शुरूआत भर है। जब तक समाज के प्रत्येक वर्ग में महिलाओं की पुरूषों के बराबर भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो जाती, वे हर प्रकार से शिक्षित, सुरक्षित तथा संरक्षित नही हो जाती, तब तक हमारी आजादी अधूरी मानी जायेगी। वैदिक युग में स्त्रियों को पुरूषों के बराबर अधिकार प्राप्त थे। उन्हें यज्ञों में सम्मिलित होने, वेदों का पाठ करने तथा शिक्षा हासिल करने की आजादी थी। ऋग्वेद और उपनिषद् गार्गी, अपाला, घोषा, मैत्रेयी जैसी कई महिला विदुषियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। जैसा कि प्राचीन भारत में कहा जाता रहा है–यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता। अर्थात् जहां स्त्रियों का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं। स्मृतियों में (खासकर मनुस्मृति) स्त्रियों पर पाबंदियां लगाना शुरू किया। यहीं से महिलाओं की स्थिति में गिरावट आना शुरू हो गई। भारत पर ईस्लामी आक्रमण के बाद तो हालात बद से बदतर हो गये। इसी

**Copyright :** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

समय पर्दा–प्रथा, बाल–विवाह, सती–प्रथा, जौहर और देवदासी जैसी घृणित धार्मिक रूढ़ियां प्रचलन में आई। मध्ययुग में भक्ति आंदोलन ने महिलाओं की स्थिति को सुधारने के प्रयास जरूर किये पर वो उस हद तक सफल नहीं रहे। सिर्फ चुनिंदा स्त्रियां, जैसे कि–मीराबाई, अक्का महादेवी, रामी जानाबाई और लालदेद ही इस आंदोलन का सफल हिस्सा बन सकीं। इसके तुरंत बाद सिख–धर्म प्रादुर्भाव में आया। इसने भी युद्ध, नेतृत्व एवं धार्मिक प्रबंध समितियों में महिलाओं एवं पुरूषों की बराबरी के उपदेश दिये। अंग्रेजी शासन ने अपनी तरफ से महिलाओं की स्थिति को सुधारने के कोई विशेष प्रयास नहीं किये, लेकिन 19 वीं शताब्दी के मध्य में उपजे अनेक धार्मिक सुधारवादी आंदोलनों जैसे–ब्रह्म समाज (राजा राम मोहन राय), आर्य समाज (स्वामी दयानंद सरस्वती), थियोसोफिकल सोसाइटी, रामकृष्ण मिशन (स्वामी विवेकानंद), ईश्वरचंद्र विद्यासागर (स्त्री शिक्षा), महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले (दलित स्त्रियों की शिक्षा) आदि ने अंग्रेजी सरकार की सहायता से महिलाओं के हित में सती प्रथा का उन्मूलन, 1829 (लार्ड विलियम बैंटिक) सहित कई कानूनी प्रावधान पास करवाने में सफलता हासिल की। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इस दौर में युद्ध, राजनीति, साहित्य, शिक्षा और धर्म से कुछ सुप्रसिद्ध स्त्रियों के नाम उभरकर सामने आते हैं। जिनमें से रजिया सुल्तान (दिल्ली पर शासन करने वाली एकमात्र महिला साम्राज्ञी) गोड की महारानी–दुर्गावती, शिवाजी महराज की माता–जीजाबाई, कित्तूर की रानी–चेन्नम्मा, कर्नाटक की महारानी–अब्बक्का, अवध की सहशासिका बेगम हजरत महल, आगरा की नूरजहां तथा झांसी की महारानी–लक्ष्मीबाई के नाम प्रमुख हैं। भारत का प हला महिला महाविद्यालय बिथयून कॉलेज, 1879 में खुला। जिससे चंद्रमुखी बसु, कादंबिनी गांगुली और आनंदी गोप ाल ज ोशी ने वर्ष 1886 में शुरू आती शैक्षणिक डिग्रिय ां प्ाप्त की थी।

यूं तो पहले भी माता तपस्विनी, मैडम कामा, और सरला देवी जैसी कई क्रांतिकारी महिलायें भारत के राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थीं, किंतु गांधी जी के आवाहन के बाद यह संख्या कई गुना और बढ़ गई। शांति घोष, स्मृति चौधरी, बीना दास, प्रीतिलता वाडेडकर, बनलतादास गुप्ता, विजयलक्ष्मी पंडित, राजकुमारी अमृत कौर, अरूणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी, कस्तूरबा गांधी, दुर्गाबाई देसमुख, कैप्टेन लक्ष्मी सहगल तथा सरोजिनी नायडू भारत की आजादी के संघर्ष में शामिल होने वाली प्रमुख महिलायें हैं। इनके अतिरिक्त कई विदेशी महिलाओं–मीरा बेन (बेडलीन स्लेड), सरला बेन (कैथरीन मेरी हीलमेन), एनी बेसेन्ट, भगिनी निवेदिता आदि ने भी इस आंदोलन में महत्वप ूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद के वर्षो में महिलाओं के लिए समान अधिकार (अनुच्छेद–14), राज्य द्वारा कोई भेदभाव नही करने (अनु.–15), अवसरों की समानता (अनु.16), समान कार्य के लिए समान वेतन(अनु. 39), अपमानजनक प्रथाओं के परित्याग के लिए (अनु. 51ए (ई.), प्रसुति सहायता के लिए (अनु.42) जैसे आदि अनेक प्रावधान भारतीय संविधान में किए गये। इसके अतिरिक्त अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956,

दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम 1984, महिलाओं का अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम 1986, सती निषेध अधिनियम

1987, राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम 1990, गर्भधारण पूर्व लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम
1994, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (प्रतिषेध) अधिनियम 2013, दण्डविधि (संसोधन) 2013, भारतीय महिलाओं को अपराधों के विरूद्ध सुरक्षा प्रदान करने तथा उनकी आर्थिक एवं सामाजिक दशा में सुधार करने के लिए बनाये गए प्रमुख कानूनी प्रावधान है। कई राजयों की ग्राम व नगर पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का प्रावधान भी किया गया है।

विडम्बना तो यह है कि इतने सारे कानूनी प्रावधानों के होने के बावजूद देश में महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों में कमी होने की बजाय वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.) की हालिया रिपोर्ट मुताबिक 2014 में प्रतिदिन 100 महिलाओं का बलात्कार हुआ और 364 महिलाएँ यौन उत्पीड़न का शिकार हुई। इस वर्ष केवल बलात्कार के 36735 मामले दर्ज किए गये जो 2012 में दर्ज (24923) मामलों में कही ज्यादा अधिक थे। यूनिसेफ का रिपोर्ट हिडेन इन प्लेन साइट के मुताबिक भारत में 15 साले से 19 साल की उम्र वाली 34 प्रतिशत विवाहित महिलाएँ ऐसी हैं जिन्होंने अपने पति, साथी के हाथों यौन हिंसा झेली है। इंटरनेशनल सेंटर–रिसर्च ऑन वीमेन के अनुसार भारत में 10 में से 6 पुरूषों से कभी न कभी पत्नी अथवा प्रेमिका के साथ हिंसक व्यवहार किया है। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 से 2016 के बीच देश भर में बलात्कार 1,10,333 मामले दर्ज किए गये हैं। एनस ी.आर.बी. के अनुसार पि छले 10 वर्षों में महिलाओं के विरूद्ध हुए अत्य ाचारों में दो गुने से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इस संबंध में देश में हर घंटे करीब 26 अपराधिक मामले दर्ज किए जाते हैं। यह स्थिति बेहद ही भयावह है। इसके अतिरिक्त कई अन्य चिंतायें भी जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सरोकार, घर के महत्वपूर्ण निर्णय लेने में भूमिका की कमी, दोहरा सामाजिक रवैया, प्रशिक्षण का अभाव, पुरूषों पर आर्थिक निर्भरता, गरीबी एवं धार्मिक प्रतिबंध शामिल हैं। यूएनडीपी (मानव विकास रिपोर्ट) 1997 के अनुसार भारत में 88 प्रतिशत महिलायें रक्ताल्पता का शिकार है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रजनन क्षमता पर नियंत्रण पाने के बहुत कम उपाय प्रयोग किये जाते हैं, जिससे बार–बार गर्भधारण और शारीरिक अक्षमता के चलते कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएँ आये दिन देखने में आती रहती हैं।

हालांकि कुछ महिलायें इन सभी चुनौतियों से पार पाकर विभिन्न क्षेत्रों में देश के स म्मानीय स्तरों तक भी पहुँची है, जिनमें श्रीमती इंदिरा गांधी, प्रतिभादेवी सिंह पाटिल, सुषमा स्वराज, निर्मला सीतारमण, महादेवी वर्मा, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमृता प्रीतम, महाश्रेता देवी, लता मंगेशकर, आशा भोषले, श्रेया घोषाल, सुनिधि चौहान, अल्का याज्ञनिक,

सुश्री मायावती, जयललिता, ममता बनर्जी, मेधा पाटकर, अरूंधती राय, चंदा कौचर, पी.टी. ऊषा, साइना नेहवाल, सानिया मिर्जा, साक्षी मलिक, पी0वी. सिंधू, हिमा दास, झूलन गौस्वामी, स्मृति मंधाना, मिथाली राज, हरस नप्रीत कौर, गीता फोगाट तथा मैरी कॉम आदि नाम उल्लेख ानीय है।

भारत जैसे पुरूष प्रधान देश में 70 के दशक में महिला सशक्तिकरण तथा फमिनिज्म शब्द प्रकाश में आये। जिनमें 1990 के भूमण्डलीकरण तथा उदारवाद के बाद विदेशी निवेश द्वारा स्थापित गैर–सरकारी संगठनों के रूप में अभूतपूर्व तेजी आई। इन संगठनों ने भी महिलाओं को जागृत कर उनमें उनके अधिकारों के प्रति चेतना विकसित करने तथा उन्हें सामाजिक/आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महती भूमिका अदा की है। साथ ही मुस्लिम महिलाओं में प्रचलित निकाह–हलाला, तथा तीन तलाक जैसे पुरातनपंथी धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने में मदद की है। हरियाणा, राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में कन्या भ्रूण हत्या को रोककर लिंग अनुपात के घटते स्तर को संतुलित करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति को सुधारने के प्रक्रम को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा बेची बचाओं, बेटी पढ़ाओं' योजना चलाई जा रही है तथा लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में 33 प्रतिशत महिला सीटों के आरक्षण का विधेय क लंबित है।

स्त्री सुरक्षा और समता में उठाया गया हमारा प्रत्येक कदम किसी न किसी हद तक स्त्रियों की दशा सुधारने में कारगर साबित हो रहा है, इसमें कोई दोराय नहीं, किंतु सामाजिक सुधार की गति इतनी धीमी है कि इसके यथोचित परिणाम स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ पाते। हमें और भी द्रुत गति से इस क्षेत्र में जन–जागृति और शिक्षा पहुंचाने का कार्य करने की आवश्यकता है। शिक्षा सभी दोषों से छुटकारा दिलाने का आधारभूत साधन है। एक शिक्षित स्त्रीन केवल अपना बल्कि परिवार की परिवार की तीन पीढ़ियों का सर्वतोभद्र कल्याण कर सकती है। इसलिए शिक्षा को केन्द्र बनाकर तथा समुचित साधन और कानूनों का पालन सुनिश्चित करके देश को महिला अप राधसे मुक्त बनाया जास कता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :**


1. प्राचीन भारत का इतिहास, कुमार एवं कुमार पृष्ठ 319–380.
2. भारत का राज नैतिक एवंस ांस्कृतिक इतिहास , डॉ0 ए.के. मित्तल, पृष्ठ 256.
3. वही पृष्ठ.
4. गुप्ता कमलेश कुमार, महिला स शक्तिकरण, बुक ए नक्लेव, जयपुर.
5. वही पृष्ठ.
6. हस नैन, नदीम (2004) स मकालीन भारतीय स माज , भारत बुक सेन्टर, लखनऊ.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# काव्यप्रकाशे शब्दालङ्काराः



नर्मदा बेहेरा
शोधच्छात्रा,
राष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः,
तिरुपतिः, आन्ध्रप्रदेशः

**सारांशः** –"काव्यशोभाकरान् धर्मान् अलङ्कारान् प्रचक्षते" इति काव्यप्रकाशस्य नवम-दशमोल्लासे च अलङ्कारानां चर्चा विहिता। तत्र नवमोल्लासे शब्दालङ्काराणां प्रतिपादनम् कृतम् वक्रोक्ति-अनुप्रास-यमक-श्लेष-चित्र-पुनरुक्तवदाभासः इति षड् शब्दालङ्कृतयः।

मुख्यशब्दः-अलङ्कारः-वक्रोक्तिः-अनुप्रासः-यमकम्-चित्र-पुनरुक्तवदाभासः चेति।

काव्यप्रकाशो हि नामा ग्रन्थः सर्वेषु साहित्यालङ्कारग्रन्थेषु चूडामणित्वमुपगतो विभाति नितराम्। वाग्देवतावतारः मम्मटभट्टः अस्य ग्रन्थस्य कर्ता। ग्रन्थस्यास्य प्रतिपदं गूढव्यञ्जनक्षमता परिलक्ष्यते। सूक्ष्मेक्षिकया विषयसमीक्षापाटवेन पटीयनाचर्यः मम्मटः काव्यप्रकाशग्रन्थं दशमोल्लासे विभजति।

1. तत्र प्रथमोल्लासे मङ्गलाचरणमनन्तरं काव्यप्रयोजनं , काव्यकारणं , काव्यस्वरूपं , काव्यभेदश्च वर्णयति।
2. द्वितीयोल्लासे शब्दार्थयोः स्वरूपं तथा च शाब्दीव्यञ्जनां प्रतिपादयति।
3. तृतीयोल्लासे अर्थस्वरूपं तथा च "वक्तृबोद्ध--" इति आर्थीव्यञ्जनां लक्षयति।
4. चतुर्थोल्लासे काव्यभेदस्य प्रथमप्रकारस्य ध्वनिकाव्यस्य स्वरूपं,रस स्वरूपं तेषां भेदाः,प्रभेदाश्च,शरेषुयुगखेन्दवः (१०४५५) ध्वनिभेदाश्च उपस्थिताः।
5. पञ्चमोल्लासे गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य अष्टप्रकारकभेदाः,ध्वनिविरोधि-आचार्याणां मतखण्डनपुरस्सरं व्यञ्जना स्थापनं च विहितम्।
6. षष्ठोल्लासे काव्यभेदस्य तृतीयप्रकारस्य चित्रकाव्यस्य द्वौ भेदौ (शब्दचित्रं,वाच्यचित्रञ्च) वर्णितौ।
7. सप्तमोल्लासे काव्यदोषानां स्वरूपं वक्ष्यति तथा पददोषाः,पदार्थदोषाः,वाक्यदोषाः,अर्थदोषाः,रसदोषाः च सोदाहरणं उपस्थापयति।
8. अष्टमोल्लासे उत्कर्षहेतवः अचलस्थितयः गुणस्य स्वरूपं माधुर्य-ओज-प्रसादेति त्रिविधिं गुणं वर्णयति।

9. नवमोल्लासे शब्दालङ्काराणां लक्षणं लक्षयति।

10. दशमोल्लासे एकषष्ठी (६१)अर्थालङ्काराणां वर्णनं भवति।

काव्यप्रकाशस्य नवमोल्लासे मम्मटेन अलङ्कारस्य स्वरूपमेवं लक्षयति।

यथा -

**“उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्।“**

**हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादयः॥”**

**(का.प्र.८.६७)**

ये धर्माः अङ्गद्वारेण अङ्गिनो कदाचित् न नियमेन उपकुर्वन्ति ते धर्माः अनुप्रासादयोऽलङ्काराः हारादिवत् भवन्ति ।अलङ्काराणां सर्वप्रथमं उल्लेखो भरतकृते नाट्यशास्त्रे प्राप्यते तत्र यमक-उपमा-रूपक-दीपकानीति चत्वारोऽलङ्काराः निर्दिश्यन्ते । अग्निपुराणे १५ अलङ्काराः , वामनकृते काव्यालङ्कारसूत्रे ३३ अलङ्काराः,दण्डीकृते काव्यादर्शे ३५ अलङ्काराः ,भामहकृते काव्यालङ्कारे ३९ अलङ्काराः, उद्भटकृते काव्यालङ्कारसारसंग्रहे ४१ अलङ्काराः , रुद्रटकृते काव्यालङ्कारे ५२ अलङ्काराः , मम्मटकृते काव्यप्रकाशे ६७ अलङ्काराः विविच्यन्ते।

तेषु अलङ्कारेषु षड् शब्दालङ्काराः भवन्ति।

यथा –

**वक्रोक्तिरप्यनुप्रासो यमकं श्लेष चित्रके।**

**पुनरुक्तवदाभासः शब्दालङ्कृतयस्तु षड् ॥**

| **अ.क्र** | **अलङ्काराणां नामानि** | **लक्षणानि** | **उदाहरणानि** |
|---|---|---|---|
| १. | वक्रोक्तिः | यदुक्तमन्यथा वाक्यमन्यथाऽन्येन योज्यते। श्लेषेण काक्वा वा ज्ञेया सा वक्रोक्तिस्तथा द्विधा॥ | पदभङ्गश्लेषः-नारीणामनुकूलमाचरसि चेत्.. |
| | | | अभङ्गश्लेष : - अहो केनेदृशी बुद्धिरुणा ..... |
| | | | काक्वा – गुरुजनपरतन्त्रतया दूरतरं... |
| २. | अनुप्रासः | वर्णसाम्यमनुप्रासः। | ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुः शशी .... |
| | | छेकानुप्रासः - सोऽनेकस्य सकृत्पूर्वः। | |
| | | वृत्त्यनुप्रास : - एकस्याप्यसकृत्परः। | अपसारय घनसारं कुरु हारं दूर..... |
| | | लाटानुप्रासः - शाब्दस्तु लाटानुप्रासो भेदे तात्पर्यमात्रतः। | यस्य न सविधे दयिता दवदहन ... |
| | | पदस्य लाटानुप्रासः | वदनं वरवर्णिन्यास्तस्याः सत्यं |
| | | नाम्नः लाटानुप्रासः | सितकरकररुचिरविभा विभाकराकार.... |
| ३. | यमकम् | अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः | १.सन्दंशम्-सन्नारीभरणोमायमाराध्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | । | विधुशेखरं |
| | | | २.युग्मकम्-विनायमेनो नयताऽसुखादिना विना.. |
| | | | ३.महायमकम्- स त्वारम्भरतोऽवश्यमबलं.. |
| | | | ४.सन्दष्टकम्-अनन्तमहिमव्याप्तविश्वां वेधा .. |
| | | | ५.आद्यान्तिकम्-यदानतोऽयदानतो नयात्ययं ... |
| | | | ६.उत्तरार्धसमुच्चय:-सरस्वति प्रसादं मे स्थिति |
| | | | ७.पूर्वोत्तरार्धसमुच्चय : - ससार साकं दर्पेण.. |
| | | | ८.अनियतम्-मधुपराजिपराजितमानिनीजनमनः |
| ४. | श्लेष : | वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद्भाषणस्पृशः । श्लिष्यन्ति शब्दा : श्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा ॥ | १.वर्णश्लेष : - अलङ्कारः शङ्काकरनरकपालं .. २.पदश्लेष : - पृथुकार्तस्वरपात्रं भूषितनि : शेष ... ३.४.लिङ्गवचनयो : - भक्तिप्रह्वविलोकनप्रणयिनी ५.भाषाश्लेष:- महदे सुरसन्धम्मे तमवसमासङ्गम् ६.प्रकृतिश्लेष :- अयं सर्वाणि शास्त्राणि हृदि ज्ञेषु . ७.प्रत्ययश्लेष :- रजनिरमणमौले : पादपद्मावलोक ८.विभक्तिश्लेष : - सर्वस्वं हर सर्वस्य त्वं |
| | | | अभङ्गः- योऽसकृत्परगोत्राणां पक्षच्छेदक्षणक्षम : (इत्यभङ्गः-स्वयञ्च पल्लवाताम्रभास्वत्कर..... इतिसभङ्गः- प्रभातसन्ध्येवास्वापफललुब्धेहितप्रदा ) अर्थश्लेष : - स्तोकेनोन्नतिमायाति .... गुणक्रिययोः साम्येऽपि उपमा- सकलकलं पुरमेतज्जातं ... पूर्णोपमाया निर्विषयत्वापत्ते : - देव ! त्वमेव पाताल , रूपकाभास : - सद्वंशमुक्तामणिः ॥ |
| | | | श्लेषाभास : - अबिन्दुसुन्दरी नित्यं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | गलल्लावण्य . व्यतिरेकाभास : - नाल्प : कविरिव स्वल्पश्लोको समासोक्त्याभास : - अनुरागवती सन्या दिवसः विरोधाभास : - आदाय चापमचलं कृत्वाहीन .. |
| ५. | चित्रालङ्कारः | तच्चित्रं या वर्णानां खड्गाद्याकृतिहेतुता। | खड्गबन्ध : - मारारिशक्ररामेभमुखैरासाररंहसा। |
| | | | मुरजबन्धः - सरला बहुलारम्भतरलालिबरलारवा। |
| | | | पडाबन्धः- भासते प्रतिभासार रसाभाताहताविभा। |
| | | | सर्वतोभद्रम् - रसासार ! रसा सारसायताक्ष ! ..... |
| ६. | पुनरुक्तबदाभासः | पुनरुक्तवदाभासो विभिन्नाकारशब्दगा।। एकार्थतेव। | शब्दगत : सभङ्गः- अरिवधदेहशरीर : सहसा रथिसूत ..... |
| | | | अभङ्गः- चकासत्यङ्गनारामा : कौतुकानन्दहेतवः। |
| | | | शब्दार्थगत : - तनुवपुरजघन्योऽसौ करिकुञ्चर ... |

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# आधुनिक परिप्रेक्ष्य में योग की स्वास्थ्य विषयक अवधारणा



**डॉ० उमाकान्त यादव**
**प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय,**
**प्रयागराज, उत्तर प्रदेश,भारत।**

**Article Info**
Volume 3 Issue 4
Page Number: 93-100
**Publication Issue :**
July-August-2020
**Article History**
Accepted : 15 July 2020
Published : 20 July 2020

**सारांश** – योग आत्मोपचार एवं आत्मदर्शन की श्रेष्ठ आध्यात्मिक विद्या है। यह व्यक्तित्व को वामन से विराट बनाने का सशक्त माध्यम है। साथ ही यह एक उत्तम चिकित्सा पद्धति है जो शारीरिक एवं मानसिक व्याधि को निर्मूल करती है। योग एलोपैथी की तरह कोई लाक्षणिक चिकित्सा नहीं है अपितु यह रोगों के मूल कारण को दूर कर हमें आन्तरिक स्वस्थता प्रदान करता है। अतः आधुनिक युग में योगविद्या को पूर्णनिष्ठा से अपनाने की आवश्यकता है।

**मुख्य शब्द .** आधुनिक, योग, स्वास्थ्य, आत्मदर्शन, आध्यात्मिक, विद्या, शरीरिक, मानसिक, चिकित्सा,योगविद्या।

प्राचीन भारतीय परम्परा ने अन्तःकरण की शुद्धि के लिये विभिन्न प्रक्रियाओं का निर्देश किया है जिनको कालान्तर में एकत्रित करके महर्षि पतंजलि ने सांख्य के दार्शनिक सिद्धान्त के आधार पर सूत्ररूप में एक स्वतन्त्र शास्त्र की रचना की जो योगदर्शन के नाम से विख्यात है। यह शास्त्र भारत की सम्पूर्ण दार्शनिक प्रतिपत्ति की एक अपूर्व निधि है, जिसका अनुसरण सभी सम्प्रदाय किसी न किसी रूप में करते हैं। यद्यपि योगशास्त्र में योग के आदि प्रवर्तक के रूप में हिरण्यगर्भ को स्वीकार किया जाता है। याज्ञवल्क्य स्मृति में वर्णित ''हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः''[i] इस कथन को आधार मानकर पातंजल योग दर्शन की व्याख्याओं की प्रस्तावना में प्रायः सभी आचार्यों ने योग के आदि प्रवर्तक के रूप में हिरण्यगर्भ को प्रतिष्ठित किया है। वस्तुतः योग–विद्या को एक जीवन दर्शन के रूप में प्रतिष्ठित करने का श्रेय पतंजलि के योगसूत्र को ही दिया जाता है, जिसकी रचना उन्होंने ईसा से दो सौ वर्ष पूर्व सूत्र रूप में की। परवर्ती कालों में हठयोग प्रदीपिका, घेरण्ड संहिता, शिव संहिता आदि ग्रन्थों में योग के विविधि रूप दृष्टिगत होते हैं। समय के अनुसार विषय में परिवर्तन होते रहे फिर भी योग मूलतः बुद्धिनिष्ठ रहा। योग भारतीय संस्कृति का मूल है, एक सर्वोत्तम उपासना पद्धति है तथा मानव जीवन के लिये एक आदर्श आचार संहिता है। यह परम पुरुषार्थ मोक्ष का साधन है। साथ ही उत्तम स्वास्थ्य विविध प्रकार के रोगों से मुक्ति तथा दीर्घ आनन्दमय जीवन का साधन भी है।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

पातंजल योगसूत्र में चित्त की वृत्तियों के निरोध को योग कहा गया है– **योगश्चित्तवृत्ति निरोधः।**[ii] पतंजलि ने चित्त की प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति इन पाँच वृत्तियों का उल्लेख किया है।[iii] जिन साधनों से प्रमा अर्थात् यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि होती है उसे **प्रमाण** कहते हैं। **विपर्यय** भ्रान्त ज्ञान है यथा–रज्जु में सर्प का भान। विपर्यय प्रमाण–वृत्ति के द्वारा बाधित होता है। **विकल्प** शब्द ज्ञान से उत्पन्न होने वाली वृत्ति है। इससे ऐसे विषय का ज्ञान होता है, जिसका इस संसार में अभाव होता है जैसे–बन्ध्यापुत्र। सुषुप्तावस्था की वृत्तियों को **निद्रा** कहते हैं। **स्मृति** संस्कारजन्य ज्ञान है, यह भी चित्त की वृत्ति है। इन पाँचों वृत्तियों के निरोध को पातंजल योग में **'योग'** कहा गया है।

पतंजलि ने यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये योग के आठ अंग स्वीकार किये हैं[iv] जिन्हें अष्टांग योग की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। इनमें से यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार बहिरंग साधन तथा धारणा, ध्यान और समाधि अन्तरंग साधन स्वीकार किये जाते हैं। शरीर, मन और वाणी का संयम **यम** कहलाता है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह (आवश्यकता से अधिक सम्पत्ति का संचय न करना) ये पाँच **यम** के अन्तर्गत आते हैं।[v] भावात्मक सद्गुणों का अभ्यास **नियम** कहलाता है। शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्राणिधान ये पाँच नियम के अन्तर्गत परिगणित हैं।[vi] **आसन** शरीर का संयम है। शरीर की ऐसी स्थिति जिसमें हम निश्चल होकर देर तक सुखपूर्वक रह सके आसन है– **स्थिरसुखमासनम्।**[vii] **प्राणायाम** प्राणवायु का संयम है। पतंजलि ने कहा है कि आसन सिद्धि हो जाने पर श्वास और प्रश्वास की गति को रोकना प्राणायाम है– **तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गति विच्छेदः प्राणायामः।**[viii] अपनी इन्द्रियों के विषयों के साथ सन्निकर्ष न होने पर इन्द्रियों का चित्त के स्वरूप का अनुकरण–सा कर लेना प्रत्याहार है–**स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहरः।**[ix] चित्त को किसी स्थान विशेष पर स्थिर करना **धारणा** है– **देशबन्धश्चित्तस्य धारणा।**[x] योगदर्शन में नाभिचक्र, हृदयकमल, शीर्षप्रकाश, नासिकाग्र एवं जिह्वाग्र को धारणा के लिये स्थान निर्धारित किया गया है। उस धारणा वाले विषय में ज्ञान की एकतानता ही **ध्यान** है– **तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्।**[xi] ध्यान में एक समय में एक ही ज्ञान का प्रवाह होता है। इसमें केवल ध्येय विषय प्रकाशित होता है। ध्येय अर्थमात्र को निर्भासित करने वाला अपने ज्ञानात्मक रूप से भी रहित सा ध्यान ही **समाधि** है।[xii] इस अवस्था में साधक का बाह्य जगत् से सम्बन्ध टूट जाता है और वह अपने स्वरूप को प्राप्त कर लेता है। योगदर्शन में सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात दो प्रकार की समाधि विहित है। **सम्प्रज्ञात समाधि** में केवल ध्येय विषय का ज्ञान होता है। इसमें चित्त ध्येय विषय में लीन होकर ध्येयविषयाकार हो जाता है। इसे सबीज समाधि भी कहते हैं क्योंकि इसमें ध्येय विषय की चेतना बनी रहती है। **असम्प्रज्ञात** समाधि में कोई भी चित्तवृत्ति उपस्थित नहीं रहती है और न ही कोई भी आलम्बन अवशिष्ट रहता है। इसीलिए इसे निर्बीज समाधि कहा जाता है। यही आत्मा के मोक्ष की अवस्था है। पतंजलि का 'अष्टांगयोग'

मानसिक अनुशासन का विज्ञान है जो मन को शान्त व एकाग्रकर समाधि की अवस्था तक पहुँचाता है। यद्यपि मुख्यतः योग का उद्देश्य कैवल्य या मोक्ष की प्राप्ति है फिर भी यौगिक क्रियाओं के द्वारा मनुष्य व्यक्तित्व विकास, बौद्धिक विकास और मानसिक विकास के साथ–साथ शारीरिक स्वस्थता को भी प्राप्त करता है। वस्तुतः शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक एवं आत्मिक आदि विभिन्न स्तरों पर संतुलन, लय और सुसंवाद रखना ही वास्तविक स्वास्थ्य है। योग के द्वारा शरीर, मन एवं बुद्धि की शुद्धि होती है और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।

योगशास्त्र में योग–साधना के मुख्य रूप से दो भेद स्वीकार किये जाते हैं–राजयोग और हठयोग। राजयोग के अन्तर्गत ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्तियोग एवं ध्यानयोग की गणना की जाती है। हठयोग और राजयोग में घनिष्ठ सम्बन्ध है। हठयोग शारीरिक उन्नति और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रधानता देता है जबकि राजयोग आध्यात्मिक उन्नति को प्रमुखता देता है। हठयोग के आचार्यों ने हठयोग को राजयोग का पूरक माना है। हठप्रदीपिका में कहा गया है कि हठयोग की सारी प्रक्रियायें राजयोग की प्राप्ति के लिये हैं– **केवलं राजयोगाय हठविद्यो पदिश्यते।**[xiii] हठप्रदीपिका में योगसाधना की सफलता के लिये हठयोग और राजयोग दोनों को अनिवार्य माना गया है। हठयोग से शरीर और मन पर नियन्त्रण होता है और राजयोग से आध्यात्मिक उपलब्धियों की प्राप्ति होती है।[xiv]

हठयोग में शारीरिक उन्नति, स्वस्थता, अंग–प्रत्यंगों की दृढ़ता तथा नाड़ी संस्थान पर अधिकार आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस योग में आसन, प्राणायाम और षट्कर्म को बहुत अधिक महत्त्व दिया गया है। हठप्रदीपिका में इस साधना से शरीर में हल्कापन, मुख पर कान्ति, स्वर में माधुर्य, नेत्रों में तेजस्विता, निरोगता, बिन्दु नियन्त्रण, जठराग्नि का प्रदीप्ति होना, नाड़ियों की शुद्धि आदि की प्राप्ति का कथन है–

**वपुःकृषत्वं वदने प्रसन्नता, नादस्फुटत्वं नयने सुनिर्मले।**
**अरोगता बिन्दुजयोऽग्निदीपनं, नाडीविशुद्धिहठसिद्धिलक्षणम्।**[xv]

यहाँ ध्यातव्य है कि जब तक मन और प्राण पर नियन्त्रण नहीं हो जाता है तब तक साधक को मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है। पातंजल योगदर्शन में भी यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार को योग का बहिरंग साधन माना गया है।[xvi] और धारणा, ध्यान और समाधि को अन्तरंग साधन कहा गया है।[xvii] इनमें **यम** और **नियम** नैतिक साधना पर बल देते हैं। आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार के द्वारा साधक को साधना के योग्य बनाने की व्यवस्था है। धारणा, ध्यान और समाधि ये तीनों एकाग्रता के विभिन्न रूप हैं और इनका लक्ष्य चित्तवृत्तियों का निरोध करना है। इस तरह पातंजल योगदर्शन में वर्णित अष्टांग योग 'लक्ष्य' कैवल्य का साधन पक्ष है। पतंजलि ने हठयोग का

वर्णन नहीं किया था किन्तु परवर्ती काल में योगियों ने हठयोग द्वारा कार्य–शोधन और शारीरिक स्वस्थता तथा प्राण एवं मन के नियंत्रण का विधान किया। वस्तुतः तत्त्वज्ञान और मोक्ष के लिये योग अपरिहार्य है। बिना योग के कोई भी आध्यात्मिक साधना नहीं हो सकती है। योगबीज नामक सिद्धों के एक ग्रन्थ में कहा गया है कि यदि देवता भी ज्ञाननिष्ठ, विरक्त, धर्मज्ञ और इन्द्रियजीत हो तो योग के बिना उन्हें भी मोक्ष नहीं मिल सकता है।[xviii] यह कथन योग की सर्वमान्यता को प्रतिपादित करता है।

योगदर्शन को चिकित्सा–शास्त्र नाम से भी अभिहित किया जाता है क्योंकि यह मनुष्यों के दुःखों, क्लेशों और अज्ञानों को दूर करने वाला शास्त्र है। अरबी में दर्शनशास्त्र और चिकित्साशास्त्र दोनों को हिकमत कहते हैं और दोनों के ज्ञाता को 'हकीम' कहते हैं। पाश्चात्य परम्परा में भी दर्शनशास्त्र को आत्मा के स्वास्थ्य का विज्ञान कहा गया है क्योंकि वह आत्मा को स्वास्थ्य प्रदान करता है और उसके क्लेशों को दूर करता है। भारत में यह कार्य योगदर्शन करता है अतः यह चिकित्सा शास्त्र भी है। यह शास्त्र दैहिक, मानसिक और आत्मिक सभी क्लेशों को दूर करता है। और साधक को दैहिक, मानसिक तथा आत्मिक स्वास्थ्य प्रदान करता है। इसी कारण योगदर्शन विश्व का अद्वितीय दर्शन है। स्वास्थ्य के प्रति इसकी उपादेयता को आधार मानकर यह कहा जा सकता है कि योगदर्शन चिकित्सा शास्त्र भी है।

यदि हम सम्पूर्ण योगशास्त्र पर दृष्टिपात करें तो योग की स्वास्थ्य विषयक अवधारणा के अन्तर्गत **युक्त–युक्त आहार–विहार, योगासन, प्राणायाम, षट्कर्म, स्वास्थ्य विषयक मुद्राओं** और **ध्यान** को विशेष रूप से रेखांकित किया जा सकता है। स्वस्थ जीवन की पहली अनिवार्य शर्त है **युक्त–युक्त आहार एवं विहार।** इस तथ्य को भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के **छठें अध्याय** के श्लोक क्रमांक **सत्रह** में बहुत ही सुन्दर ढंग से उद्घाटित किया है–

**युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु।**
**युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।।**[xix]

अर्थात् **दुखों का नाश करने वाला योग** तो युक्त–युक्त आहार–विहार करने वाले, यथायोग्य चेष्टा करने वाले तथा यथायोग्य सोने और जागने वाले का ही सिद्ध होता है। इस श्लोक में **'युक्त'** शब्द ध्यान देने योग्य है। युक्त शब्द के यहाँ तीन अर्थ है– **(1) यथोचित (2) सुविचारित और (3) ईश्वरीय ज्ञान से पूर्ण।** इसी को पातंजल योगदर्शन में **''विवेकख्याति''** पद से अभिहित किया गया है। इसके बिना योग–साधना सम्भव नहीं है।

शारीरिक स्वस्थता के लिये **'योगासन'** अत्यन्त ही उपयोगी है। पतंजलि योगसूत्र में कहा गया है कि आसन सिद्धि के बिना योग की साधना असम्भव है।[गग] आसन सिद्धि के बिना प्राणायाम, ध्यान आदि योग का उत्तरोत्तर अभ्यास सम्भव नहीं है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योगासन शरीर की स्वस्थता एवं निरोगता के उद्देश्य से अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहा है। योगासन से शरीर में स्फूर्ति, सक्रियता और कार्यक्षमता बढ़ती है। शरीर को रोगों से मुक्त करने का योगासन एक उत्कृष्ट माध्यम है। यह एक ओर शारीरिक व्यायाम है तो दूसरी ओर रोग चिकित्सा है। यद्यपि पतंजलि ने योग–सूत्र में आसनों का विस्तार से प्रतिपादन नहीं किया है किन्तु भारतीय योग साहित्य में योगासनों का विस्तार से विवेचन प्राप्त होता है।

स्वामी योगेश्वरानन्द ने अपने ग्रन्थ **'बहिरंग योग'** में योगासनों की संख्या 300 दी है किन्तु सभी आसनों का अभ्यास करना सम्भव नहीं है। अतः आवश्यकतानुसार कतिपय आसनों का चयन अपेक्षित है। शारीरिक एवं मानसिक **'थकान'** को दूर करने के लिये **शवासन** किया जाता है। ध्यान के लिये सबसे उपयुक्त आसन 'सुखासन' है। इससे अजीर्ण, मानसिक रोग आदि में भी लाभ होता है। पाचन शक्ति बढ़ाने के लिये 'वज्रासन' किया जाता है। आसनों में **पद्मासन** श्रेष्ठ माना जाता है, यह शरीर को समस्त व्याधियों से मुक्त रखने में सक्षम है। गैस, आतों के रोग तथा मोटापा दूर करने के लिये **'पवनमुक्त'** आसन की अनुशंसा की गयी है। अजीर्ण, पाण्डुरोग एवं आतों के रोग के लिये **शीर्षासन,** मधुमेह के लिये **जानुशिरासन,** खाँसी, वायुरोग, कब्ज एवं जरारोग के लये **हलासन,** हृदय की दुर्बलता एवं अनिद्रा के लिये **गोमुखासन** आदि आसनों का अभ्यास करना चाहिये। यहाँ ध्यातव्य है कि आसनों का अभ्यास निष्णात् योगी अथवा अनुभवी व्यक्ति की देख–रेख में ही करना चाहिये।

मानव शरीर की संजीवनी शक्ति **'प्राण शक्ति'** के सम्वर्धन का सशक्त साधन **'प्राणायाम'** है। इस जीवनी शक्ति के सम्वर्धन से निरोगता, ओजस्विता, तेजस्विता एवं आत्मिकबल प्राप्त होता है। साथ ही मनोबल, इच्छाशक्ति, स्फूर्ति, जागरुकता, सक्रियता और नवजीवन की प्राप्ति होती है। योगदर्शन में प्राणायाम के महत्त्व को दर्शाते हुए कहा गया है कि प्राणायाम से बढ़कर कोई दूसरा तप नहीं है। इससे सारे मल नष्ट हो जाते हैं और ज्ञानरूपी ज्योति प्रज्वलित हो जाती है– **तपो न परं प्राणायामात्ततो विशुद्धिर्मलानां दीप्तिश्च ज्ञानस्येति।**[xxi]

प्राणायाम से मस्तिष्क की सूक्ष्म और सुप्त शक्तियाँ जागृत होती हैं। फलतः मानस रोग–तनाव आदि नष्ट होते हैं। प्राणायाम से असाध्य रोग भी ठीक हो जाते हैं। इसी आधार पर 'प्राणायाम–चिकित्सा' प्रचलित हुई है। प्राणायाम से नाड़ी संस्थान, पाचन संस्थान, श्वसन संस्थान और रक्त संचार सभी सक्रिय रहते हैं और उनकी कार्यक्षमता बढ़ती है।

स्थिर होकर—श्वास और प्रश्वास की गति को नियमतः रोकना प्राणायाम है। वाह्य वायु को ग्रहण करना **श्वास** है और उदरस्थ वायु का निकालना **प्रश्वास है**। पूरक, कुम्भक एवं रेचक ये तीन प्राणायाम के अंग है। श्वास को अन्दर की ओर नियमपूर्वक खींचना **पूरक** है। श्वास को यथाशक्ति अन्दर रोके रखना **कुम्भक** है तथा श्वास को धीरे—धीरे बाहर निकालना **रेचक** है। **हठयोग प्रदीपिका** में सूर्यभेदन, उज्जायी, सीत्कारी, शीतली, भ्रस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्छा और प्लाविनी इन **आठ प्राणायामों** का विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है[xxii] **स्वामी योगेश्वरानन्द सरस्वती** ने अग्नि प्रदीप्त, अनुलोम—विलोम, नाड़ी—शोधन, प्रच्छर्दन, कपालभाति, सूक्ष्मनाड़ी शोधन आदि 60 प्राणायामों का उल्लेख अपने ग्रन्थ **'वहिरंग योग'** में किया है। **स्वामी रामदेव ने 'प्राणायाम रहस्य'** में भस्त्रिका, कपालभाति, उज्जायी, अनुलोम—विलोम, भ्रामरी, उद्‌गीथ, प्रणव, सूर्यभेदी, शीतली, सीत्कारी, मूर्च्छा, प्लाविनी, केवली, नाड़ीशोधन एवं वाह्य प्राणायाम को रोगोपचार की दृष्टि से उपयोगी माना है।

शरीर शुद्धि के लिये हठप्रदीपिका[xxiii] एवं घेरण्ड संहिता[xxiv] में षट्कर्म का विस्तार से विवेचन है। षट्कर्म के अन्तर्गत धौति, बस्ति, नेति, त्राटक, नौलि, एवं कपालभाति की गणना की जाती है।[xxv] शरीर के अन्दर विद्यमान मल को बाहर निकालने की क्रिया **धौति** है। इससे पेट की गड़बड़ी, अपच, एवं पाचन क्रिया को व्यवस्थित करने में मदद मिलती है।

**बस्ति** क्रिया प्राचीन एनीमा की विधि है। गुदा द्वारा पानी को ऊपर खींचकर बड़ी आँत को धोना बस्तिक्रिया है। इस क्रिया के करने से अजीर्णता की शिकायत नहीं रहती है। नाक और गले की शुद्धि के लिये नेति—क्रिया विशेष उपयोगी है। इसमें **'जलनेति'** और **'सूत्रनेति'** का अभ्यास विशेष उल्लेखनीय है। यह क्रिया नाक से सम्बन्धित रोगों के लिये विशेष लाभप्रद है। एकाग्र चित्त से किसी सूक्ष्म लक्ष्य को देखते रहना **त्राटक** है। त्राटक से मन की चंचलता दूर होकर उसमें एकाग्रता आती है तथा मानसिक तनाव दूर होता है। हठप्रदीपिका का कथन है कि इससे नेत्र रोग दूर होते हैं।[xxvi] नौलि क्रिया में पेट के मध्यभाग में विद्यमान दोनों मांसपेशियों को बाहर निकालकर घुमाया जाता है। अतः इसे नौलि क्रिया कहते हैं। इससे **मन्दाग्नि**, कब्ज, मोटापा, दस्त, पेचिश आदि रोग दूर होते है। **कपालभाति** क्रिया के करने से मस्तक चमकने लगता है इसलिए इसे **कपालभाति कहते हैं**। इसके अभ्यास में आँते एवं नाड़िया शुद्ध होती है तथा यह कुण्डलिनी—जागकरण में सहायक है।

योगशास्त्र में स्वास्थ्य से सम्बन्धित विभिन्न मुद्राओं का विवेचन प्राप्त होता है। हठयोग प्रदीपिका[xxvii] में योग से सम्बद्ध महामुद्रा, खेचरी आदि 10 मुद्राओं का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विषयक — **ज्ञानमुद्रा, अपानमुद्रा, प्राणमुद्रा, वायुमुद्रा, सूर्यमुद्रा, जलमुद्रा या वरुणमुद्रा, पृथ्वीमुद्रा, शून्यमुद्रा, लिंगमुद्रा** आदि का भी विवेचन योगशास्त्र में प्राप्त होता है। उदाहरणार्थ— **'ज्ञानमुद्रा'** पर चर्चा अपेक्षित है क्योंकि इस मुद्रा के अभ्यस से मस्तिष्क की शक्ति बढ़ती है, मन एकाग्र होता है और

स्मरणशक्ति बढ़ती है। इसकी विधि यह है– ध्यान की स्थिति में बैठकर दोनों हाथ घुटनों पर रखें। तर्जनी से अँगूठे के अग्रभाग को मिलावें। शेष तीनों अंगुलियों को खुली रखें। 10 से 20 मिनट तक अभ्यास करें। अंगुलियों से अधिक जोर का दबाव न डाले।

**ध्यान** योग का सर्वश्रेष्ठ साधन है। ध्यान के अभ्यास से स्नायु–तन्त्र प्रभावित होता है ओर स्नायविक तनाव कम होते हैं जिससे शरीर में तनाव से होने वाले रोगों का शमन होता है। साथ ही मानसिक कार्यक्षमता बढ़ती है और साधक का जीवन आनन्द से परिपूर्ण हो जाता है तथा वह जीवन में दिव्य शक्तियों की अनुभूति करता है। ध्यान में एक समय में एक ही ज्ञान बना रहता है। ध्यान की इस प्रक्रिया में पहले स्थूल आलम्बन होता है। साधना के फलस्वरूप जैसे–जैसे हमारा मन सूक्ष्म होता जाता है वैसे–वैसे उसके आलम्बन भी सूक्ष्म से सूक्ष्म होते जाते हैं। जब ध्यान परिपक्व हो जाता है तब निरालम्ब ध्यान किया जाता है। इसमें अद्वैत बुद्धि हो जाती है और शुद्ध चेतना का दर्शन और अनुभव होता है। अतः हमें नित्य ध्यान का अभ्यास करना चाहिये।

इस तरह हम देखते हैं कि योग आत्मोपचार एवं आत्मदर्शन की श्रेष्ठ आध्यात्मिक विद्या है। यह व्यक्तित्व को वामन से विराट बनाने का सशक्त माध्यम है। साथ ही यह एक उत्तम चिकित्सा पद्धति है जो शारीरिक एवं मानसिक व्याधि को निर्मूल करती है। योग एलोपैथी की तरह कोई लाक्षणिक चिकित्सा नहीं है अपितु यह रोगों के मूल कारण को दूर कर हमें आन्तरिक स्वस्थता प्रदान करता है। अतः आधुनिक युग में योगविद्या को पूर्णनिष्ठा से अपनाने की आवश्यकता है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

---


i वृहद्योगियाज्ञवल्क्य स्मृति, 12.5

ii योग सूत्र, 1.2

iii योग सूत्र, 1.6

iv योग सूत्र, 2.29

v योग सूत्र, 2.30

vi योग सूत्र, 2.32

vii योग सूत्र, 2.46

viii योग सूत्र, 2.49

ix योग सूत्र, 2.54

x योग सूत्र, 3.1

xi योग सूत्र, 3.2

xii योग सूत्र, 3.3

xiii हठ0 1.2
xiv हठ0 2.76
xv हठ0 2.78
xvi योग सूत्र, विभूतिपाद के प्रारम्भ में व्यासभाष्य
xvii योग सूत्र 3.7
xviii प्रो0 संगमलाल पाण्डेय, भारतीय दर्शन का सर्वेक्षण, पृ0 22
xix गीता 6.17
xx योग सूत्र 2.49 पर व्यास भाष्य।
xxi योग सूत्र 2.52 पर व्यास भाष्य।
xxii हठ0 2.44
xxiii हठ0 2.22–37
xxiv घेरण्ड, 1.12.59
xxv हठ0 2.22
xxvi हठ0 2.33
xxvii हठ0 3.6

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# रवीन्द्रनाथ टैगोर के साहित्य में स्त्री, समाज और राष्ट्र

डॉ0 रुचि पाण्डेय
एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत, आगरा कॉलेज, आगरा, उत्तर प्रदेश।

**Article Info**
Volume 3 Issue 4
Page Number : 76-78
**Publication Issue :**
July-August-2020
**Article History**
Accepted : 10 July 2020
Published : 20 July 2020

**सारांश**—मानव से समाज, समाज से राष्ट्र और राष्ट्र से विश्व बनता है। इसलिए विश्व कल्याण के लिए ''मानव'' को अकेले ही चलना होगा। उनका यह गीत ''एकला चलोरे'' सम्बन्धतः इन्हीं भावों को अभिव्यक्त करता है।

**मुख्य शब्द**—रवीन्द्रनाथ,टैगोर, साहित्य, स्त्री, समाज, राष्ट्र।

**उपेयुषामपि दिवं सन्निबन्धविधायिनाम् ।**
**आस्त एव निरातर्किन्त काव्यमयं वपुः ।।**

**भामह कृत काव्यालंकार ।। 6।।** अर्थात् सत्काव्य का निबन्धन करने वालों के (इस संसार से) दिवंगत हो जाने पर भी उनका सुन्दर काव्यमय शरीर तो आतंकों से रहित (इस संसार) में रहता ही है।

उक्त लक्षण गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर और उनके साहित्य पर पूर्णरूपेण लक्षित होता है। वे आज भी अपने विश्वविख्यात साहित्य द्वारा कीर्तिस्वरूप हमारे मध्य प्रत्यक्ष है।

व्यक्तित्व; महात्मा गाँधी द्वारा प्रदत्त 'गुरुदेव' की उपाधि से समादृत उन्होंने, साहित्य की विभिन्न विधाओं चित्र, संगीत, काव्य–कथा निबन्ध, उपन्यास आदि के माध्यम से विचारों को अभिव्यक्ति प्रदान की। किसी साहित्य के सृजन में, स्थान, वातावरण और परिवेश तथा कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है, जिसका प्रभाव टैगोर की कृतियों में स्पष्ट पारिलक्षित होता है। गुरुदेव ने जिस परिवार में जन्म लिया, वह अपनी कलाप्रियता, विद्या–व्यवसन व संगीत प्रेम के लिए विख्यात था। यही कारण है कि टैगोर के साहित्य में नारी, परिवार, समाज और राष्ट्र का साकार स्वरूप दृष्टिगोचर होता है।

टैगोर विश्वकवि थे। एक महाकवि होने के कारण उन्होंने भावों और संवेगों के दमन का परामर्श न देकर, मानवीय शक्तियों में सामंजस्य रखते हुए समाज व राष्ट्र के विकास का समर्थन किया है। प्रेम सर्वोपरि है। सृष्टि में सामंजस्य है, अतः व्यक्तित्व में भी सामंजस्य होना चाहिए। वे समाज व राष्ट्र के पुनरुत्थान के लिए इसी आधार को स्थापित करते हैं। कहानियों में नारी पात्र–स्त्री पात्रों के वर्णन में रचनाकार ने नारी के अस्तित्व, स्वाभिमान को कहीं आहत नहीं किया है। उन्होंने नारी के विभिन्न रूपों (माँ, बहिन, प्रेमिका, पत्नी, सेविका) को अपनी तूलिका से उकेरा है। नारी–स्वभाव, नारी–संवेदना, नारी–सौदर्य कुछ भी गुरुदेव की लेखनी से अछूता नही रहा है।

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

'अन्तिम प्यार'' कहानी में माँ की संवेदना की अभिव्यक्ति हो या पिंजर कहानी में स्थूल रूप से भावनाओं को अभिव्यक्त न कर पाने की पीड़ा लिए सूक्ष्म रूप (पिंजर) में व्यक्त करने वाली यह अनाम नायिका, 'गूँगी' कहानी की वाणी विहीन सुभाषिणी हो या ''खोया हुआ मोती'' की ''मनिमलिका'', भिखारिन हो, ''पाषाणी'' कहानी की ''मृगमयी'' प्रकृतिप्रदत्त नारी की सरलता, सहजता, प्रेम से अनभिज्ञता को अभिव्यक्ति कर हृदय में स्थान बना ही लेती है।

नारी की ऐसी मनोदशा का चित्रण, हृदय की गहराइयों में उतरकर मर्म को छू जाता है। भले ही आत्मा का वर्चस्व हो या न हो, हृदयगत भाव किसी न किसी रूप में साकार हो ही उठते हैं। गुरुदेव के साहित्य (कहानी आदि) में महाकवि कालिदास का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। कालिदास के सहश गुरुदेव का प्रकृति प्रेम, मानवीय संवेदनाओं से अछूता नही है। उनके उपमान, उसी स्थान व परिवेश से ग्रहण किये गये हैं, मात्र कल्पनाओं के सृजन या उड़ानों से नहीं। प्रकृति और नारी, एक दूसरे की पूरक है। प्रकृति की कोमलता, सरसता, नारी की हृदयगत रसता ही तो है।

समाज; समाज से राष्ट्र बनता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर वे भारतीय सभ्यता और संस्कृति के लिए प्रयासरत थे। अन्धविश्वास की बेड़ियों से विकास सम्भव नहीं है। अतः वे इस जकड़नों से भरे समाज को मुक्त करना चाहते थे। जिस समय गुरुदेव ने भारतीय वसुन्धरा पर नेत्रोन्मीलन किया, उस समय भारत परतन्त्रता के पूर्ण काल में गमन कर रहा था। इन्हीं कारणों से जो उनके बालमन पर अंकित हुआ, उस अपनी रचनाओं में उकेर दिया। उदाहरणार्थ–जून–जुलाई 1901 में प्रणीत ''नैवेद्य'' नामक शीर्षक गीत : –

**ए दुर्भाग्य देश हते, हे मंगलमय**
**दूर करे दाओ, तुमि, सर्व तुच्छभय**

राष्ट्र; रवीन्द्र नाथ टैगोर के साहित्य में ''राष्ट्रवाद'' महत्वपूर्ण बिन्दु से उठकर ''वसुधैव कुटुम्बकम'' के रूप में स्थापित हुआ। उन्होंने अपने साहित्य में राष्ट्रीय विकास व सुधार के लिए गाँवों को प्रमुखता दी। उनकी दृष्टि में राष्ट्र सेवा का प्रमुख कार्य ग्रांम सेवा है।

निराला जी की ये पंक्तियाँ–''हे ग्राम देवता ! नमस्कार ! सोने–चाँदी से नहीं किन्तु तुमने मिट्टी से किया प्यार में निहित भाव गुरुदेव के ग्रामप्रेम को ही अभिव्यक्ति करते हैं।

वे जानते थे कि ईश्वर वहाँ मिलेगा जहाँ किसान हल जोत रहा हो। गाँवों और शहरों की दूरियाँ को मिटाना सर्वोपरि है। यही कारण है कि उनकी कहानियों, कथाओं व उपन्यासों के नायक ग्रामीण अंचल में रहते हुए, कई बार कलकत्ता, पूना, नागपुर आदि शहरों में जीविकोपार्जन के लिए गये हैं लेकिन पुनः गाँवों की ओर लौटे हैं। राष्ट्र के विकास का स्वप्न आँखों में संजोए वे प्राच्य रहन–सहन व चिन्तन को पाश्चात्य विज्ञान से जोड़ कर देखते थे। व्यक्ति का सम्मान और उसकी स्वतंत्रता परमावश्यक है। धर्म, भाषा, जाति, लिंग के आधार पर भेदभाव करने से राष्ट्र का विकास नहीं हो सकता। यही कारण है कि त्याग–नामक कहानी में पिता के कठोर आदेश के पश्चात् नायक हेमन्त अपनी पत्नी कुसुम को त्याग नहीं पाता और इसके लिए आवश्यक है कि मानव कल्याण को महत्त्व दिया जाये। वे पूर्णतः मानवतावादी थे। उन्हीं का कथन ''इसके साथ ही मानव कल्याण के प्रति भी मुझे लालसा रही तथा स्वाभाविक रूप से मैं अपने ढंग से अभिव्यक्ति देता रहा हूँ।''

उनकी देशभक्ति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बाधक नहीं है। ''जन–गण–मन'' तथा ''आमार सोरान बांगला'' गीत उनके राष्ट्र प्रेम को अभिव्यक्त करते हैं।

मानव से समाज, समाज से राष्ट्र और राष्ट्र से विश्व बनता है। इसलिए विश्व कल्याण के लिए ''मानव'' को अकेले ही चलना होगा। उनका यह गीत ''एकला चलोरे'' सम्बन्धतः इन्हीं भावों को अभिव्यक्त करता है—

**जब वे तुम्हारी पुकार न सुनें,**
**एकला चलो रे।।**
**जब कोई तुमसे कुछ ना कहे, अरे अभागे,**
**जब सब तुमसे मुँह फेर ले व भयभीत हो,**
**तब अपने अन्दर झाँको।**
**अरे अपने मुँह से अपनी बात एकला बोलो रे,**
**जब सुब दूर चले जाएँ, अरे अभागे**
**जब कंटीले पथ पर कोई तुम्हारा साथ न दे।**
**तब अपने पथ पर**
**काँटों को अकेले ही पद—दलित करो रे**
**जब कोई प्रकाश न करें, अरे अभागे,**
**जब रात काली और तूफानी हो**
**तब अपने ह्रदय की पीड़ा के आगोश में**
**अकेले जलो रे**
**एकला चलो ! एकला चलो ! एकला चलो रे !**

## अनुक्रमणिका

1. काव्यालंकार—भामह।
2. रवीन्द्रनाथ टैगोर की कहानियाँ।
3. गीतांजलि—रवीन्द्रनाथ टैगोर

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# 21 वीं सदी के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक हेतु अपेक्षित दक्षताएँ

**ममता**
असि. प्रोफेसर, शिक्षापीठ
श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालय, नवदेहली

**शोधसारांश–** अन्त में यही कहा जा सकता है कि आज शिक्षक और विद्यार्थी दोनों अपना दायित्व व अधिकार का उचित प्रयोग करे, शिक्षा की दिशा और दशा तभी ठीक हो सकती है शिक्षक अपने आप में दक्ष है और उसका प्रयोग भी करता है परन्तु क्या ऐसा वातावरण है जो उसकी दक्षता का परिचय दे सकें। शिक्षकों का मानवीय संवर्द्धन के लिए उसको स्वतन्त्रता देनी चाहिए। व्यावसायिक संवर्द्धन की जगह मानवीय दायित्व संवर्द्धन पर बल देना चाहिए।

**मुख्य शब्दः–** शिक्षक, विद्यार्थि, मानवीय, शिक्षा, दक्षता ।

शिक्षा कभी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया है। यह मनुष्य के जीवन से सभी पक्षों में समाहित होती है। शिक्षा ही एक ऐसा साधन है, जिससे साध्य की प्राप्ति की जा सकती है। शिक्षा साधन एवं साध्य दोनों रूपों में परिलक्षित होती है। समाज में परिवर्तन का कारण ही शिक्षा है। संगठन के आधार पर शिक्षा को तीन प्रकार से बाँटा जा सकता है। i) औपचारिक शिक्षा ii) अनौपचारिक शिक्षा iii) निरौपचारिक शिक्षा तीनों प्रकार की शिक्षा पारस्परिक अभिन्न है। भारतीय शिक्षा व्यवस्था में औपचारिक शिक्षा के पाँच स्तर है – प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्च शिक्षा। उच्च शिक्षा से सम्बन्धित उद्देश्यों को सबसे पहले विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948–49) में बताएँ हैं–

- उच्च शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ऐसे नागरिकों को तैयार करना है जो राजनीति, प्रशासन, उद्योग, व्यवसाय और वाणिज्य के क्षेत्र में नेतृत्व करें।
- देश की संस्कृति एवं सभ्यता का विकास करना।
- व्यक्ति के जन्मजात गुणों की खोज करना तथा प्रशिक्षण द्वारा उनका विकास करना।
- समस्त प्रकार के ज्ञानार्जन के अवसर प्रदान करना।
- ऐसे व्यक्तियों का निर्माण करना जो प्रजातंत्र को सफल बनाने के लिए शिक्षा का प्रयास करें। न्याय एवं वैयक्तिक स्वतंत्रता की रक्षा करें।
- मौलिक विचारों आविष्कारों तथा शोधों के माध्यम से समाज को शक्तिशाली तथा गतिमान बनाना।
- विद्यार्थियों में नैतिक गुणों, अनुशासन और विवेकशील व्यवहार को जन्म देना तथा विकसित करना।
- ऐसी विचारधाराओं का जन्म देना जो विश्व प्रेम और विश्वशांति को शक्ति प्रदान करें।

कोठारी आयोग ने भी उच्च शिक्षा के उद्देश्यों पर विचार विमर्श किया। इस आयोग के अनुसार उच्च शिक्षा के उद्देश्य इस प्रकार है –

- नवीन ज्ञान की खोज करना, सत्य की प्राप्ति के लिए निर्भय होकर कार्य करना तथा नवीन आवश्यकताओं व अन्वेषकों के सन्दर्भ में प्राचीन ज्ञान का विश्लेषण करना।
- जीवन के सभी क्षेत्रों में उचित नेतृत्व प्रदान करना। इसके लिए प्रतिभाशाली युवकों को खोजकर उनमें मानसिक शक्ति, अभिरुचि, सुप्रवृत्ति एवं नैतिकता विकसित करना।
- कृषि, कला, चिकित्सा विज्ञान व तकनीकी तथा अन्य व्यवसायों में निपुण व प्रशिक्षित नागरिक तैयार करना।
- शिक्षा के द्वारा समानता व सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना तथा सांस्कृतिक व सामाजिक विभिन्नताओं को कम करना।
- अध्यापकों तथा छात्रों में एवं उनके माध्यम से समस्त समाज में सत् जीवन के लिए आवश्यक मूल्य विकसित करना ।

सिंह एवं साथियों (1986) ने उच्च शिक्षा के निम्न पाँच उद्देश्य बताएँ हैं –

i. सम्बन्धित विषय का गहराई से ज्ञान प्रदान करना।
ii. विश्लेषणात्मक एवं आलोचनात्मक योग्यता।
iii. व्यावसायिक कौशलों का विकास करना।
iv. प्राप्त ज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ना एवं उपयोग करने की क्षमता विकसित करना।
v. सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सौन्दर्यात्मक मूल्यों का विकास करना ।

आज 21वीं सदी में उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अध्यापक शैक्षिक पद्धति का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं सक्रिय घटक होता है। शिक्षा पद्धति की सफलता उसके गुणों
पर आश्रित रहती है। उच्च शिक्षा का अध्यापक कैसा हो? अच्छा अध्यापक एवं आदर्श अध्यापक कैसा होना चाहिए? अध्यापक में कौन-कौन से गुण होने चाहिए? इत्यादि प्रश्नों का उत्तर यदि है तो आज के सन्दर्भ में 'दक्ष अध्यापक' है। अर्थात् उद्देश्य की पूर्ति अध्यापक की दक्षता पर निर्भर करता है।

अध्यापक, विद्यार्थी एवं अध्यापन शैक्षिक प्रक्रिया के मुख्य घटक है। अध्यापन विद्यार्थियों एवं अध्यापक के मध्य अन्तर्क्रिया से प्रारम्भ होता है, अत: इसे शैक्षिक प्रक्रिया का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलू माना जाता है। हमारे देश में प्रारम्भ में शिक्षा गुरुकुल पद्धति द्वारा गुरु अपने शिष्यों को अनेक कार्यों में संलग्न करते थे। इसी आधार पर शिष्यों की अभिक्षमताओं की परख कर उन्हें तदनुसार शिक्षा देते थे। परन्तु आज अध्यापन की संकल्पना अधिक व्यापक है। आज अध्यापन में अधिगम एवं विद्यार्थी तथा अध्यापक, सहपाठी तथा अभिभावकों के मध्य अन्तर्क्रिया शामिल हैं। कोठारी शिक्षा आयोग (1964-66) ने अध्यापन कार्य में सुधार के अन्तर्गत बताया है कि "उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में जिन सुधारों की आवश्यकता है उनमें एक महत्त्वपूर्ण सुधार अध्यापन का सुधार है। कक्षाओं में औपचारिक सम्पर्क पर छात्र और अध्यापक दोनों की आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत करते हैं जिसका नतीजा यह होता है कि छात्रों को स्वतंत्र अध्ययन का उतना मौका नहीं मिल पाता और अध्यापकों को अपना व्याख्यान तैयार करने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलता।

यदि विश्वविद्यालय के अध्ययन में गुणवत्ता लानी है तो कुछ परिवर्तन करने होंगे –

- पाठ्यक्रमों में नम्यता रखी जाए और छात्रों को चुनाव की अधिक स्वतंत्रता दी जाए।

- औपचारिक शिक्षा की मात्रा में काफी कमी कर दी जाए और उसी के अनुपात में उपशिक्षण अनुशिक्षकीय कार्य, विचार विनिमय टोलियों, गोष्ठियों और स्वतंत्र अध्ययन के कार्यों को बढ़ावा दिया जाए।
- अध्ययन के स्वरूप में ऐसा परिवर्तन किया जाए कि रट्टेबाजी की आदत छूटे और जिज्ञासा समस्या समाधान की योग्यता तथा मौलिकता को बल मिले। मौलिकता का विकास करने के लिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में दक्ष शिक्षकों की आवश्यकता है। दक्षता के लिए शिक्षक के व्यवहार में दो तत्त्व का होना आवश्यक है। प्रथम योग्यता तथा द्वितीय इच्छाशक्ति।




यदि अध्यापक इन तत्त्वों से युक्त होकर अध्यापन कार्य कक्षा में शैक्षिक प्रक्रिया के अन्तर्गत करेंगे तो विद्यार्थी अपने जीवन में मौलिकता का विकास अपने कर सकता है। प्रत्येक लक्ष्य के सोपान होते हैं। यदि Willingness की ओर जाना है तो Ability पहला सोपान है। यदि Ability को देखा जाय उसमें भी सोपान है – प्रथम सोपान ज्ञान द्वितीय Skill और इन दोनों का प्रयोग कर अनुभव प्राप्त होता है। उस अनुभव से यह ज्ञात होता है कि अभी कहाँ और परिवर्तन करने की आवश्यकता है और ये चक्र जीवन भर चलता रहता है। Ability से Willingness पर पहुँचते हैं। Ability में संवर्द्धन कर Willingness की वृद्धि कर सकते हैं। Willingness से अध्यापक आत्मविश्वास से युक्त होकर प्रतिबद्ध तरीके से प्रेरक के कार्य से अपने लक्ष्य को कार्य में परिणति कर सकता है।

अत: इन दोनों तत्वों पर आधारित इस प्रपत्र में उच्च शिक्षा शिक्षक हेतु कुछ दक्षताओं के बारे में वर्णन किया जा रहा है, जो इस प्रकार है –



**व्यावसायिक प्रतिबद्धता -** व्यावसायिक विकास हेतु व्यावसायिक प्रतिबद्धता होना आवश्यक है। इसका केन्द्र बिन्दु शिक्षक ही होता है क्योंकि प्रत्येक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय का अपना विजन और मिशन होता है। उस विजन और मिशन को क्रिया में बदलने का मुख्य दायित्व शिक्षकों का होता है। उसको क्रिया में परिवर्तन करने के लिए शिक्षक नेतृत्व करता है। व्यावसायिक प्रतिबद्धता के बिना न ही शिक्षा को गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण हो सकता है।

**विषय वस्तु को वर्तमान ज्ञान से जोड़ना** – प्रत्येक विषय वस्तु से सम्बन्धित ज्ञान में वृद्धि होती रहती है। आज उच्च शिक्षा में शोध पर बल दिया जा रहा है। इन शोधों के आधार पर ज्ञान में नवीन ज्ञान जुड़ते रहते हैं। नवीन ज्ञान के आधार पर ही उस विषय वस्तु की उपयोगिता सिद्ध होती है। छात्रों की रुचि में वृद्धि के लिए नवीन ज्ञान से सम्बन्धित विषयवस्तु को अधिगम उद्देश्यों में रखने पर बल देना चाहिए।

**अधिगम उद्देश्यों का निर्माण** – शिक्षकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है कि प्रत्येक कक्षा  किन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अध्यापक, विद्यार्थी एवं अध्यापन ये घटक एक निर्धारित समय पर एकत्रित हुए हैं। अर्थात् सबसे पहले उद्देश्य स्पष्ट एवं व्यवस्थित होने चाहिए। अधिगम उद्देश्य के निर्माण करते समय यह भी ध्यान देना होगा कि क्या वे उद्देश्य केवल ज्ञान स्तर पर आधारित है? या बोध स्तर पर या अनुप्रयोग स्तर पर। यदि इन तीनों स्तर पर ही आधारित है तो छात्रों में केवल निम्न स्तर चिन्तन (Lot) ही विकसित हो पायेगा। अगर उद्देश्य विश्लेषण–संश्लेषण मूल्यांकन स्तर आधारित होगा (Hot) तो छात्र में उच्च स्तर चिन्तन विकसित होगा।

**उद्देश्य सम्बन्धित विधि एवं मूल्यांकन की योजना पर बल** – अधिगम उद्देश्यों का निर्माण करने के पश्चात् उसकी पूर्ति हेतु उचित विधि का भी प्रयोग करना चाहिए। उच्च शिक्षा में केवल व्याख्यान विधि का ज्यादातर प्रयोग किया जाता है। परन्तु आज के समय में केवल व्याख्यान विधि से हो उद्देश्य पूर्ति नहीं हो सकती है। क्योंकि आज का विद्यार्थी केवल निष्क्रिय रूप में नहीं बैठता बल्कि सक्रिय रूप में बैठता है। अत: शिक्षकों को अनेक विधियों के प्रयोग में दक्ष होना चाहिए। उद्देश्य की पूर्ति हेतु उचित विधि का प्रयोग सही दिशा में विकास के लिए सम्भावना में वृद्धि होती है।

**संरचनावाद 5Es पर बल** – उच्च शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन तीव्र गति से बढ़ रहा है। और गुणात्मक पक्ष पर अधिक बल दिया जा रहा है। संरचनावाद में छात्र को क्रिया आधारित सक्रिय बनाकर स्वयं करके सीखें। इस संरचनावाद के द्वारा स्वयं करके सीखने पर ज्यादा बल दिया गया है। Engage - Explore - Explain - Elaborate - Evaluation ये संरचनावाद के 5 घटक है जिनमें विद्यार्थी केन्द्रित शिक्षा पर बल दिया जाता है।

**कौशल- दक्षता** – कौशल युक्त शिक्षक ही कुशल अध्यापक है। शिक्षक के लिए दो कौशल में कुशल होना चाहिए। प्रथम शिक्षण कौशल द्वितीय व्यावसायिक कौशल। प्रथम शिक्षण कौशल में ही उच्च शिक्षा के विद्यार्थी को कुशल बनाया जा सकता है। शिक्षण कौशल में उद्देश्य योजना से लेकर मूल्यांकन तक प्रत्येक कदम नये नये कौशल का प्रयोग किया जाता है। यथा – प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, उदाहरण कौशल, प्रश्नोत्तर कौशल, ग्रहण कौशल, उद्दीपन कौशल, श्यामपट्ट कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, अनुवाद कौशल, प्रबन्धन कौशल इत्यादि कौशल के प्रयोग में शिक्षक को दक्ष होना चाहिए। कुशल शिक्षक ही कुशल छात्र का निर्माण कर सकता है।

**विद्यार्थी केन्द्रित अधिगम वातावरण बनाना** – कक्षा का वातारण विद्यार्थी केन्द्रित होना चाहिए। परन्तु शिक्षक अपने नेतृत्व से अधिगम को पूर्ति कराने में समर्थ होगा। विद्यार्थी केन्द्रित का अर्थ है ऐसी कक्षा जहाँ ऐसा वातावरण हो सहजता पर आधारित हो, क्रिया आधारित हो। सहजता से उसके विचारों को सुनना और उसके विचारों में वृद्धि करना या परिवर्तन करना।

**मूल्य आधारित शिक्षा** – शिक्षा आज मूल्य से कहीं दूर हो चुकी है। बिना मूल्य के कोई भी शिक्षा टिक नहीं सकती। आज शिक्षा की स्थिति जो है उसका कारण यही है कि उसमें मूल्य नहीं। मूल्य का तात्पर्य वह शिक्षा क्यों है, उसका उपयोग क्या है और इसकी आवश्यकता क्यों है? इन सबका आधार मूल्य ही है।

**कौशल विकास** – आज के सन्दर्भ में कुशल होने की आवश्यकता है अब प्रश्न उठता है कि हम किस कुशलता की बात कर रहे हैं, इसका आधार क्या है। क्या नवीन तकनीकी ही इसका आधार है? या चिन्तन में वृद्धि इसका आधार है। कौशल विकास के द्वारा अध्यापक तकनीकी साधन से साध्य की प्राप्ति हो। विकास स्तर कक्षा में चार वर्गों में बाँटा जा सकता है –

| | $D_1$ | $D_2$ | $D_3$ | $D_4$ |
|---|---|---|---|---|
| Ability | Can not do | Can not do | Can do | Can do |
| Willingness | Will not do | Will do | Will not do | Will do |

इन वर्गों के लिए क्या-क्या युक्तियाँ प्रयोग कर सकते हैं। ये चुनौती है।

**नेतृत्व का विकास** – अध्यापक विद्यार्थी में नेतृत्व की क्षमता का विकास करें। यह कक्षा की नयी चुनौती है। नेतृत्व दो प्रकार से विद्यार्थी कर सकते हैं। प्रथम अपने स्थान पर निर्णय ले सके तथा अपने राष्ट्र के विषय में भी नेतृत्व कर सके।

**गुणात्मक शोध पर बल** – मात्रात्मक शोध केवल यह निर्देश करता है कि समस्या क्या हैं, कहाँ है और कितना है। परन्तु गुणात्मक शोध से उस समस्या का समाधान कैसे हो यह गति प्रदान करता है। दोनों प्रकार के शोध अन्योन्याश्रित है। शिक्षकों को गुणात्मक शोध पर अधिक बल देना चाहिए।

**शैक्षणिक विकास** – अध्यापक समयानुसार परिवर्तन की आवश्यकता को देखकर शिक्षा से सम्बन्धित विकास कार्यक्रम में प्रतिभाग ले। FIP, TLC, NRC आदि कार्यक्रमों में प्रतिभाग लेकर अपनी शिक्षा में वृद्धि करनी चाहिए।

**गुणात्मक एवं स्वमूल्यांकन पर बल** – अध्यापकों को स्वमूल्यांकन हमेशा करते रहना चाहिए। पर समस्या यह है अध्यापक का मूल्यांकन आज कोई नहीं कर रहा है आत यही है कि समस्या किसी और की समाधान कोई और निकाल रहा है।

**निष्कर्ष** – अन्त में यही कहा जा सकता है कि आज शिक्षक और विद्यार्थी दोनों अपना दायित्व व अधिकार का उचित प्रयोग करे, शिक्षा की दिशा और दशा तभी ठीक हो सकती है शिक्षक अपने आप में दक्ष है और उसका प्रयोग भी करता है परन्तु क्या ऐसा वातावरण है जो उसकी दक्षता का परिचय दे सकें। शिक्षकों का मानवीय संवर्द्धन के लिए उसको स्वतन्त्रता देनी चाहिए। व्यावसायिक संवर्द्धन की जगह मानवीय दायित्व संवर्द्धन पर बल देना चाहिए।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. Pandey K.P. (2005) शिक्षा के दार्शनिक एवं सामाजिक आधार, विश्वविद्यालय प्रकाशन, पो. बॉ. 1149, वाराणसी।
2. पाल, हंसराज (2015) उच्च शिक्षा में अध्यापन एवं प्रशिक्षण की प्रविधियाँ, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय।
3. गुप्ता, एस.पी. (2005) भारतीय शिक्षा का इतिहास, विकास एवं समस्यायें, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
5. लाल, रमन बिहारी (2017-18) – शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज-शास्त्रीय आधार, आर. लाल, बुक डिपो, मेरठ।
6. ओड, एल. के. (2010) – शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि (तेरहवाँ संस्करण)।
7. पाण्डेय, रामशकल (2009) – पाश्चात्य एवं भारतीय शिक्षा दर्शन, R. Lal Book डिपो, मेरठ।

# ज्ञानशौर्यम्

## Publisher

Technoscience Academy

(The International open Access Publisher)

Website : www.technoscienceacademy.com

Email : editor@gisrrj.com   Website : http://gisrrj.com